राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र


# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 मल्टीटैलेंटेड मुक्ति मोहनः अभिनय, नृत्य...



नीरव मोदी को लंदन कोर्ट ... 12

गाजियाबाद, गुरुवार 25 जून 2026 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 13 अंकः 108, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

## न्यूज डायरी

### अभिनेता प्रकाश राज के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी

**बेंगलुरु (आरएनएस)।** कर्नाटक में बेंगलुरु की एक कोर्ट ने अभिनेता प्रकाश राज के खिलाफ गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी किया है। उन पर आरोप है कि उन्होंने विभिन्न राज्यों के कई विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता के रूप में अपना नाम दर्ज कराया है और अपने चुनावी हलफनामे में उन विवरणों को छिपाया था। बेंगलुरु की अतिरिक्त



मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट ने अभिनेता के खिलाफ 3 बार एनबीडब्ल्यू जारी किया है, क्योंकि उन्हें समन नहीं भेजा जा सका था। बार एंड बेंच के मुताबिक, कोर्ट ने 17 मार्च 2026 को निर्देश दिया था, शिकायतकर्ता के वकील उपस्थित हैं। बेंगलुरु के पुलिस आयुक्त के माध्यम से आरोपी को पुनः समन जारी करें। इसके बाद कोई जवाब न आने पर 17 अप्रैल को कोर्ट को पता चला कि प्रकाश राज ने वो घर खाली कर दिया है, जहां समन भेजने का प्रयास हो रहा था। इसके बाद 12 जून को दोबारा वारंट जारी हुआ। मामले की सुनवाई 25 जुलाई को होगी। बेंगलुरु के निवासी के दिलीप कुमार ने एक निजी शिकायत दायर कर बताया कि प्रकाश राज ने 2019 में बेंगलुरु सेंट्रल से लोकसभा चुनाव लड़ते समय 22 मार्च को चुनावी हलफनामा दाखिल किया था। इसमें बताया कि उनका नाम बेंगलुरु के शांतिनगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में है, जबकि शिकायतकर्ता का कहना है कि उनका नाम एक ही समय में 3 अन्य मतदाता सूचियों में था। इसमें चेन्नई स्थित वेलाचेरी विधानसभा और तेलंगाना का सेरिलिंगमपल्ली विधानसभा शामिल है।

### जागृति विहार में मीट दुकानों पर कार्रवाई बरकरार, हाईकोर्ट ने याचिका की खारिज

**गाजियाबाद।** जागृति विहार निवासी एवं प्राचीन शिव मंदिर कमेटी द्वारा लंबे समय से रिहायशी क्षेत्र और मंदिर के सामने संचालित मीट की दुकानों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को बड़ी सफलता मिली है। कमेटी और स्थानीय निवासियों की शिकायतों पर शासन-प्रशासन ने जांच कर संबंधित दुकानों के लाइसेंस निलंबित किए थे, लेकिन आरोप है कि इसके बावजूद दुकानदारों द्वारा पशुओं की कटाई का कार्य जारी रखा गया। इस संबंध में प्राचीन शिव मंदिर कमेटी एवं क्षेत्रवासियों ने प्रशासन को दोबारा स्थिति से अवगत कराया, जिसके बाद प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए संबंधित दुकानों को सील कर दिया। दुकान संचालकों ने प्रशासनिक कार्रवाई को चुनौती देते हुए माननीय उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया, लेकिन न्यायालय ने उनकी याचिका (रिट) को खारिज कर दिया। हाईकोर्ट के इस निर्णय के बाद स्थानीय निवासियों और मंदिर कमेटी ने संतोष व्यक्त किया है। प्राचीन शिव मंदिर कमेटी एवं जागृति विहार के निवासियों का कहना है कि वे क्षेत्र की धार्मिक भावनाओं, स्वच्छता और कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए लंबे समय से इस मुद्दे को उठा रहे थे। हाईकोर्ट के फैसले से क्षेत्रवासियों को राहत मिली है।

### भारत ने एवरेस्ट पर्वतारोही ग्रीन बूट्स की पहचान की, शव वापस लाने के लिए मिशन की तैयारी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत तीन दशकों से ग्रीन बूट्स के नाम से मशहूर एवरेस्ट पर्वतारोही के अवशेष बरामद करने के लिए एक मिशन की तैयारी कर रहा है. डीएनए टेस्टिंग से पता चला है कि वह एक भारतीय सैनिक था। सूत्रों को मिले डॉक्यूमेंट्स से यह पता चला है। बर्फ में जमा हुआ यह शव एवरेस्ट पर आसानी से पहचाने जाने योग्य स्थलचिह्न में से एक बन गया है, जो नेपाल और तिब्बत की सीमा पर है। यह शव, जिसका नाम पर्वतारोही के पहने हुए खास लाइम-कलर बूट्स के नाम पर रखा गया है, मई 1996 से लगभग 8,500 मीटर (27,887 फीट) की ऊंचाई पर एक गुफा में पड़ा है, जब दुनिया के सबसे ऊंचे पहाड़ पर एक भयानक बर्फीले तूफान में आठ पर्वतारोहियों की मौत हो गई थी। लंबे समय तक माना जा रहा था कि पर्वतारोही की पहचान भारतीय सुरक्षा बल इंडो-तिब्बत बॉर्डर पुलिस (आईटीबीपी) के त्सेवांग पलजोर के तौर पर हुई है. इसके बजाय, आईटीबीपी ने कहा कि उसने पुष्टि की है कि यह पलजोर का सहकर्मी, दोर्जे मोरुप था, जो एवरेस्ट की कठिन चढ़ाई पर पलजोर के दो साथियों में से एक था। आईटीबीपी ने रिट्रीवल ऑपरेशन (बचाव अभियान) के लिए बोलियों के लिए एक टेंडर निकाला है, जिसमें कहा गया है कि उसने 2024 में किए गए पहले की सत्यापन प्रक्रिया से पुष्टि की थी कि यह मोरुप थ।

# गुजरात के राजकोट में फांसी से लटकी मिलीं आप नेता, लिव-इन पार्टनर पर हत्या का शक

**राजकोट (आरएनएस)।** गुजरात के राजकोट में एक 23 वर्षीय युवती का शव उनके फ्लैट में मिलने से सनसनी फैल गई है। उनकी पहचान नंदनी आनंदभाई बोसमिया के रूप में हुई है, जो आम आदमी पार्टी (आप) की नेता थीं।



रिपोर्ट के मुताबिक, नंदिनी का शव राजकोट के गोंडल चौकड़ी के पास आगमन सिटी स्थित उनके फ्लैट में फांसी से लटका मिला है। नंदिनी यहां लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही थीं। उनके परिवार ने प्रेमी पर हत्या का आरोप लगाया है। परिवार के लोगों ने बताया कि वह नंदिनी को संपर्क कर रहे थे, लेकिन फोन का जवाब न मिलने पर उन्होंने फ्लैट पर जाकर चेक किया। नंदिनी के पिता आनंदभाई बोस्मिया ने बताया कि उनकी बेटी का फ्लैट पांचवीं मंजिल पर था, जहां जाने पर फ्लैट के दरवाजे पर ताला लगा हुआ था। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। नंदिनी जेतपुर में आप के टिकट पर नगर पालिका का चुनाव लड़ चुकी हैं। वह मेडिकल प्रतिनिधि थी।

नंदिनी के परिजनों ने बताया कि नंदिनी जूनागढ़ में असलम हुसैन समा के किराए के मकान में रहती थीं, जहां उसका असलम से संपर्क बढ़ा और दोनों प्यार करने लगे। आरोप है कि असलम ने शादीशुदा होने के बावजूद नंदनी को प्यार के जाल में फंसाया था। पिछले साल दोनों राजकोट आ गए थे, जिसका दोनों परिवारों ने विरोध किया था। करीब 4 महीने पहले असलम के परिवार ने नंदिनी को पीटा भी था। नंदिनी-असलम के रिश्ते की जानकारी होने पर असलम की पत्नी, सास-ससुर, मां और मौसी समेत 5 लोगों ने जूनागढ़ में नंदिनी पर चाकू से हमला किया था। मामला पुलिस में दर्ज है। घटना के बाद नंदिनी राजकोट आ गई और असलम के साथ रह रही थी। आरोप है कि असलम भी नंदिनी को शारीरिक रूप से प्रताड़ित कर रहा था। नंदिनी की छोटी बहन ने आरोप लगाया कि असलम ने बच्चे न चाहते हुए नंदिनी का जबरन ऑपरेशन करवाया था।

## चाईबासा में मिला 30 किलो का मोर्टार शेल, कुछ महीने पहले बरामद हुआ था द्वितीय विश्व युद्ध का बम

**चाईबासा (आरएनएस)।** मनोहरपुर थाना क्षेत्र के सोनपोखरी गांव में खेत की जुताई के दौरान एक संदिग्ध मोर्टार शेल मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया. करीब 30 किलोग्राम वजन और लगभग दो फीट लंबे इस जंग लगे विस्फोटक जैसी वस्तु मिलने के बाद पुलिस और सीआरपीएफ की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और उसे अपने कब्जे में ले लिया। मिली जानकारी के अनुसार, सोनपोखरी गांव निवासी विजय हेंब्रम के खेत में ट्रैक्टर से जुताई का कार्य चल रहा था. इसी दौरान ट्रैक्टर चालक शिवचरण महतो को मिट्टी के नीचे किसी भारी वस्तु के दबे होने का एहसास हुआ. जब मिट्टी हटाई तो वहां एक जंग लगा मोर्टार शेल जैसा पदार्थ दिखाई दिया. इसकी सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस और सीआरपीएफ के जवान घटनास्थल पर पहुंचे और सुरक्षा के दृष्टिकोण से पूरे क्षेत्र को घेराबंदी कर लोगों को दूर किया गया. बाद में सीआरपीएफ की बम निरोधक टीम मौके पर पहुंचकर संदिग्ध वस्तु की जांच की।



## दिल्ली में उद्योग भवन के पास लगी भीषण आग, मजदूरों के 200 अस्थायी घर जलकर खाक

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली में उद्योग भवन के पास मजदूरों की एक बस्ती में बुधवार तड़के भीषण आग लग गई। इसमें करीब 200 अस्थायी घर जलकर खाक हो गए हैं। घटना तड़के 3 बजे की है। आग लगने की सूचना पर अग्निशमन दल की करीब 20 गाड़ियां मौके पर पहुंची थीं। उन्होंने 3 घंटे बाद आग पर काबू पाया है। यह पूरा इलाका सेना भवन के पास का बताया जाता है। आग लगने के कारणों की जानकारी नहीं मिली है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, सेना भवन के पास निर्माण कार्य में लगे मजदूरों को रहने के लिए जगह दी गई थी और अस्थीय टिन शेड बनाया गया था। यहां कमरों में खाना पकाने के लिए छोटे रसोई गैस सिलेंडर भी थे और बिजली का कनेक्शन भी दिया गया था। बताया जा रहा है कि बिजली की स्पार्किंग की वजह से शेड में आग लगी होगी, जिसने विकराल रूप धारण कर लिया। घटना की जांच जारी है।



अग्निशमन दल के अधिकारियों के मुताबिक, जिस समय आग लगी, अधिकतर मजदूर अपने-अपने कमरों में सो रहे थे, जबकि कई लोग बाहर थे। आग लगने के बाद सभी सतर्क हो गए और बाहर निकल आए, जिससे किसी प्रकार की होई जनहानि नहीं हुई। यहां रहने वाले मजदूर बाहरी राज्यों के बताए जा रहे हैं। आग लगने से मजदूरों का सामान जलकर खाक हो गया है। बताया जा रहा है कि मजदूर सेंट्रल विस्टा परियोजना के निर्माण कार्य से जुड़े हैं।



दिल्ली के उप-राज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की और नई दिल्ली स्थित दिल्ली पुलिस मुख्यालय में कामकाज और कल्याण से जुड़ी अहम प्राथमिकताओं की समीक्षा की।

## कैबिनेट फेरबदल की अटकलों के बीच हुई मुलाकात, क्या जल्द होगा बड़ा बदलाव?

**नई दिल्ली।** कैबिनेट में फेरबदल की जोरदार चचाओं के बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति भवन की एक सोशल मीडिया पोस्ट के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इस पोस्ट के साथ कुछ आधिकारिक तस्वीरें भी शेयर की गईं। मोदी 27 जून को सेशेल्स जाने वाले हैं, इसलिए ऐसी अटकलें तेज हो गई हैं कि उनके जाने से पहले कैबिनेट में फेरबदल हो सकता है। अगर ऐसा होता है, तो यह मोदी 3.0 सरकार में पहला बड़ा फेरबदल होगा।



इससे पहले, केरल के वरिष्ठ बीजेपी नेता जॉर्ज कुरियन ने राज्यसभा का कार्यकाल खत्म होने के बाद केंद्रीय मंत्रिपरिषद से इस्तीफा दे दिया। वह अल्पसंख्यक मामलों के साथ-साथ मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री थे। राष्ट्रपति भवन से जारी एक बयान के अनुसार, उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है। राज्यसभा सदस्य के तौर पर उनका कार्यकाल 21 जून को खत्म हुआ। परिषद के एक और सदस्य, रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह का राज्यसभा सदस्य के तौर पर कार्यकाल भी 21 जून को खत्म हुआ, हालांकि उन्होंने इस्तीफा नहीं दिया है। तकनीकी रूप से, कोई मंत्री किसी भी सदन का सदस्य न होते हुए भी छह महीने तक पद पर बना रह सकता है। हाल ही में, कुछ केंद्रीय मंत्रियों को उनके गृह राज्यों में संगठन से जुड़ी अहम ज़िम्मेदारियाँ दी गई हैं।

## मुंबई में रात भर हुई बारिश से जलभराव,रेड अलर्ट जारी

**मुंबई (आरएनएस)।** महाराष्ट्र में मानसून का आगमन हो गया है। मंगलवार रात को मुंबई में रात भर हुई बारिश ने इसका अहसास कराया।



इससे जगह-जगह जलभराव हो गया। मुंबई के कई हिस्सों में जोरदार बारिश को देखते हुए भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने बुधवार तड़के रेड अलर्ट जारी किया है। हालांकि, यह मुंबई और पालघर के लिए है। मौसम विभाग ने बहुत तेज बारिश, बिजली कड़कने और 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की संभावना जताई है। दक्षिण-पश्चिम मानसून मंगलवार को 13 दिन की देरी से मुंबई पहुंचा है। इसके आगमन की तारीख 10 जून के आसपास तय थी, लेकिन यह मंगलवार को पहुंचा है। मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटे के लिए रेड अलर्ट के साथ ठाणे, रायगढ़, सिंधुदुर्ग में मध्यम से तीव्र बारिश का पूवार्नुमान जताते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। शहर में मंगलवार सुबह 8 बजे से बुधवार सुबह 8 बजे के बीच 24 घंटों में 300 मिमी से अधिक बारिश हुई है। मुंबई के माटुंगा इलाके में किंग्स सर्कल से सामने जलभराव हुआ है। दादर के हिंदू कॉलोनी के रिहायशी इलाकों पानी भर गया। विक्रोली पश्चिम में मंगलवार रात एक आवासीय इमारत के बगल में एक दीवार भी गिर गई। हालांकि, कोई जनहानि नहीं हुई। साथ ही, सेंट्रल और वेस्टर्न उपनगरीय रेलवे लाइनें मिलाने वाला

**आईएमडी के मुताबिक, इससे पहले मुंबई में 2023 में भी मानसून देरी से आया था। तब 25 जून को पहली बार बारिश हुई थी**

दादर स्टेशन जलमग्न है। बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने कहा कि शहर के सभी प्रमुख सबवे, बसे और उपनगरीय नेटवर्क पर रेल सेवाएं सामान्य हैं।

आईएमडी के मुताबिक, इससे पहले मुंबई में 2023 में भी मानसून देरी से आया था। तब 25 जून को पहली बार बारिश हुई थी। पुराना रिकॉर्ड देखें तो 1974 और 1958 में सबसे लंबी देरी दर्ज की गई, तब मानसून 28 जून को आया था।

**आफत** सांसदों के बाद उद्धव की शिवसेना पर नई आफत

# छिन सकता है संसद में मिला दफ्तर

**मुंबई (आरएनएस)।** लोकसभा सांसदों की बगावत के झटके से उबर रही शिवसेना (उद्धव) को एक और बड़ा झटका लगने जा रहा है। सांसदों की संख्या में कमी के बाद अब संसद भवन परिसर में पार्टी को मिले कार्यालय पर खतरा मंडरा रहा है। बागी सांसदों के औपचारिक विलय के बाद शिवसेना (उद्धव) के पास सिर्फ 4 सांसद ही बचेंगे। ऐसे में अब संसद भवन परिसर में पार्टी के कार्यालय के आवंटन पर संकट मंडराने लगा है।

संसदीय नियमों के तहत, संसद भवन परिसर के भीतर अलग कार्यालय आमतौर पर केवल 5 या इससे ज्यादा सांसदों वाली पार्टियों को ही आवंटित किया जाता है। उद्धव की शिवसेना के पास अब 4 ही सांसद रह जाएंगे, ऐसे में आशंका है कि उसे आवंटित किया गया कार्यालय वापस लिया जा सकता है। पार्टी के संसदीय दल



का कार्यालय फिलहाल पुराने संसद भवन भवन के संविधान सदन के कमरा नंबर 128ए से संचालित होता है।

सांसदों की बगावत के बीच लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने उद्धव की शिवसेना को बैठक के लिए बुलाया है।

ठाकरे गुट का कहना है कि बागी सांसदों को अलग गुट के तौर पर मान्यता नहीं दी जानी चाहिए। दोनों नेता स्पीकर से अनुरोध करेंगे कि पार्टी की आधिकारिक पहचान और अधिकार उद्धव गुट के पास ही रहें। 22 जून को शिवसेना (उद्धव) के 6 सांसद-संजय जाधव, भाऊसाहेब वाकचौरे, ओमप्रकाश निंबालकर, संजय पाटिल, संजय देशमुख और नागेश पाटिल अष्टीकर औपचारिक रूप से एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल हो गए थे। उद्धव के लिए पार्टी पर नियंत्रण को लेकर ये बड़ा झटका था, क्योंकि 2022 में शिंदे ने विधायकों को तोड़कर अलग गुट बना लिया था। अब आधे से ज्यादा सांसद भी उद्धव के हाथ से निकल गए हैं। राज्यसभा सांसद संजय राउत ने कहा कि महाराष्ट्र के गद्दारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लिखा कि उनकी हिम्मत अभी भी बुलंद है और महाराष्ट्र की राजनीति में यह संघर्ष आगे भी चलता रहेगा। वहीं, शिंदे गुट के सांसद नरेश म्हास्के ने कहा कि उद्धव गुट के पतन के लिए राउत जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता, पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि राउत की कार्यशैली से नाराज हैं और सहयोग नहीं मिलने के कारण कई नेता नया रास्ता चुन रहे हैं।

## इलाज कराने विदेश नहीं जा सकेंगे अभिषेक बनर्जी, कलकत्ता हाई कोर्ट ने खारिज की याचिका

**कोलकाता (आरएनएस)।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के महासचिव और पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी



को कलकत्ता हाई कोर्ट से झटका लगा है। अभिषेक ने अपनी आंख के ऑपरेशन के बाद विदेश में इलाज कराने के लिए यात्रा की अनुमति मांगी थी, जिसे कोर्ट ने बुधवार को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति सौगता भट्टाचार्य ने यह कहते हुए उनकी याचिका खारिज कर दी कि देश में भी आंखों का इलाज कराने की सुविधा मौजूद है। अभिषेक ने नेत्र उपचार के लिए विदेश यात्रा की अनुमति मांगते हुए मंगलवार को हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। उन्होंने एक सप्ताह तक बाहर रहने का अनुरोध किया था। बुधवार को न्यायमूर्ति भट्टाचार्य की अदालत में सुनवाई के दौरान अभिषेक के वकील ने कहा कि याचिका पर तत्काल विचार करने की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी बताया कि अभिषेक की आंखों की सर्जरी हो चुकी है और वे पहले भी इलाज के लिए विदेश जा चुके हैं। अभिषेक की याचिका पर कोर्ट का फैसला ऐसे समय पर आया है, जब वह देश की तमाम जांच एजेंसियों की नजर में हैं।

# शट डाउन लेकर ग्यारह हजार की लाइन पर चढ़े संविदा कर्मी की करंट लगने से दुखद मौत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**औरंगाबाद/बुलंदशहर।** अगौता क्षेत्र के अकबरपुर रैना बिजली घर पर तैनात एक संविदा कर्मी शट-डाउन लेकर ग्यारह हजार की लाइन पर जम्फर जोड़ने चढ़ा। लाइन पर आ रहे करंट की चपेट में आकर वह जमीन पर आ गिरा। बुरी तरह घायल विद्युत कर्मी को अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव को मृतक के परिजनों को सौंप दिया। मृतक के शव को लेकर परिजनों ने ग्रामीणों के साथ रात्रि में ही अकबरपुर रैना बिजली घर पर पहुंचकर जोरदार हंगामा किया। जे ई और एस डी ओ ने समुचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन देकर पीछा छुड़ाया। बाद में मृतक का उसके गांव में अंतिम संस्कार कर दिया गया।

> ▶▶ पोस्टमार्टम के पश्चात परिजनों ने बिजली घर पर शव रखकर किया जोरदार हंगामा
> ▶▶ अधिकारियों ने समुचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन देकर पीछा छुड़ाया

औरंगाबाद थाना अंतर्गत ग्राम पैमपुर सूरजपुर टीकरी निवासी किरनपाल सिंह उम्र लगभग 52 वर्ष अगौता के अकबरपुर रैना बिजली घर पर बतौर संविदा कर्मी तैनात थे। मंगलवार की सायं लगभग साढ़े सात बजे वो एस एस ओ दुष्यंत तौमर से शट डाउन लेकर गांव बागवाला के कृषक मेहरबान की शिकायत पर ग्यारह हजार की





लाइन पर जम्फर जोड़ने गये थे। लेकिन खंबे पर चढ़ते ही उन्हें करंट लगा और वो जमीन पर आ गिरे। सूचना मिलने पर साथी कर्मचारियों और परिजनों ने उन्हें बुलंदशहर जिला अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर अगौता थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने मोर्चरी भेजा और पोस्टमार्टम कराने के पश्चात शव को परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने ग्रामीणों को साथ लेकर रात्रि ढाई बजे अकबरपुर रैना बिजली घर पर मृतक के शव को रखकर जोर दार हंगामा शुरू किया। सूचना पाकर जे ई मनोज कुमार और एस डी ओ रमेश चंद्र बिजलीघर पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत किया और मृतक के परिजनों को समुचित मुआवजा दिलाने का भरोसा दिलाया। बाद में सुबह छः बजे परिजनों ने गांव पैमपुर ले जाकर मृतक का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया। सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

# किसान भवन पर पुराने सपा नेताओं पीडीए और बीएलए का हुआ भव्य सम्मान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**शिकारपुर ।** जहांगीराबाद रोड स्थित किसान भवन पर विधानसभा क्षेत्र शिकारपुर (69) से समाजवादी पार्टी के सम्भावित प्रत्याशी व प्रमुख चौधरी भगवंत सिंह उर्फ पिन्टू चौधरी, द्वारा एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संघर्ष, समर्पण और संगठन को नमन करते हुए पुराने समाजवादी नेताओं पीडीए और बीएलए कार्यकताओं को सम्मानित करना था। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष मतलूब अली सहित जनपद व विधानसभा क्षेत्र के तमाम पदाधिकारी कार्यकर्ता और सदस्य भारी संख्या में पहुंचे सम्भावित प्रत्याशी पिन्टू चौधरी, ने सादगी की मिसाल पेश करते हुए। किसान भवन के मुख्य द्वार पर खड़े होकर आने वाले सभी नेताओं और कार्यकताओं का स्वागत किया और उन्हें आदर सहित अन्दर लेकर गए ।मंच पर पहुंचे पुराने सपाइयों और बीएलए को पिन्टू चौधरी, ने गले में लाल गमछा, शॉल और फूलों की माला पहना कर उनका भव्य नागरिक अभिनंदन किया लाल गमछा ही हमारी असली पहचान। जिलाध्यक्ष मतलूब अली समारोह को सम्बोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष मतलूब अली, ने लाल गमछे का महत्व बताते हुए कहा यह सिर्फ एक गमछा नहीं है हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, को काफी समय पहले एक बुजुर्ग ने यह गमछा पहनाया था और कहा था कि इसे गले में डालकर आप कहीं भी चले जाओ दूर से ही पहचान हो जाएगी कि यह व्यक्ति समाजवादी है ?इसके साथ ही उन्होंने कार्यकताओं में जोश भरते हुए कुछ लोगों पर तंज भी कसा और कहा कि कुछ लोगों ने सिर्फ नकली चोला पहन रखा है।

# अयोध्या राममंदिर चोरी के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन, भाजपा और योगी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर ।** अयोध्या स्थित श्री राममंदिर में सैकड़ों करोड़ रुपये की दान राशि की चोरी एवं वित्तीय अनियमितताओं के विरोध में कांग्रेस जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन किया और भाजपा व योगी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को देकर चोरी की एफआईआर तत्काल दर्ज करने और चोरी में शामिल भाजपा व आरएसएस के नेताओं पर सख्त कार्यवाही करने की मांग की।




कांग्रेस जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान एडवोकेट ने कहा कि श्री राममंदिर की दान राशि में हुई चोरी एवं वित्तीय अनियमितताओं के मामले में तत्काल एफआईआर दर्ज कर दोषियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए। साथ ही प्रकरण की जांच माननीय उच्च न्यायालय के वर्तमान न्यायाधीश की निगरानी में कराई जाए ताकि जांच पर किसी प्रकार का संदेह न रहे। उन्होंने कहा कि योगी मोदी सरकार खुद को सनातन और हिंदुओं की सरकार कहती है लेकिन राममंदिर में हुई चोरी की आजतक एफआईआर दर्ज नहीं करा सकी। उन्होंने कहा कि राममंदिर में भाजपा और संघ के नेताओं द्वारा की गई चोरी से सरकार का असली चेहरा सामने आ गया है। उन्होंने कहा कि श्री राममंदिर ट्रस्ट के वर्तमान पदाधिकारियों को तत्काल प्रभाव से भंग किया जाए तथा मंदिर के संचालन और ट्रस्ट की जिम्मेदारी देश के प्रतिष्ठित धमार्चार्यों, संत-महात्माओं एवं शंकराचार्यों के संरक्षण और मार्गदर्शन में संचालित की जाए। क्इस अवसर पर सुभाष गांधी, कॉर्डिनेटर राजकुमार पंडित, नरेंद्र चौधरी, साजिद गाजी, भजनलाल विमल, सचिन वशिष्ठ, चंद्रपाल सिंह, डॉ एसडी शर्मा, आदर्श देव शर्मा, देवेंद्र शर्मा, पुष्पेंद्र चौधरी, नरेश शर्मा, आशु कुरैशी, मनीष चतुर्वेदी, पुष्पेंद्र चौधरी, नईम मंसूरी, विपुल कौशिक, डॉ इरफान, जितेंद्र शर्मा, लक्ष्मी नारायण शर्मा, नजमी चौधरी, विमलेश बाल्मिकी, धर्मेंद्र महावर, कृष्ण कुमार सैनी, नवाब खान, सैयद अमान, इशू शर्मा, पूजा शर्मा, गौरव जयराम, इसराइल गहलोत, शाकिर अली, सत्यप्रकाश शर्मा, हाजी फाजिल, जुबेर राणा, अखिल पठान, नूर मोहम्मद, कमल कश्यप, इस्लामुद्दीन सैफी, अलीमुद्दीन सैफी, सतेंद्र सैनी, शेर खान, सगीर अहमद, शिखा गोस्वामी, नरेश बाल्मिकी, रामपाल शर्मा, रहीस अंसारी आदि मौजूद रहे ।

# पिता की हत्या का बदला लेने के लिए की रोहतास राणा की हत्या

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गुलावठी।** मंगलवार की शाम को हुए रोहताश राणा हत्याकांड के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से

> **हथियारों को पकड़ते वक्त कोतवाल धर्मेंद्र शर्मा के हाथ में आया फ्रैक्चर**

घटना में प्रयुक्त हथियार एवं बाइक को बरामद किया है। पकड़े गए आरोपियों में जनपद हापुड़ के थाना कपूरपुर क्षेत्र के ग्राम पारपा निवासी विपिन और पुष्पेंद्र शामिल है। पुलिस पूछताछ में पता चला कि मृतक रोहतास राणा ने पैसों के लेनदेन को लेकर पिछले वर्ष जनवरी महीने में पुष्पेंद्र के पिता बलवीर सिंह की






हत्या कर दी थी। इसके बाद रोहताश राणा जेल भी गया था। अभी कुछ दिन पहले रोहतास राणा जमानत पर बाहर आया था। बदले की भावना से बलवीर के बेटे पुष्पेंद्र और भतीजे विपिन ने मंगलवार की शाम को गुलावठी में दुकान पर बैठे रोहताश राणा की गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या को अंजाम देकर आरोपी मौके से भाग रहे थे तभी एन वक्त पर कोतवाल धर्मेंद्र शर्मा ने हमराही पुलिसकर्मी के साथ पहुंचकर दोनों आरोपियों को हथियार और बाइक सहित गिरफ्तार कर लिया। हथियारों को पकड़ते हुए कोतवाल धर्मेंद्र शर्मा के हाथ में फ्रैक्चर आ गया। वहीं एसएसपी ने आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम को 25 हजार रुपये पुरस्कार देने की घोषणा भी की है।

# कर्णवास गंगा घाट पर भक्तमाली संत नवनीत प्रिय दास ने परिवार सहित लगाई आस्था की डुबकी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर/डिबाई/अनूपशहर।** गंगा दशहरा के पावन अवसर पर कर्णवास स्थित गंगा घाट पर भक्तमाली संत नवनीत प्रिय दास ने अपने परिवार सहित मां गंगा की पूजा-अर्चना की तथा श्रद्धापूर्वक गंगा स्नान किया। उन्होंने मां गंगा से परिवार, समाज एवं राष्ट्र की सुख-समृद्धि, शांति और कल्याण की कामना की।



इस दौरान गौरव बंसल भी उनके साथ उपस्थित रहे। सभी ने मां गंगा के पावन तट पर दर्शन-पूजन कर आस्था व्यक्त की तथा गंगा स्नान का पुण्य लाभ प्राप्त किया। गंगा दशहरा के अवसर पर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला और मां गंगा के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।

# सदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव पंखे से झूलता मिला

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के गांव फतेहगढ़ में एक युवक का शव पंखे से झूलता मिला है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पीएम को भेज दिया है।

बताया गया है कि बुधवार को संदीप (28 वर्ष) पुत्र राजेंद्र सिंह की पत्नी से किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। कुछ देर बाद संदीप ने कमरे की अंदर से कुंदी लगा ली और छत के पंखे से रस्सी बांध गले में फांसी लगाकर झूल गया। जिससे उसकी मौत हो गई। वह अहमदगढ़ में वाहन धुलाई का कार्य करता था। करीब 15 साल पहले मां की



बीमारी के चलते मृत्यु हो गई थी। पिता नोएडा में मजदूरी करता था। सूचना पर पुलिस व फोरेंसिक टीम पहुंची। थाना प्रभारी निरीक्षक विशंभर दयाल ने बताया कि मृतक के गले पर रस्सी के निशान मिले हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# व्यापारी अमरीश गोयल के आवास पर चाय पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गुलावठी।** शहर के प्रतिष्ठित व्यापारी अमरीश गोयल के आवास पर बहनजी श्रीमती विमला सोलंकी के सान्निध्य में एक विशेष चाय पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में शहर के गणमान्य व्यापारियों एवं समाजसेवियों ने भाग लिया और बहनजी का गर्मजोशी से स्वागत किया। चर्चा के दौरान सामाजिक, व्यावसायिक एवं जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित लोगों ने अपने सुझाव एवं विचार साझा किए तथा क्षेत्र के विकास एवं जनसमस्याओं के समाधान को लेकर चर्चा की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जगदीश प्रसाद गोयल, कुलदीप नैयर (बझैड़ा वाले), मयंक अग्रवाल, नीरज सैनी, रविकांत, मोहित सिंघल, अमरीश गोयल, सचिन (बस वाले), निक्कू प्रधान, त्रिलोकचंद शर्मा, अज्जू गर्ग, सोनू नेताजी, अनिल सिंघल, ओमकार गोयल, सोनू सिंघल, बादल भैया, बॉबी जैन, शिवकुमार (बस वाले) सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जहां सभी उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे के साथ विचारों का आदान-प्रदान किया और सामाजिक एकता एवं सहयोग की भावना को मजबूत करने पर बल दिया।

# महाकाल के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं से भरी बस उज्जैन रवाना

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**जहाँगीराबाद।** मंगलवार दोपहर बालाजी मंदिर परिसर से भगवान महाकाल के दर्शन हेतु श्रद्धालुओं से भरी एक बस उज्जैन के लिए रवाना हुई। यात्रा के प्रति भक्तों में विशेष उत्साह और श्रद्धा देखने को मिली। यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की गई तथा मंगलमय यात्रा की कामना करते हुए नारियल फोड़ा गया। इस अवसर पर पत्रकार मनोज ओझा ने नारियल फोड़कर बस को रवाना किया और सभी यात्रियों की सुखद एवं सुरक्षित यात्रा की कामना की। यात्रा का नेतृत्व मोनू कंसल द्वारा किया गया।



बस में यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं में विनय अग्रवाल (पत्रकार), शिवकुमार गर्ग, मुकेश गुप्ता, जयप्रकाश प्रजापति, दक्ष प्रजापति, कृष्ण वर्मा, प्रशांत दीक्षित, राहुल गोयल, डुग्गू प्रजापति, सुनीता, पलक,यशी गोयल, पल्लवी गोयल तथा मोहित पूर्व सभासद सहित अन्य श्रद्धालु शामिल रहे। महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन के लिए रवाना हुए श्रद्धालुओं ने "जय श्री महाकाल" के जयघोष लगाए, जिससे मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल से गूंज उठा। यात्रा को लेकर सभी श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और उमंग दिखाई दी।

# नर-नारायणसेवा संस्थान के द्वारा लव राज गिरी का सम्मान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**जहांगीराबाद।** नर-नारायण सेवा संस्थान के तत्वावधान में लवराज गिरी पुत्र स्व0 पवन गिरी निवासी मौहल्ला गुसाईयान का बोर्ड की इंटरमीडिएट परीक्षा में शिवकुमार अग्रवाल जनता इंटर कॉलेज में सर्वाधिक अंक व जिले में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर संस्था के पदाधिकारी व सदस्यों द्वारा लवराज गिरी के घर जाकर सम्मानित किया।



बेटे को पटका पहनाकर, गीता,स्वामी विवेकानंद जी का चित्र, स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। बेटे की माता जी व बहिन व उपस्थित ताऊ जी व परिवार के सदस्यों को मिठाई खिलाकर उत्साहवर्धन किया।सम्मानित करने वाले पदाधिकारी व सदस्य डॉ0 नीरज अग्रवाल, अशोक जिंदल, डॉ0 सतीश गर्ग, राजीव अग्रवाल, रविन्द्र गर्ग(बौली बाबू), अजय बंसल(गुड्डू बाबा), सुधीर गोयल,गौरव अग्रवाल रहे।

# पूर्व जिला संघ चालक रहे डॉक्टर लक्ष्मी नारायण गुप्ता का निधन, हजारों ने दी नम आंखों से विदाई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** नगर के मोहल्ला सराय पुख्ता निवासी पूर्व जिला संघ चालक रहे डॉक्टर लक्ष्मी नारायण गुप्ता का निधन हो गया। वह 81 साल के थे। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि उन्होंने मंगलवार की रात 11:00 बजे अपने आवास में अंतिम सांस ली। जानकारी के अनुसार बुधवार को लगभग 11:00 बजे नगर स्थित शमशान में अंतिम संस्कार किया गया। उनके पुत्र गौरव ने मुखाग्नि दी। अंतिम यात्रा में समस्त ग्रामीण सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा आसपास के गांव से पहुंचे सैकड़ो लोगों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। डॉ लक्ष्मी नारायण गुप्ता के निधन की खबर पाकर उनके शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई। और परिवार सहित समर्थको में गहरा दुख व्यात हो गया ।समाजवादी



पार्टी, भाजपा, रालोद, बसपा और कांग्रेस आदि सभी प्रमुख राजनीतिक पार्टियों के नेताओं ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए इसे समाज के लिए अपूर्णीय क्षति बताया।

## जुलूस निकाला — इमाम हुसैन लोगों के दिलों में बसते हैं: रिहान साबरी

# इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की याद में जुलूस निकाला

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सिकंदरबाद।** तहसील के ग्राम मुहम्मदपुर कला में मंगलवार की रात्रि हजरत इमाम हसन व हजरत हुसैन अलैहिस्सलाम व हजरत मौला अब्बास की याद में अलम, सद्दों का जुलूस अकीदत ओ एहतराम से निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में जायरीन अकीदतमंदो का हुजूम रहा। शहीदाने करबला की याद मे नोहा मरसीये, सलाम पढ़े गये। इमाम हुसैन की शहादत को सुनकर लोगों की आंखें नम हो गईं। इस अवसर पर रिहान साबरी ने जुलूस को संबोधित करते हुए बताया हजरत इमाम हसन हुसैन अल्लाह के नबी हजरत मुहम्मद के प्यारे नवासे थे, जिन्होंने हक और सच्चाई के लिए अपने पूरे परिवार सहित उम्मत की



ग्राम मुहम्मदपुर कलां में अलम के जूलूस का मंजर।



भलाई और रहबरी के लिए इंसानियत को जिंदा रखने के लिए कुबार्नी दी। 1400 वर्ष बीत जाने के बाद भी इमाम हुसैन का नाम जिंदा है। इमाम हुसैन लोगों के दिलों में मोहब्बत इंसानियत के लिए बसते हैं लेकिन यजीद का तख्त उसका नाम उसकी हुकूमत मिट गई। हमें इमाम हुसैन के जीवन से उनकी शहादत से इंसानियत, हक और सच्चाई का रास्ता मिलता है। हम उनके रास्ते पर चलकर अपने देश में ही नहीं हैं बल्कि विश्व में शांति कायम कर सकते हैं। इमाम हसन हुसैन के जीवन से हमे शांति एकता सामानता आपसी भाईचारे व इंसानियत का सबक मिलता है। इस अवसर पर अफसर सलमानी, अली हसन ठाकुर, नूर मोहम्मद खान आदि मौजूद रहे। स्थानीय प्रशासन थाना प्रभारी सिकंदराबाद शैलेंद्र प्रताप सिंह,चौकी इंचार्ज संतपुरा उमेश कुमार ने बहुत अच्छी सुरक्षा व्यवस्था की। कमेटी के सभी लोगों ने थाना अध्यक्ष सिकंदराबाद व चौकी इंचार्ज संतपुरा का धन्यवाद किया। जुलूस बहुत अच्छी तरह शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न हुआ।

# गुम हुई बच्ची को मात्र 01 घण्टे में सकुशल तलाश कर उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** सुनीता निवासी मुफ्तीबाडा थाना शिकारपुर हाल निवासी- ग्राम कैलावन थाना सलेमपुर बुलन्दशहर, द्वारा डॉयल 112 पर सूचना दी गयी कि उसकी 07 वर्षीय पुत्री घर से कही चली गयी हैं तथा मिल नही रही हैं। उक्त सूचना पर थाना सलेमपुर पुलिस द्वारा अथक परिश्रम करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व मे गुमशुदा बच्ची को मात्र 01 घण्टे के अन्दर तलाश कर परिजनो को सकुशल सुपुर्द किया गया।

गुमशुदा बच्ची को उसके परिजनों को सुपुर्द करने पर परिजनों व जनता के लोगो द्वारा थाना सलेमपुर पुलिस को धन्यवाद देते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा गयी है ।पुलिस टीम मै नितिन कुमार




थानाध्यक्ष सलेमपुर ,उ0नि0 शिवोम कठेरिया, उ0नि0 दुर्गेश चौधरी,-का0 जसवंत खुराना, म0का0 सोनिया कुमारी शामिल रही।

# रंग तरंग कला प्रदर्शनी में दर्जनों युवा कलाकारों को मिला मंच

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** मोदी आईफा आर्ट गैलरी में आयोजित सात दिवसीय कला प्रदर्शनी रंग तरंग का मंगलवार को भव्य शुभारंभ हुआ। प्रदर्शनी का उद्घाटन बुलंदशहर सांसद भोला सिंह ने स्थानीय विधायक डॉ मंजू शिवाच तथा अन्य अतिथियों के साथ दीप प्रज्वलित कर किया। प्रदर्शनी में 50 युवा कलाकारों की कलाकृतियों को प्रदर्शित किया गया है। सांसद भोला सिंह ने कहा कि कला समाज की संवेदनाओं, विचारों और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने का सशक्त माध्यम है। ऐसे आयोजन युवा कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करते हैं और समाज में सृजनात्मक सोच को प्रोत्साहित करते हैं। अतिथियों ने गैलरी में प्रदर्शित चित्रों और कलाकृतियों का अवलोकन किया तथा कलाकारों से उनकी रचनाओं की विषयवस्तु और तकनीकी विशेषताओं पर चर्चा की। इस प्रदर्शनी में विशेष रूप से नीले रंग के विविध स्वरूपों, भावनाओं और कल्पनाओं को कलात्मक अभिव्यक्ति दी गई है,




जिसने कला प्रेमियों का ध्यान आकर्षित किया। इस दौरान अतिथियों को सम्मानित किया गया। वहीं प्रदर्शनी के सफल आयोजन में योगदान देने वाले प्रशांत झा, शीतल रानी, डॉ रूचि विद्यार्थी और स्वीटी को भी सम्मानित किया गया। मंच संचालन स्वीटी और प्रीति शर्मा ने किया। मीडिया प्रभारी भौतेंद्र कुमार ने बताया कि प्रदर्शनी 30 जून तक आमजन के लिए खुली रहेगी। इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिक, शिक्षाविद, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में कला प्रेमी उपस्थित रहे।

# आंधी आने से पहले पेड़ की उम्र नहीं पूछती

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाद (आशा चौधरी)।** बाद कोचिंग सेंटर, अस्पताल, बैंक्वेट हॉल,पीजी एकोमोडेशन,होटल्स, नर्सिंग होम, लाइब्रेरीज में सुरक्षा की सोशल ऑडिट कराई जानी चाहिए ।

आज यहाँ सिविल सोसाइटी की एक ऑनलाइन मीटिंग आयोजित की गई। कोरवा-यूपी के मुख्य संरक्षक कर्नल तेजेंद्र पाल त्यागी ने बताया की दिल्ली लखनऊ गाजियाबाद जैसे शहरो में कोचिंग सेंटर में एवं अन्य संस्थानों में अग्निकांड के उदाहरण ये बताने के लिए काफी है की व्यवस्था अत्यंत कमजोर है और बाबुओं की ईमानदारी पर एक भयंकर प्रश्न चिन्ह है । उत्तर प्रदेश में कोचिंग संस्थानों को यूपी कोचिंग नियमों एवं राष्ट्रीय दिशा निदेशों का सख्ती से पालन करना होता है । बताया जाता है की प्रवर्तन सख्त है, अधिकारी सक्रिय रूप से निरीक्षण करते हैं और सुरक्षा मानकों को पूरा करने में विफल रहने वाले केंद्रों को सील कर दिया जाता है। परन्तु इसके बाद भी अप्रिय घटनाए हो रही है कोरवा-यूपी के अध्यक्ष डा पवन कौशिक ने बताया की कोचिंग सेंटर में प्रत्येक छात्र को कम से कम 1 वर्ग मीटर का स्थान उपलब्ध कराया जाना चाहिए ताकि निर्धारित सीमा से अधिक भीड़भाड़ ना हो सके यदि किसी कक्षा में 50 विधार्थी है तो उसके होल का साइज कम से कम 7 मीटर बाई 7 मीटर का होना चाहिए ऐसा अक्सर नहीं होता है । कोरवा-यूपी के मुख्य सलाहकार डा आर के आर्या ने बताया की प्रवेश द्वार और निकास द्वार का अलग अलग होना नितांत आवश्यक है । इसके बिना अगर नक्शा पास कर दिया गया है तो विकास प्राधिकरण सीधे सीधे संलिप्त माना जाना चाहिए ' कोरवा-यूपी के महासचिव कैलाश चन्द्र शर्मा ने बताया की प्राथमिक चिकित्सा किट के साथ यदि कोचिंग सेंटर बेसमेंट में है तो लेडर्स और ऊपर है तो



पर्याप्त रस्सियाँ भी इनमे शामिल की जाए ताकि अग्निकांड के समय यदि निकास द्वारा बंद हो जाये तो लेडर या रस्सी के सहारे विधार्थी बाहर निकल सके। गौरव सेनानी ज्ञान सिंह , गौरव सेनानी चन्दन सिंह , तरुण चौहान , डा मधु सिंह , श्रीमती राज शर्मा , श्रीमती संध्या त्यागी , एडवोकेट अंशु त्यागी ने बताया की कैंपस में हवा का अच्छा वेंटिलेशन होना चाहिए, पूरी तरह से विद्युतीकृत होना चाहिए और सुरक्षित पेयजल तथा पुरुष और महिला छात्रों के लिए अलग-अलग शौचालय उपलब्ध होने चाहिए। परिसर में प्रमुख प्रवेश और निकास बिंदुओं पर चालू सीसीटीवी कैमरे लगे होने चाहिए ताकि निरंतर निगरानी और सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। मंजीत सिंह , संतोष कुमार , भारती शर्मा , मंजू घई एवं सभी उपस्थित सदस्यों ने कहा की जो कोचिंग सेंटर के लिए लागू है वही अन्य संस्थानों जैसे होटल्स,अस्पताल,हॉस्टल्स,बैंक्वेट हॉल्स , नर्सिंग होम , लाइब्रेरीज आदि के लिए भी लागू है प्रशासनिक अधिकारियों की जिम्मेदारी बनती है की वो इन सभी संस्थानों में उपरोक्त सुविधाओ और सुरक्षाओ का अनिवार्य स्तर पर होना सुनिश्चित करें क्योंकि आंधी आने से पहले पेड़ की उम्र नहीं पूछती । अंत में सभी सदस्यों ने सुझाव दिया और मांग भी रखी की एक जॉइंट कमेटी बननी चाहिए जिसमे प्रशासन के कम से कम अग्निशमन विभाग , बिजली विभाग , नगर निगम के एक एक अधिकारी और सिविल सोसाइटी के भी दो सदस्य हो इस जॉइंट कमेटी को सार्वजनिक संस्थानों की सुरक्षा की सोशल ओडिट की जिम्मेदारी दी जाये और इस कमेटी को कुछ जुमार्ना लगाने की पावर भी दी जाये ।

# पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात पर भावुक हुए अरुणाभ कुमार,बोले-एक क्रिएटर के लिए इससे बड़ी खुशी नहीं

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** । पंचायत की टीम संग पीएम नरेंद्र मोदी से मिले अरुणाभ कुमार, साझा किया दिल छू लेने वाला पल जित मुंबई:- टी.वी.एफ (TVF) के फाउंडर अरुणाभ कुमार ने हाल ही में एक समिट से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक तस्वीर शेयर की, जिसने इंटरनेट पर सबका ध्यान खींचा है। यह फोटो प्रधानमंत्री द्वारा उसी इवेंट में 'पंचायत' के एक्टर्स अशोक पाठक और दुर्गेश कुमार से हुई मुलाकात के ठीक बाद आई है, जिसकी एक झलक पीएम ने अपने सोशल मीडिया पर भी शेयर की थी। समिट में एक पैनल डिस्कशन के दौरान 'पंचायत' की टीम के मौजूद होने और वहाँ अरुणाभ कुमार की मौजूदगी की वजह से, इस पूरी बातचीत ने इस मशहूर सीरीज के फैन्स के बीच तुरंत चर्चा बटोर ली।अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करते हुए अरुणाभ कुमार ने लिखाः

"रिपब्लिक समिट 2026 में माननीय प्रधानमंत्री श्री @narendramodi जी से मिलने और भारत को एक महाशक्ति बनाने के लिए 'नेशन फर्स्ट' (देश पहले) के दृष्टिकोण पर उनके प्रेरणादायक शब्दों को सुनने का सौभाग्य मिला... उन्होंने 'पंचायत' के कुछ चुनिंदा कास्ट मेंबर्स - विनोद, बनराकस और क्रांति देवी (अशोक भाई, दुर्गेश भाई और सुनीता जी) से मुलाकात की, जो पूरी तरह से हैरान रह गए जब पीएम ने बातचीत के दौरान उनका एक डायलॉग बोला... मेकर्स और क्रिएटर्स के तौर पर हमारे लिए इससे बड़ी खुशी की बात और कुछ नहीं हो सकती थी पंचायत और टीवीएफ की पूरी टीम का आभारी हूँ, खासकर हमारे डायरेक्टर दीपक मिश्रा (जो अगले सीजन की शूटिंग में व्यस्त



होने के कारण नहीं आ सके) और राइटर चंदन, प्रेसिडेंट विजय कोशी सर और सभी कलाकारों का, जिन्होंने प्राइम वीडियो टीम के भरोसे और सपोर्ट के साथ मिलकर कुछ ऐसा बनाया है जिसने पूरे भारत का दिल जीत लिया है। हमें यहाँ आमंत्रित करने के लिए अर्णब गोस्वामी और रिपब्लिक टीम का बहुत-बहुत धन्यवाद।" यह पल ऐसे समय में आया है जब 'पंचायत' की पॉपुलैरिटी आसमान छू रही है। टीवीएफ (TVF) की सबसे शानदार क्रिएशन्स में से एक, यह सीरीज अपने चार सीजन सफलतापूर्वक पूरे कर चुकी है और देश के सबसे पसंदीदा शोज में से एक बनी हुई है, जिसके पांचवें सीजन को लेकर भी उत्सुकता अभी से बढ़ने लगी है। साल 2020 में पहली बार लॉन्च हुई 'पंचायत' ने ग्रामीण भारत के अपने असली रूप और एक इंजीनियरिंग ग्रेजुएट की कहानी–जो एक गांव के पंचायत सचिव के रूप में अपनी जिंदगी चलाता है–के जरिए दर्शकों के दिलों को छू लिया था। इन सालों में, यह शो एक कल्चरल फिनोमिना बन गया है, जिसने अपनी सादगी, कॉमेडी, इमोशनल गहराई और हर किसी से जुड़ जाने वाले किरदारों के लिए खूब तारीफें बटोरी हैं। इस सीरीज को कई अवॉर्ड प्लेटफॉर्म्स पर भी बड़ी पहचान मिली है, जिसमें दादासाहेब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवार्ड्स 2025, पहले आईआईएफए (IIFA) डिजिटल अवार्ड्स 2025 और आइकॉनिक गोल्ड अवार्ड्स 2026 में मिले सम्मान शामिल हैं। इन पुरस्कारों से अलग, 'पंचायत' सोशल मीडिया पर एक सनसनी बन चुकी है और इसने दर्शकों को इंडस्ट्री के कुछ सबसे पसंदीदा एक्टर्स से मिलवाया है, जिनमें जितेंद्र कुमार, फैसल मलिक, अशोक पाठक, दुर्गेश कुमार और कई अन्य शामिल हैं।

पंचायत' की सफलता टीवीएफ (TVF) के कहानी कहने के एक बड़े सफर को दिखाती है। बीते सालों में, इस स्टूडियो ने लगातार ऐसा कंटेंट दिया है जिससे लोग खुद को जोड़ पाते हैं और जो हर पीढ़ी के बीच पसंद किया जाता है। हाल ही में, टीवीएफ ने 'प्राइम वीडियो प्रेजेंट्स' इवेंट में कई बड़ी अनाउंसमेंट्स के साथ अपना दबदबा बनाया। 'Vvan' और 'कॉलेज फेस्ट' जैसी फिल्मों से लेकर 'पिरामिड' और 'वंश' जैसे नए शोज तक, और इसके साथ ही 'एस्पिरेंट्स', 'पंचायत', 'ग्राम चिकित्सालय', 'सपने वर्सेस एवरीवन' और 'संदीप भैया' के नए सीजन के साथ, स्टूडियो ने उस शाम के सबसे मजबूत और अलग लाइनअप का खुलासा किया।जैसे-जैसे टीवीएफ अपने स्टोरीटेलिंग यूनिवर्स को बढ़ा रहा है और 'पंचायत' की पॉपुलैरिटी नई ऊंचाइयों को छू रही है, अरुणाभ कुमार की यह हालिया पोस्ट एक बार फिर याद दिलाती है कि इस स्टूडियो ने ऐसी कहानियों के जरिए अपनी एक गहरी छाप छोड़ी है जो पूरी तरह से भारतीय अनुभवों से जुड़ी हुई हैं।

# सिकंदर यादव ने पौधरोपण कर दिया पर्यावरण और नशा मुक्ति का संदेश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** गढ़मुक्तेश्वर। गंगा वैली इन्फ्राकॉम के डायरेक्टर सिकंदर यादव के नेतृत्व में गंगा वैली कॉलोनी में पौधरोपण अभियान चलाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में पौधे लगाए गए और लोगों को पर्यावरण संरक्षण, जल बचाने और नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया गया।कार्यक्रम में पॉड मैन ऑफ इंडिया रामवीर तंवर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सिकंदर यादव ने उनका स्वागत किया और कॉलोनीवासियों के साथ मिलकर पौधरोपण किया।

सिकंदर यादव ने कहा कि पेड़ लगाना आज की सबसे बड़ी जरूरत है। अगर हम प्रकृति को बचाना चाहते हैं तो हमें पानी बचाना होगा, तालाबों को संरक्षित



करना होगा और अधिक से अधिक पौधे लगाने होंगे।

इसी दौरान सिकंदर यादव ने युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश भी दिया। उन्होंने लोगों को समझाया कि नशे की वजह से सबसे पहले युवा खुद प्रभावित होता है। उसका स्वास्थ्य, सोचने-समझने की शक्ति, पढ़ाई, काम और पूरा भविष्य बर्बाद होने लगता है। उन्होंने कहा कि नशे का नुकसान सिर्फ एक व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि इसकी आग पूरे परिवार को जलाती है। माता-पिता की उम्मीदें टूटती हैं, घर की आर्थिक स्थिति खराब होती है, रिश्तों में तनाव बढ़ता है और समाज पर भी इसका बुरा असर पड़ता है।

सिकंदर यादव ने कहा कि नशा सिर्फ एक व्यक्ति को नहीं, कई परिवारों की खुशियां छीन लेता है। इसलिए युवाओं को नशे से दूर रहना चाहिए और समाज को मिलकर इसके खिलाफ जागरूकता फैलानी चाहिए।

# राम मंदिर चंदा चोरी, भ्रष्टाचार आदि के विरुद्ध कांग्रेसजनों ने प्रदर्शनकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा (एन.जी.वर्मा)।** जिला कांग्रेस कमेटी ने अयोध्या श्री राम जन्मभूमि मंदिर से संबंधित दान राशि चोरी, भूमि क्रय-विक्रय मामले में अनियमितताओं तथा ट्रस्ट से जुड़े कुछ व्यक्तियों पर लगाए गए वित्तीय हेराफेरी पर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही को लेकर जिला मुख्यालय सूरजपुर पर विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शन के उपरांत कांग्रेस कार्यकताओं ने जिलाधिकारी गौतमबुद्ध नगर के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति महोदया के नाम एक ज्ञापन सौंपते हुए पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय एवं स्वतंत्र जांच कराने की मांग की गयी।

प्रदर्शन के दौरान जिला संगठन प्रभारी मुकेश शर्मा ने कहा कि भगवान श्रीराम करोड़ों भारतीयों की आस्था और श्रद्धा के केंद्र हैं। देशभर के श्रद्धालुओं ने राम मंदिर निर्माण के लिए अपनी मेहनत की कमाई और गहरी आस्था के साथ दान दिया है। ऐसे में यदि मंदिर से संबंधित दान राशि, भूमि खरीद-फरोख्त अथवा ट्रस्ट के कार्यों में किसी प्रकार की अनियमितता या भ्रष्टाचार के आरोप सामने आते हैं तो उनकी निष्पक्ष जांच होना







आवश्यक है, जिससे श्रद्धालुओं का विश्वास बना रहे। जिला उपाध्यक्ष नीरज लोहिया ने कहा कि कांग्रेस पार्टी किसी व्यक्ति, संस्था अथवा धार्मिक आस्था के विरोध में नहीं है, बल्कि सार्वजनिक धन, दान राशि और जन विश्वास से जुड़े मामलों में पूर्ण पारदर्शिता एवं जवाबदेही की पक्षधर है। यदि लगाए गए आरोप निराधार हैं तो जांच से सच्चाई सामने आ जाएगी और यदि आरोपों में तथ्य हैं तो दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष मोहित भाटी एडवोकेट ने बताया कि ज्ञापन में मांग की गई कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से संबंधित दान राशि, भूमि क्रय-विक्रय तथा अन्य वित्तीय लेन-देन की किसी स्वतंत्र एजेंसी अथवा न्यायिक निगरानी में जांच कराई जाए तथा जांच रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाए। साथ ही दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कानून के अनुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के चेयरमैन महाराज सिंह नागर ने कहा कि भगवान श्रीराम सम्पूर्ण देश की आस्था के प्रतीक हैं और उनकी आस्था के नाम पर किसी भी प्रकार की अनियमितता अथवा भ्रष्टाचार को स्वीकार नहीं किया जा सकता। जनविश्वास की रक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित करना सरकार एवं संबंधित संस्थाओं की जिम्मेदारी है। प्रदर्शन एवं ज्ञापन देने के मौके पर मुकेश शर्मा,आर के प्रथम ,महाराज सिंह नागर,नीरज लोहिया,मोहित भाटी एडवोकेट,हरेंद्र शर्मा,सुरेंद्र प्रताप सिंह,अरुण भाटी,गौतम सिंह,कपिल भाटी,सुबोध भट्ट,नीरज शर्मा, मोहम्मद तनवीर अहमद, प्रिंस भाटी,प्रभात नागर,रमेश चंद जीनवाल, ओंकार राणा,बॉबी प्रधान,जतन सिन्हा, अजय,कपिल यादव,गौरव,नईमुद्दीन, अंकुर कुमार, सचिन चौगानपुर,के० के भाटी, अतेंद्र चौधरी, हरेंद्र भाटी, अभिषेक, विकास, रोहन,रामानुज तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

# पुलिस लाईन के सामने सरकारी स्कूल की जमीन पर कब्जे का आरोप, ग्रामीणों में दहशत, कार्रवाई का इंतजार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** बताते चलें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सरकारी भूमि कब्जामुक्त अभियान के बीच ग्राम हरसाव में पुलिस लाइन के सामने स्थित सरकारी विद्यालय की भूमि

> **ग्राम हरसाव में सरकारी भूमि पर निर्माण और दुकानों का मामला चर्चा बना हुआ है शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं होने पर उठे सवाल**

पर कथित कब्जे का मामला लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरकारी स्कूल की जमीन पर वर्षों से कब्जा कर निर्माण किया गया है, लेकिन जिम्मेदार विभाग अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर पाए हैं।स्थानीय लोगों के अनुसार सतीश यादव द्वारा सरकारी विद्यालय की भूमि पर कब्जा कर पक्का कमरा बनाया गया है। इतना ही नहीं, स्कूल की जमीन से निजी रास्ता निकालने और रास्ते पर दुकानें बनाकर किराए पर देने के भी आरोप लगाए जा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी संपत्ति का खुलेआम उपयोग निजी लाभ के लिए किया जा रहा है।सबसे हैरान करने वाली बात यह बताई जा रही है कि मामला पुलिस लाईन के ठीक सामने का है, फिर भी अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का दावा है कि कई लोगों ने शिकायत करने की कोशिश की, लेकिन डर और दबाव के माहौल के कारण अधिकांश





लोग खुलकर सामने नहीं आना चाहते। यह भी चर्चा है कि पूर्व में गुप्त शिकायतें संबंधित विभागों तक पहुंचीं, लेकिन उन पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि जब जनपद में तालाबों, पार्कों और अन्य सरकारी भूमि से कब्जे हटाए जा रहे हैं तो सरकारी स्कूल की जमीन को कब्जामुक्त कराने में देरी क्यों हो रही है? लोगों ने जिलाधिकारी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, राजस्व विभाग से पैमाइश कराने और यदि कब्जा पाया जाए तो तत्काल हटवाने की मांग की है।*जनता पूछ रही है.- सरकारी विद्यालय की भूमि पर बने निर्माण किस आधार पर खड़े हैं,,- शिकायतों के बावजूद कार्रवाई क्यों नहीं हुई- क्या राजस्व विभाग ने कभी मौके पर पैमाइश की?

- पुलिस लाइन के सामने मौजूद इस मामले पर प्रशासन की नजर क्यों नहीं पड़ी?
- क्या सरकारी स्कूल की भूमि को कब्जामुक्त कराया जाएगा?

ग्राम हरसाव के लोगों का कहना है कि उन्हें जिला प्रशासन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा पर पूरा भरोसा है। अब वे उम्मीद कर रहे हैं कि सरकारी विद्यालय की भूमि की जांच कराकर उसे कब्जामुक्त कराया जाएगा, ताकि बच्चों और आने वाली पीढ़ियों के अधिकार सुरक्षित रह सकें।

# गर्मी में बच्चों की आंखों का रखें विशेष ध्यान : डॉ अभिषेक चौधरी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** बढ़ती गर्मी और स्कूलों की छुट्टियों के दौरान बच्चों की आंखों से जुड़ी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अभिषेक चौधरी ने अभिभावकों को सतर्क रहने की सलाह देते हुए कहा कि इस मौसम में एलर्जी, संक्रमण, आंखों में सूखापन और दृष्टि संबंधी परेशानियां अधिक देखने को मिलती हैं। डॉ अभिषेक चौधरी ने बताया कि गर्मी के मौसम में धूल, परागकण और प्रदूषण के कारण बच्चों की आंखों में खुजली, लालिमा और पानी आने की समस्या बढ़ जाती है। वहीं तैराकी के दौरान दूषित जल अथवा रासायनिक पदार्थों के संपर्क में आने से आंखों में जलन और संक्रमण का खतरा रहता है। इसके अलावा अधिक समय तक शीतलन यंत्रों के संपर्क में रहने तथा



अत्यधिक गर्मी के कारण आंखों में सूखापन और असहजता की शिकायत भी हो सकती है। उन्होंने कहा कि अवकाश के दौरान बच्चों में मोबाइल फोन, टैबलेट और दूरदर्शन के उपयोग में वृद्धि हो जाती है, जिससे आंखों पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। इससे सिरदर्द, आंखों में थकान तथा धुंधला दिखाई देने जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। तेज धूप में लंबे समय तक रहने से आंखों पर हानिकारक पराबैंगनी किरणों का प्रभाव भी पड़ता है। डॉ अभिषेक चौधरी ने सलाह दी कि बच्चों को पर्याप्त पानी पिलाएं, आंखों को बार-बार मलने से रोकें, बाहर निकलते समय सुरक्षात्मक चश्मे का उपयोग कराएं तथा किसी भी प्रकार की लगातार लालिमा, दर्द, आंखों से स्राव या दृष्टि धुंधली होने पर तुरंत नेत्र विशेषज्ञ से परामर्श लें।

**जानकारी** — डिहाइड्रेशन बच्चों के समग्र स्वास्थ्य, सीखने की क्षमता, एकाग्रता और दैनिक गतिविधियों को प्रभावित कर सकता है

# मानसून के दौरान बच्चों में डिहाइड्रेशन के छिपे हुए संकेत : डॉ. भावना

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नोएडा।** सीनियर कंसल्टेंट - नियोनेटोलॉजिस्ट एवं पीडियाट्रिक इंटेंसिविस्ट, मदरहुड हॉस्पिटल्स, ग्रेटर नोएडा ने बताया डिहाइड्रेशन (शरीर में पानी की कमी) केवल गर्मियों की समस्या नहीं है। जी हां, यह सच है! कई माता-पिता यह जानकर हैरान हो जाते हैं कि मानसून के मौसम में भी बच्चे डिहाइड्रेशन का शिकार हो सकते हैं। डिहाइड्रेशन बच्चों के समग्र स्वास्थ्य, सीखने की क्षमता, एकाग्रता और दैनिक गतिविधियों को प्रभावित कर सकता है। इसलिए, बारिश के मौसम में भी माता-पिता को बच्चों के शरीर में पर्याप्त पानी और तरल पदार्थ की मात्रा पर विशेष ध्यान देना चाहिए। डॉ. भावना मलिक सीनियर कंसल्टेंट - नियोनेटोलॉजिस्ट एवं पीडियाट्रिक इंटेंसिविस्ट, मदरहुड हॉस्पिटल्स, ग्रेटर नोएडा ने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा कि मानसून में डिहाइड्रेशन अक्सर इसलिए नजरअंदाज हो जाता है क्योंकि इस मौसम में बच्चों को गर्मियों की तुलना में कम प्यास महसूस होती है। परिणामस्वरूप वे कम पानी पीते हैं। हालांकि मानसून में गर्मियों की तुलना में पसीना कम आता है, लेकिन बुखार, उल्टी, दस्त, वायरल संक्रमण और कम तरल पदार्थ लेने की आदत शरीर में पानी की कमी पैदा कर सकती है। यह ह्लछिपा हुआ डिहाइड्रेशनह्व धीरे-धीरे बच्चों की ऊर्जा, एकाग्रता और समग्र स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है।



**बच्चों में डिहाइड्रेशन के कारण**

बच्चों में डिहाइड्रेशन के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थ न लेना, लंबे समय तक बाहर खेलना, बुखार, उल्टी, दस्त तथा विभिन्न संक्रमण शामिल हैं।

**ऐसे लक्षण जिन्हें नजरअंदाज न करें**

माता-पिता को कुछ चेतावनी संकेतों पर विशेष ध्यान देना चाहिए, जैसे बार-बार प्यास लगना, होंठ या मुंह का सूखना, थकान, चिड़चिड़ापन, आंखों का धंसा हुआ या फीका दिखाई देना तथा गतिविधियों में कमी आना।

इसके अलावा सिरदर्द, चक्कर आना, भूख कम लगना, त्वचा का रूखा होना, गहरे पीले रंग का मूत्र आना, सामान्य से कम पेशाब होना तथा ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई भी डिहाइड्रेशन के संकेत हो सकते हैं। यदि बच्चा 6 से 8 घंटे तक पेशाब न करे या सामान्य से काफी कम पेशाब करे, तो इसे गंभीरता से लेना चाहिए।

**शिशुओं में डिहाइड्रेशन के संकेत**

शिशुओं में डिहाइड्रेशन के लक्षण कुछ अलग हो सकते हैं। कम गीले डायपर, रोते समय आंसू न आना, दूध पीने में कमी, अत्यधिक चिड़चिड़ापन या असामान्य सुस्ती तथा सिर के ऊपर का मुलायम भाग (फॉन्टानेल) धंसा हुआ दिखाई देना शरीर में पानी की कमी के संकेत हो सकते हैं। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत चिकित्सकीय सलाह लेनी चाहिए।

**सीखने और गतिविधियों पर डिहाइड्रेशन का प्रभाव**

डिहाइड्रेशन बच्चों की एकाग्रता, सीखने की क्षमता और दैनिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी को प्रभावित कर सकता है। हल्का डिहाइड्रेशन भी ध्यान केंद्रित करने की क्षमता, याददाश्त और फोकस को कमजोर कर सकता है, जिससे बच्चों के लिए स्कूल में अच्छा प्रदर्शन करना कठिन हो सकता है।

**माता-पिता क्या करें?**

माता-पिता को बच्चों को पूरे दिन नियमित रूप से पानी पीने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।


## कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी सिम्भावली हापुड़

पत्रांक 144/2026-27 दिनांक 24.06.2026

**विज्ञप्ति**

निम्नलिखित विवरण के अनुसार विकास क्षे0 सिम्भावली के 3 परिषदीय विद्यालयों में निष्प्रयोज्य/ ध्वस्त भवनों की नीलामी की प्रक्रिया की जानी है-


| क्र0सं0 | विद्यालय का नाम | 10 प्रतिशत धरोहर राशि | प्रथम नीलामी की दिनांक | द्वितीय नीलामी की दिनांक | तृतीय नीलामी की दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रा0वि0 रतुपूरा | 13000 | 01.07.2026 | 04.07.2026 | 09.07.2026 |
| 2 | क0वि0 बिरसिंहपुर | 15300 | | | |
| 3 | प्रा0वि0 टोडरपुर | 6000 | | | |

उक्त भवनों की नीलामी ब्लॉक सिम्भावली के परिसर में खण्ड शिक्षा अधिकारी, सिम्भावली के कार्यालय में प्रातः 11 बजे से प्रत्येक विद्यालय की अलग-अलग सम्पन्न की जायेगी, यदि प्रथम तिथि में नीलामी नही होती है तो द्वितीय एवं तृतीय तिथियों में नीलामी की जायेगी।

**खण्ड शिक्षा अधिकारी**
विकास क्षे0 सिम्भावली

# खेत पर चारा काट रहे व्यक्ति बाइकों सवार हमलावरों ने मारी गोली

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**अलीगढ़।** थाना हरदुआगंज क्षेत्र बारा नदी खेत पर चारा काट रहे एक पर दो बाइक पर आधा दर्जन व्यक्तियों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी। हमलावरों द्वारा चलाई गई ए गोली चारा काट रहे व्यक्ति के सीन में लगी और घायल हो गया। आनन-फानन उसे मेडीकल कॉलेज ले जाया गया। मिली जानकारी के अनुसार थाना हरदुआगंज क्षेत्र के बारा नदी निवासी 63 वर्षीय जयवीर सिंह पुत्र नवल सिंह बुधवार की सुबह 10ःबजे के करीब उनकी पुत्रवधू राजकुमारी खेत पर चारा काट रहे थे। तभी अलग-अलग बाइको पर छह व्यक्ति आयो और उन्होने ताबड तोड फायरिंग करना शुरू कर दिया। बाइक सवारों द्वारा की गई फायरिंग में एक गोली जयवीर सिंह के सीन में लगी और वह घायल होकर जमीन गिर पड़े। गोली की आवाज सुनकर और लोग आ गये और घटना की सूचना पर पुलिस भी पहुंच गईं और आनन-फानन में जयवीर सिंह जेएन मेडीकल कॉलेज ले गये।

# योग से स्वस्थ जीवन और सशक्त समाज का संदेश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**





**अलीगढ़।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मंगलायतन विश्वविद्यालय के आईईआर विभाग एवं योग क्लब के संयुक्त तत्वावधान में विशेष योगाभ्यास सत्र का आयोजन विश्वविद्यालय सभागार में किया गया। इस वर्ष योग दिवस की थीम "योगा फॉर हेल्दी एजिंग" रही। जिसके माध्यम से स्वस्थ एवं संतुलित जीवन के लिए योग के महत्व को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आदि योगी शिव व महर्षि पतंजलि के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।
योग प्रशिक्षक भावना राज ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया तथा नियमित योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि तनावमुक्त जीवन, मानसिक एकाग्रता और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करने में भी सहायक है। प्रो. दिनेश पांडेय ने कहा कि आधुनिक जीवनशैली में बढ़ती स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों के बीच योग एक प्रभावी समाधान के रूप में उभरा है। कार्यक्रम के दौरान योग के माध्यम से स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र निर्माण का संदेश दिया गया। प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रो. राजीव शर्मा, प्रो. आरके शर्मा, प्रो. प्रमोद कुमार, प्रो. दीपशिखा सक्सेना, प्रो. अनुराग शाक्य, प्रो. सिद्धार्थ जैन, डा. पूनम रानी, डा. जितेंद्र यादव, डा. भारतेंदु चौहान, रामगोपाल सिंह, श्वेता भारद्वाज, दीपिका गुप्ता आदि सहित विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, कर्मचारी विद्यार्थी व एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे। संचालन संस्कृत भाषा में छात्र प्रथम ने किया।

# पथरी ऑपरेशन के 14 दिन बाद महिला की मौत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**अलीगढ़।** अतरौली के रामघाट रोड स्थित एक निजी हॉस्पिटल में पित्त की थैली में पथरी के ऑपरेशन के बाद बुधवार सुबह एक महिला की मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए 2 घंटे हंगामा किया। घटना की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को शांत कराया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। महिला को 23 जून को क्वार्सी क्षेत्र स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां उपचार के दौरान 24 जून की सुबह करीब चार बजे उनकी मौत हो गई।
जानकारी के अनुसार, अतरौली थाना क्षेत्र के गांव जखैरा निवासी 38 वर्षीय लज्जा देवी पत्नी राजू का 10 जून को अतरौली के एक निजी अस्पताल में पथरी का ऑपरेशन किया गया था। परिजनों का आरोप है कि ऑपरेशन के बाद से ही उनकी तबीयत लगातार खराब रहने लगी। पांच दिन अस्पताल में भर्ती रहने के बाद उन्हें घर भेज दिया गया, लेकिन दर्द और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं बनी रहीं। मृतक के देवर बंटी पुत्र विन्नामी सिंह ने बताया कि 16 जून को लज्जा देवी को दोबारा उसी निजी अस्पताल अतरौली में दिखाया गया, लेकिन उनकी हालत में सुधार नहीं हुआ और वह लगातार बिगड़ती चली गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बीएसएनएल ने ग्रामीण ग्राहकों के लिए 259 रुपए का नया एंट्री प्लान किया लॉन्च

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**अलीगढ़।** भारत संचार निगम लिमिटेड ने ग्रामीण क्षेत्रों के ग्राहकों को किफायती व बेहतर कनेक्टिविटी देने के उद्देश्य से 259रुपए का नया रूलर एन्ट्री प्लान लॉन्च किया है। यह योजना विशेष रूप से विद्यार्थियों, किसानों, छोटे व्यापारियों व आम ग्रामीण उपभोक्ताओं की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। योजना की प्रमुख विशेषताएं रू 259 प्रति माह का किफायती शुल्क - निःशुल्क इंस्टॉलेशन व मॉडेम डइचे तक इंटरनेट स्पीड पूरे भारत में असीमित वॉयस कॉल असीमित ब्रॉडबैंड उपयोग।
बीएसएनएल का लक्ष्य ग्रामीण व दूरदराज क्षेत्रों तक डिजिटल कनेक्टिविटी को मजबूत कर हर व्यक्ति को संचार की मुख्यधारा से जोड़ना है। यह प्लान ग्रामीण भारत को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने की दिशा में अहम कदम है।भारतनेट परियोजना से जुड़ी प्रगति भारतनेट परियोजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड पहुंचाने हेतु प्रतिबद्ध है। अलीगढ़ प्रचालन क्षेत्र के 17 ब्लॉकों में से 4 ब्लॉक में कार्य प्रगति पर है। अब तक इगलास व सिकंदराराव की 96 ग्राम पंचायतों को रिंग से जोड़ा जा चुका है, जिससे 1 ळइचे/10 ळइचे तक की स्पीड मिल सकेगी। अलीगढ़ व हाथरस के 17 ब्लॉक की 1182 ग्राम पंचायतों में फाइबर कनेक्टिविटी पहुंचाने का लक्ष्य है। भारतनेट उद्यमी योजना रूग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने हेतु बीएसएनएल ने भारतनेट उद्यमी योजना शुरू की है। इसके तहत चयनित उद्यमी एफटीटीएच ब्रॉडबैंड कनेक्शन, लास्ट माइल कनेक्टिविटी व ग्राहक सेवा देकर आय अर्जित कर सकेंगे। इससे स्थानीय रोजगार सृजन होगा और डिजिटल इंडिया को बढ़ावा मिलेगा। प्रतिबद्धता नेटवर्क गुणवत्ता व सेवा निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए संचालन-रखरखाव व्यवस्था मजबूत की जा रही है। बीएसएनएल बेहतर नेटवर्क, किफायती योजनाएं व विश्वसनीय सेवाओं के लिए लगातार प्रयासरत है।

# शादी की खुशियां मातम में बदलीं: लग्न से पहले 19 वर्षीय युवती की मौत, परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**अतरौली।** जिस घर में कुछ ही दिनों बाद शहनाइयां गूंजनी थीं, वहां गुरुवार को चीख-पुकार और मातम का माहौल छा गया। शादी की तैयारियों में जुटा परिवार उस समय गहरे सदमे में डूब गया, जब 19 वर्षीय युवती की अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।
तहसील क्षेत्र के ग्राम भोजपुर नऊरी निवासी राम प्रकाश की पुत्री हिमांशी (19) की शादी आगामी 3 जुलाई 2026 को बुलंदशहर जनपद के ग्राम डिरोरा में तय हुई थी। विवाह की तिथि नजदीक होने के कारण परिवार में तैयारियां जोरों पर चल रही थीं। घर में रिश्तेदारों के आने-जाने का सिलसिला शुरू हो चुका था और 27 जून को लग्न लेखन का कार्यक्रम प्रस्तावित था। परिजनों ने बताया कि हिमांशी अपनी शादी को लेकर बेहद उत्साहित थी। एक दिन पूर्व ही वह परिजनों के साथ शादी की खरीदारी कर लौटी थी, जिसमें करीब एक लाख रुपये के कपड़े, आभूषण और अन्य जरूरी सामान खरीदा गया था। घर में शादी की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा था और हर ओर खुशियों का माहौल था।
बताया जाता है कि बुधवार देर रात अचानक हिमांशी के पेट में तेज दर्द शुरू हो गया। दर्द बढ़ने पर परिजन घबरा गए और तत्काल एक निजी चिकित्सक को घर बुलाया गया। चिकित्सक ने युवती की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे तुरंत अस्पताल ले जाने की सलाह दी। इसके बाद परिजन आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अतरौली लेकर पहुंचे। परिजनों के अनुसार चिकित्सकों ने युवती का उपचार शुरू किया, लेकिन उसकी हालत लगातार बिगड़ती चली गई। काफी प्रयासों के बावजूद उसे बचाया नहीं जा सका और उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। बेटी की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मां, पिता और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।पिता राम प्रकाश ने बताया कि परिवार कई महीनों से बेटी की शादी की तैयारियों में लगा हुआ था। घर में खुशियों का माहौल था और सभी लोग विवाह समारोह को लेकर उत्साहित थे। उन्होंने कहा कि किसी ने सपने में भी नहीं सोचा था कि जिस बेटी को कुछ दिनों बाद डोली में विदा करना था, उसकी अर्थी उठानी पड़ेगी।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी अस्पताल पहुंची और मामले की जानकारी ली। हालांकि परिजनों ने किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई कराने से इनकार कर दिया। उनका कहना था कि उन्हें किसी पर कोई संदेह नहीं है और वे किसी प्रकार की शिकायत नहीं करना चाहते।युवती की असामयिक मृत्यु की खबर फैलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण और क्षेत्र के गणमान्य लोग परिवार के घर पहुंचे तथा शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया। जिला पंचायत सदस्य वार्ड संख्या-6 केपी सिंह भी मौके पर पहुंचे और परिवार को सांत्वना देते हुए इस दुख की घड़ी में हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। गुरुवार को गांव में गमगीन माहौल के बीच युवती का अंतिम संस्कार कर दिया गया। जिस घर में कुछ दिनों बाद शादी के गीत गूंजने थे, वहां पसरे सन्नाटे और परिजनों की आंखों से बहते आंसुओं ने हर किसी को भावुक कर दिया।

# गृह मंत्रालय में नौकरी का झांसा देकर 16 ठगे

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**




**अलीगढ़।** बरला थाना क्षेत्र में गृह मंत्रालय में डाटा ऑपरेटर की सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर दो युवकों से 16 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अलीगढ़ के निर्देश पर एंटी फ्रॉड सेल की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।
शिकायत के अनुसार, ग्राम कौरह निवासी नकुल चौधरी और उनके रिश्तेदार अंकित कुमार को बुलंदशहर निवासी करौरा सोसाइटी के सचिव एवन चौधरी उर्फ एवेन्द्र सिंह ने नौकरी का झांसा दिया था। आरोपी ने दोनों पीड़ितों से 8-8 लाख रुपए ठग लिए और उन्हें फर्जी नियुक्ति पत्र सौंप दिए।
जब पीड़ित दिल्ली स्थित संबंधित कार्यालय पहुंचे, तब उन्हें अपनी ठगी का पता चला। पीड़ितों का आरोप है कि आरोपी पिछले दो साल से पैसे लौटाने में टालमटोल कर रहा था। एसएसपी नीरज जादौंन के आदेश पर बरला थाने में आरोपी एवन चौधरी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी सुशील कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# अतरौली मंडी में किसानों की परेशानी: शौचालय पर ताले, बैठने तक की नहीं व्यवस्था

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**अतरौली।** किसानों की उपज खरीदने और उन्हें बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्थापित कृषि उत्पादन मंडी समिति अतरौली में मूलभूत सुविधाओं का अभाव किसानों और सब्जी विक्रेताओं के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। मंडी में प्रतिदिन बड़ी संख्या में किसान मक्का, गेहूं और अन्य फसलों के साथ-साथ सब्जियां बेचने पहुंचते हैं, लेकिन यहां उन्हें शौचालय, विश्राम स्थल और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाएं भी नहीं मिल पा रही हैं।
अलीगढ़ जनपद की प्रमुख मंडियों में शामिल अतरौली कृषि मंडी में दूर-दराज के गांवों से किसान अपनी उपज लेकर आते हैं। किसानों का आरोप है कि मंडी में मौजूद शौचालय पर लंबे समय से ताले लटके हुए हैं, जिसके कारण उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। खासकर महिला किसानों और सब्जी विक्रेताओं को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। किसानों का कहना है कि मंडी में सुबह से शाम तक अपनी फसल की बिक्री और तौल का इंतजार करना पड़ता है, लेकिन उनके बैठने के लिए पर्याप्त छायादार स्थान या विश्राम की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है। कई किसान अपनी उपज के बोरों पर बैठकर घंटों समय बिताने को मजबूर हैं।

**तौल के दौरान अनाज निकालने का भी आरोप**

कुछ किसानों ने तौल प्रक्रिया को लेकर भी सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि अनाज की तौल होने के बाद प्रत्येक बोरी से लगभग 250 ग्राम तक अनाज निकाल लिया जाता है। विरोध करने पर किसानों और पल्लेदारों के बीच विवाद की स्थिति बन जाती है। किसानों का कहना है कि जब खरीद और बिक्री दोनों की तौल पूरी हो चुकी होती है, तब बोरी से निकाला गया अनाज आखिर किसके हिस्से में जाता है, इसका स्पष्ट जवाब कोई नहीं देता।

**सुविधाओं के नाम पर केवल दावे**

किसानों का आरोप है कि मंडी प्रशासन की ओर से सुविधाओं के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। मंडी में आने वाले किसानों के लिए न तो पर्याप्त छायादार स्थान हैं और न ही आराम करने की कोई समुचित व्यवस्था। गर्मी और उमस के मौसम में किसानों को खुले आसमान के नीचे घंटों इंतजार करना पड़ता है।

**किसानों ने की व्यवस्था सुधारने की मांग**

किसानों और सब्जी विक्रेताओं ने मंडी प्रशासन से शौचालयों को तत्काल चालू कराने, बैठने और विश्राम की व्यवस्था करने, पेयजल की पर्याप्त सुविधा उपलब्ध कराने तथा तौल प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की है। उनका कहना है कि किसानों से मंडी शुल्क, मजदूरी और अन्य मदों में शुल्क लिया जाता है, लेकिन बदले में उन्हें आवश्यक सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं।

**क्या कहते हैं जिम्मेदार**

मंडी सचिव का कहना है कि मंडी में किसानों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं और व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। हालांकि किसानों का दावा है कि मौके पर स्थिति इसके विपरीत दिखाई देती है।
अब देखना यह होगा कि किसानों की शिकायतों को मंडी प्रशासन कितनी गंभीरता से लेता है और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं।

# करणी सेना ने सिवनी मालवा के गोरक्षकों को उम्रकैद के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**अलीगढ़।** क्षत्रिय करणी सेना के पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ठा. ज्ञानेंद्र सिंह चौहान के दिशा-निर्देशन में एवं ब्रज प्रांत युवा शक्ति अध्यक्ष उमेश कुमार सिंह व युवा जिलाध्यक्ष सचिन राघव के नेतृत्व में प्रदर्शन कर जिलाधिकारी अलीगढ़ को ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में मध्य प्रदेश के सिवनी मालवा में 14 गोरक्षकों को सुनाई गई उम्रकैद की सजा का विरोध करते हुए उनकी रिहाई की मांग की गई। करणी सेना ने मामले की उच्चस्तरीय निष्पक्ष जांच और न्यायिक समीक्षा की मांग उठाई। ठा. ज्ञानेंद्र सिंह चौहान, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि गौ माता सनातन धर्म में पूज्यनीय हैं और 33 कोटि देवी-देवताओं का वास माना जाता है। इसी कारण सनातनी हिंदू गौ सेवा एवं गौ रक्षा के लिए कार्य करते हैं। उन्होंने पूर्व के कुछ मामलों का उल्लेख करते हुए वर्तमान फैसले पर पुनर्विचार की मांग की। ज्ञापन में संबंधित न्यायिक अधिकारी के पूर्व निर्णयों की समीक्षा की मांग भी शामिल की गई। इस अवसर पर ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष संजय सिंह, राजेंद्र मॉर्गन, पं. केशव देव, अवनीश राघव, योगेश वर्मा, सुनील शर्मा, बॉली शर्मा, आशीष सिंह, अभिनव ठाकुर, शरद ठाकुर, प्रिंस अग्रवाल, हर्ष राणा, सुमित चौहान वाल्मीकि, अमित कुशवाहा, धर्मेंद्र कुमार, धर्मेंद्र सिंह, बड़ी संख्या में करणी सैनिक उपस्थित रहे।

**जन्मदिन** — आज वृक्ष लगाकर उनका जन्मदिन बहुत सादगी के साथ मनाया है

# शिक्षा मंत्री के जन्मदिन पर वृक्ष लगाकर की लंबी उम्र कामना करते विक्रम जीनवाल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**अलीगढ़।** आज दिनांक 24 , 6 ,26 को भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष महर्षि वाल्मीकि सेना के प्रदेश अध्यक्ष विक्रम जीनवाल वाल्मीकि ने सेना के प्रदेश कार्यालय क्यामपुर वाल्मीकि बस्ती मैं उत्तर प्रदेश सरकार के लोकप्रिय शिक्षा मंत्री माननीय संदीप सिंह संजू भैया जी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर वृक्षारोपण किया गया भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष विक्रम जीनवाल ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की ओर से पर्यावरण को बचाने हेतु एक पेड़ मां के नाम एक महा अभियान चल रहा उसी को ध्यान में रखते हुए माननीय शिक्षा मंत्री श्री संदीप सिंह जी के जन्मदिन है यह भी बड़े गर्भ का बात है और आज दोनों शुभ अवसरों पर पेड़ क्यामपुर वाल्मीकि बस्ती में लगाया इस मौके भाजपा नेता विक्रम जीनवाल वाल्मीकि ने बताया कि माननीय संदीप भैया जी जो युवाओं के हृदय सम्राट है जो कार्यकताओं को सदैव हृदय से लगाकर रखते हैं जनता की पीड़ा को सुन उनका समाधान करते हैं और माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के सबसे लाडले मंत्री के रूप में उत्तर प्रदेश में जनता की सेवा कर रहे हैं ऐसे महान शख्शियत के जन्मदिन के अवसर पर हमने आज वृक्ष लगाकर उनका जन्मदिन बहुत सादगी के साथ मनाया है इस मौकी पर वाल्मीकि मंदिर के संस्थापक कयामपुर वीरेंश वाल्मीकि राम प्रकाश वाल्मीकि मेघ सिंह वाल्मीकि राहुल चौहान राधेलाल वाल्मीकि कुंवरपाल वाल्मीकि सोनू वाल्मीकि जसवीर वाल्मीकि कंचन पाल सिंह जाटव मलखान सिंह जाटव बदल राणा विजय जाटव सचिन वाल्मीकि दिनेश वाल्मीकि अरबिंद वाल्मीकि कुलदीप बाल्मीकि सचिन वाल्मीकि सतीश वाल्मीकि मुन्नी देवी विमलेश देवी पुष्प देवी हरवेदी देवी मोनू चौहान प्रमोद वाल्मीकि अनुज वाल्मीकि करण वाल्मीकि हिमांशु वाल्मीकि सन्तोष वाल्मीकि आदि लोग उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा थाना टप्पल के विवेचकों का किया गया अर्दली रूम

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**अलीगढ़।** पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री मनीष कुमार मिश्र द्वारा थाना टप्पल के समस्त विवेचकों का अर्दली रूम किया गया । महोदय द्वारा लंबित विवेचनाओं (महिला संबंधी अपराधों, पॉक्सो एक्ट, साइबर अपराध एवं गंभीर प्रकृति के अभियोगों) की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान विवेचनाओं के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।
पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा विवेचकों को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक प्रकरण में निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच सुनिश्चित की जाए तथा अभियुक्तों के विरुद्ध प्रभावी वैधानिक कार्यवाही की जाए। साथ ही विवेचना से संबंधित अभिलेखों को अद्यतन रखने, वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी करने एवं मा0 न्यायालय से संबंधित प्रकरणों को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

# पौधारोपण अभियान: एचपीडीए करीब 20 हजार पौधों रोपित करेगा: वीसी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन कर प्राधिकरण की योजनाओं में विभिन्न प्रजातियों के करीब 20 हजार पौधों का रोपण किया जायेगा। प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने पौधारोपण करने के लिए प्राधिकरण की योजनाओं का निरीक्षण भी किया। हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष मुकेश चन्द्र ने बताया कि वर्ष 2026-27 में सरकार ने 35 करोड़ पौधारोपण करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। प्राधिकरण द्वारा पौधारोपण करने की तैयारी की जा रही है। प्राधिकरण द्वारा करीब 20 हजार का रोपण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि पौधारोपण अभियान में हापुड़ पिलखुवा

- प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने योजनाओं का किया निरीक्षण
- प्राधिकरण की योजनाओं में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किये जायेंगे
- पौधारोपण करने में विभिन्न बैंक शाखाओं से भी सहयोग लिया जायेगा



विकास प्राधिकरण द्वारा विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण प्राधिकरण की योजनाओं में किया जायेगा। जिसके लिए बुधवार को उनके द्वारा प्राधिकरण की योजनाओं का निरीक्षण भी किया गया है।

उन्होंने बताया कि वन विभाग द्वारा पौधे उपलब्ध कराये जो रहे है,प्राधिकरण अपनी पौधशाला से विभिन्न प्रजातियों के पौधे लेकर रोपित करेगा। साथ ही पौधों रोपण कर उनकी देखभाल करने की भी शपथ दिलाई जायेगी। साथ ही पौधारोपण करने में विभिन्न बैंक शाखाओं से भी सहयोग लिया जायेगा।

एचपीडीए के अधीक्षण अभियंता व प्रभारी सचिव अमित कादियान ने बताया पौधे वर्षा कराने में सहायक होते है। सभी को अपने जन्म दिवस पर एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। साथ ही उसकी देखभाल अपने बच्चे की भांति करना चाहिए। सभी पौधारोपण कर पृथ्वी का श्रृंगार जरूर करें।

# कबाडियों ने सड़क पर अवैध कब्जा किया,नपा बनी मूकदर्शक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

- कुष्ठ आश्रम रोड से लोगों का निकलना हुआ दुर्भर
- नपा के कूड़े से भरे ठेले खड़े होने से फैल रही है दुर्गंध
- कांवड यात्रा के दौरान कुष्ठ आश्रम रोड से गुजरेंगे हजारों की शिव भक्त
- शहर में कबाडियों का कराया जायेगा सत्यापन:इला
- डीएम ने नगर पालिका परिषद को सड़कों से अतिक्रमण हटाने के दिये निर्देश

**हापुड़।** फ्री गंज रोड स्थित कुष्ठ आश्रम रोड कबाड़ी रोड बनकर रह गयी है। कबाडियों द्वारा सड़क पर अवैध रूप से कब्जा करने व नगर पालिका परिषद के कूड़े से भरे रिक्शे खड़े होने से लोगों को निकलना वहां से दुर्भर हो गया है। आगामी माह में शुरू होने जा रही कांवड यात्रा के दौरान उक्त मार्ग से हजारों की संख्या में शिव भक्तों गुजरेंगे। इसके बावजूद भी नगर पालिका परिषद द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। आपको बता दें,कि कुष्ठ आश्रम रोड से आवास विकास कालोनी व करीब एक दर्जन गांव की जनता का प्रतिदिन आवागमन होता है। पिछले कुछ महीनों से कुष्ठ आश्रम रोड पर कुछ कबाडियों ने अपनी दुकानें खोल ली है। और कबाडियों ने सामान रखकर सड़क पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया। जिससे कुष्ठ आश्रम रोड कबाड़ी रोड बनकर रह गया है। वहीं नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों द्वारा कूड़े से भरे रिक्शे खड़े करने से मार्ग पर दुर्गंध फैली रहती है। जिससे लोगों से वहां से निकलना दुर्भर हो गया है। इस सम्बंध में सदर इला प्रकाश का कहना है,कि कुष्ठ आश्रम रोड से सड़क से अवैध अतिक्रमण हटवाने के साथ-साथ शहर में कबाडियों का सत्यापन भी कराया जायेगा। वहीं नगर पालिका परिषद के अधिकारियों को निर्देशित किया जा रहा है,कि कुष्ठ आश्रम रोड पर कूड़े से भरे व खाली रिक्शा खड़े नहीं किये जाये। गौरतलब है,कि आगामी माह में कांवड यात्रा शुरू होने जा रही है।





यात्रा के दौरान कुष्ठ आश्रम रोड से हजारों की संख्या में शिव भक्त गुजरेंगे। इसके बावजूद भी नगर पालिका परिषद द्वारा इस ओर ध्यान देना उचित नहीं समझ रही है।

दूसरी ओर जिलाधिकारी कविता मीना ने भी बैठक में नगर पालिका परिषद को सड़कों से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये है। अब देखना होगा कि नगर पालिका परिषद कुष्ठ आश्रम रोड से अतिक्रमण हटवाती है,या डीएम के आदेश को ठेंगा दिखायेगी।

# कवियों ने योग को बताया स्वस्थ जीवन का मंत्र

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में श्री राम राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था अयोध्या धाम द्वारा ऑनलाइन अखिल भारतीय काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों से जुड़े कवियों और साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से योग के महत्व, मानसिक शांति और स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ साहित्यकार अशोक गोयल चक्रवर्ती ने की। मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ कवयित्री बीना गोयल उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ, जिसके बाद कवियों ने योग, स्वास्थ्य और भारतीय संस्कृति पर आधारित रचनाओं का पाठ किया।

अपने संबोधन में अशोक गोयल चक्रवर्ती ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा को संतुलित रखने की प्राचीन भारतीय पद्धति है। उन्होंने सभी आयु वर्ग के लोगों से नियमित योग अपनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में सारिका मेहता, अरुणा पवार, राम कुमारी, प्रेमचंद, योगेश वशिष्ठ, किरण अग्रवाल, दिलीप कुमार शर्मा, सपना अग्रवाल, रामदेव राही तथा बाल कवि हिमांक गोयल सहित अनेक साहित्यकारों ने सहभागिता की। अंत में सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दी श्रद्धांजलि, वक्ताओं ने याद किया योगदान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** नगर के शैलेश फार्म स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क में आयोजित एक श्रद्धांजलि सभा में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक, शैक्षिक और विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के सामूहिक गायन के साथ हुई। इसके बाद वक्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के राष्ट्र निर्माण में योगदान, उनकी दूरदर्शी सोच तथा राष्ट्रीय एकता के लिए किए गए संघर्ष पर विस्तार से विचार रखे।

मुख्य वक्ता आशुतोष भटनागर ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का जीवन देशहित के लिए समर्पित रहा और उनके विचार आज भी युवाओं को प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने उनके आदर्शों को अपनाने तथा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का संदेश दिया।



इस अवसर पर बी.के. मित्तल, प्रवीन शर्मा, विपिन अग्रवाल, सुरेश गुप्ता, सुशील सिंघल, मयंक हिंदू, विशाल मित्तल, मनोज आत्रेय, राजपाल शर्मा, विनय अग्रवाल, मनोज शिशौदिया, अंकित गोयल, वीर सैन बंसल एवं अजय रिठारिया सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन श्रद्धांजलि अर्पण एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# लखनऊ कोचिंग घटना में मृतक छात्र-छात्राओं को श्रद्धांजली अर्पित की

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** बुधवार को समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर वीरांगना महारानी दुर्गावती का बलिदान दिवस अत्यंत गरिमामयी तरीके से मनाया गया। जिला कार्यालय पर उपस्थित पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने वीरांगना महारानी दुर्गावती के शौर्य को नमन किया व पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी साथ ही लखनऊ में कोचिंग पढ़ रहे विद्यार्थियों के साथ हुई हृदय विदारक घटना में जान गंवाने वाले छात्रों व छात्राओं को श्रद्धांजलि देने के लिए एक शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष तेजपाल प्रमुख, इकबाल कुरैशी, श्याम सुंदर भुर्जी,पुरुषोत्तम वर्मा एडवोकेट,प्रीति रानी, राजेश यादव, खुशबू अली,अफसाना चौधरी, दीपिका चुग, रेशमा यादव, यशी यादव, आदेश गोस्वामी,कमाल मंसूरी, वसीम मेवाती, संजय सिंह यादव आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




# ऑन डिमांड वाहन चोरी करने वाला सक्रिय वाहन चोर गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** जनपद की सदर कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह के सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से थाना क्षेत्र से चोरी की ईको कार बरामद की है।

**गिरफ्तार वाहन चोर से चोरी की ईको कार बरामद की**

थाना सदर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मुनीश चौहान ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जनपद में वाहन चोरों की गिरफ्तार के लिए चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में थाना पुलिस ने सबली गांव को जाने वाले मार्ग पर अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह के सक्रिय सदस्य को थाना क्षेत्र से चोरी की ईको कार के साथ गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार वाहन चोर का नाम संजय उर्फ संजू उर्फ दीपक पुत्र चन्द्रपाल उर्फ थान सिंह निवासी मूल पता दरबार थाना आहार जनपद बुलन्दशहर हाल पता देवी धाम कालोनी थाना खुर्जा नगर जनपद बुलन्दशहर है। जो एनसीआर क्षेत्र व अन्य जनपदों,राज्यों से ऑन डिमांड वाहनों की चोरी कर उनके बेचकर आर्थिक लाभ कमाता है। गिरफ्तार वाहन चोर के खिलाफ जनपद हापुड़, बुलन्दशहर, बदायूं व दिल्ली में लूट,चोरी, हत्या व हत्या का प्रयास के 4 दर्जन अभियोग पंजीकृत है।



# किशोरी को कुत्ते ने काटा, मौहल्ले वासियों ने उठाई कार्रवाई की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** नगर के धर्म कांटा क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। बुधवार को एक किशोरी कुत्ते के हमले का शिकार हो गई, जिसके बाद उसे उपचार के लिए चिकित्सक के पास ले जाना पड़ा। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने नगर पालिका से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

बताया गया कि 14 वर्षीय कंचन किसी कार्य से घर से बाहर निकली थी। इसी दौरान रास्ते में घूम रहे एक आवारा कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया और काटकर घायल कर दिया। किशोरी के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद कुत्ता वहां से भाग गया। परिजनों ने छात्रा को तत्काल उपचार दिलाया। मोहल्लेवासियों का कहना है कि क्षेत्र में आवारा कुत्तों की संख्या बढ़ने से बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों में भय का माहौल है। लोगों के अनुसार पहले भी कई लोग कुत्तों के हमले का शिकार हो चुके हैं।

नागरिकों ने नगर पालिका से आवारा कुत्तों को पकड़ने और समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की है। अधिशासी अधिकारी इंद्रपाल सिंह ने बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।





**ज्येष्ठ गंगा दशहरा पर्व**

## गंगा में स्नान कर श्रद्धालुओं ने हर-हर गंगे का किया उद्घोष

# गढ़, ब्रजघाट व पुष्पावती पूठ में गंगा नदी में लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़,गढ़मुक्तेश्वर।** बुधवार को ज्येष्ठ गंगा दशहरा पर्व पर गढ़मुक्तेश्वर, ब्रजघाट व पुष्पावती पूठ स्थित गंगा नदी में लाखों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाकर हर-हर गंगे का उद्घोष किया। पुलिस प्रशासन व जिला पंचायत द्वारा तीनों स्थानों श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता प्रबन्ध किये गये थे। ब्रजघाट राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम की स्थिति उत्पन्न नहीं हो,इसके लिए पुलिस अधीक्षक अधीक्षक पुलिस कर्मियों व यातायात कर्मियों को सख्त निर्देश दिये गये।

- जि.पं.अधिकारियों ने गंगा किनारे हवन पूजन कर गंगा में स्नान किया
- गंगा में स्नान करने से मनुष्य 10 पापों से मुक्त होता है:पं.विनोद शास्त्री

आपको बता दें,कि ज्येष्ठ गंगा दशहरा पर्व पर गंगा स्नान करने के लिए मंगलवार की शाम से ही उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों,दिल्ली व हरियाणा राज्य से श्रद्धालुओं ने अपने-अपने वाहनों से गढ़मुक्तेश्वर व ब्रजघाट स्थित गंगा किनारे अपना डेरा डाल लिया था। बुधवार की तड़के ज्येष्ठ गंगा दशहरा पर्व पर श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर हर-हर गंग का उद्घोष करते हुए अपने-अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गये। रविवार की शाम तक श्रद्धालुओं के आने का आने जाने का क्रम जारी था। ज्येष्ठ गंगा दशहरा पर्व पर गढ़मुक्तेश्वर व ब्रजघाट एवं पुष्पवती पूठ घाट स्थित गंगा नदी में लाखों श्रद्धालुओं ने स्नान किया।



पुलिस प्रशासन द्वारा ज्येष्ठ गंगा दशहरा पर्व पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। मेला स्थल पर ड्रोन कैमरे से कड़ी नजर रखी गयी। डॉग स्क्वायड से संदिग्ध स्थानों व लोगों की चेकिंग भी कराई गयी। मेला स्थल पर पुलिस अधिकारियों व पुलिस कर्मियों की तैनाती से ज्येष्ठ गंगा दशहरा मेला शांतिपूर्ण संपन्न होने जिला प्रशासन ने राहत की सांस ली है। ब्रजघाट नेशनल हाइवे पर जाम की स्थिति उत्पन्न नहीं हो इसके लिए पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानेजय सिंह पुलिसकर्मी कर्मियों व ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को दिशा निर्देश दिये गये। जिसका असर भी दिखाई दिया,बुधवार को जाम की स्थिति उत्पन्न नहीं हो सकी।



ज्येष्ठ गंगा दशहरा पर्व पर गढ़मुक्तेश्वर में गंगा किनारे जिला पंचायत विभाग के अधिकारियों ने हवन पूजन कर गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर देश प्रदेश में शांति बनाये रखने की प्रार्थना की।

गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र के पुष्पावती पूठ गंगा घाट पर ज्येष्ठ गंगा दशहरा मेले पर भी श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर पुण्य अर्जित किया। पंडित विनोद शास्त्री ने बताया गंगा सप्तमी को मां गंगा शिवजी की जटाओं में आई थी,तभी गंगा दशहरा को मां गंगा राजा भगीरथ की तपस्या से प्रसन्न होकर राजा सागर के 6000 पुत्र कपिल मुनि के श्राप से मुक्ति दिलाने के लिए राजा भगीरथ ने तपस्या की और मां गंगा पृथ्वी पर अवतरित हुई,तभी से ज्येष्ठ गंगा दशहरा मेला लगता आ रहा है। गंगा में स्नान करने से मनुष्य 10 पापों से मुक्त होता है।

**मीठा शरबत वितरित किया**

वहीं ज्येष्ठ गंगा दशहरा पर पड़ रही भीषण गर्मी में लोगों को राहत देने के लिए जनपद में विभिन्न स्थानों पर लोगों ने शिविर लगाकर मीठा शरबत वितरित किया।

# शॉर्ट सर्किट से कपड़े की दो दुकानों में लगी आग, अग्निशमन विभाग कर्मियों ने आग पर काबू पाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के खाई मोहल्ले में शॉर्ट सर्किट से कपड़े की दो दुकानों में आग लग गई। सूचना पर पहुंची फायर सर्विस यूनिट ने स्थानीय लोगों की मदद से बाल्टी और मग्गे से पानी डालकर आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

आपको बता दें,कि आग सुनारों की मार्केट से आगे खाई मोहल्ले में स्थित मीनू क्लॉथ स्टोर और अमीर पुत्र मीनू की कपड़े की दुकान में लगी। मीनू क्लॉथ स्टोर में नग, सितारे, बेल आदि का काम होता है, जबकि दूसरी दुकान में कपड़े और साडियां रखी थीं। फायर सर्विस यूनिट को सूचना मिलते ही टीम रवाना हुई,लेकिन रास्ता संकरा होने के कारण फायर ब्रिगेड की गाड़ी घटनास्थल तक नहीं पहुंच सकी। मौके पर स्थानीय लोग पहले से ही टंकी के पाइप से आग बुझाने में जुटे थे।




फायरकर्मियों ने दुकान में लगे प्लाईवुड के बोर्ड को तोड़कर अंदर लगी आग को पूरी तरह शांत किया गया। आग से कपड़े, सूट, साड़ी, नग, सितारे, बेल, प्लाईवुड आदि का सामान जल गया। जिससे दोनों दुकानदारों का लाखों का नुकसान हो गया।

## सम्पादकीय

# खतरे की घंटी बजा



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

टीसीएस में मानव कर्मचारियों की संख्या आधी रह जाएगी। जो वहां होगा, वही रुझान अन्य आईटी कंपनियों में भी देखने को मिल सकता है। भारत की आईटी इंडस्ट्री में फिलहाल 60 लाख से ज्यादा कर्मचारी हैं।

टाटा कंसल्टैंसी सर्विसेज (टीसीएस) के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन दो टूक यह कह कर खतरे की घंटी बजा दी है कि उनकी कंपनी में अब जितने मानव कर्मचारी होंगे, उतनी ही संख्या आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) एजेंट लगाए जाएंगे। इसका सीधा मतलब यह है कि मानव कर्मचारियों की संख्या अगले कुछ वर्षों में आधी रह जाएगी। जो टीसीएस में होगा, जाहिर है, वही रुझान अन्य आईटी कंपनियों में भी देखने को मिलेगा। भारत की आईटी इंडस्ट्री में फिलहाल 60 लाख से ज्यादा कर्मचारी हैं। इस क्षेत्र में तनख्वाह अपेक्षाकृत ज्यादातर अन्य क्षेत्रों से अधिक रही है।

इस रूप में ये उद्योग भारत में उपभोक्ता मध्य वर्ग का सबसे बड़ा सहारा है। आय कर दाताओं में सबसे बड़ा हिस्सा आईटी कर्मियों का ही है। अब अगर रोजगार के लिहाज से देखें, तो एआई इस क्षेत्र के लिए तलवार बन कर आई है। नए डिग्रीधारियों के लिए अवसर यहां पहले से सिकुड़ रहे हैं। पिछले साल कर्मचारियों की छंटनी भी जोर पकड़ गई। खुद टीसीएस से 12 हजार कर्मी निकाले गए। अब चंद्रशेखरन ने साफ किया है कि यह सब नीतिगत निर्णय के तहत हो रहा है। मतलब यह कि साल 2000 के आसपास इंजीनियरिंग कॉलेज की डिग्री लेकर बेहतर करियर बना लेने का जो भरोसा भारत में बना, अब उसकी नींव हिलने लगी है।


नौकरियों की संभावना नहीं होगी, तो इंजीनियरिंग कॉलेजों के फैले जाल पर भी बुरा असर पड़ेगा। आशंका पहले से जताई जा रही है कि इन सबका असर मध्य वर्ग के सिकुड़ने के रूप में सामने आएगा। यानी आईटी इंडस्ट्री में जो होने जा रहा है, उसके परिणाम दूरगामी हैं।

बेशक, एआई से नए कौशल वाली कुछ नौकरियां पैदा होंगी। लेकिन ट्रेंड यह है कि एआई एजेंट दोहराव वाले हर ऐसे कार्य के लिए प्रशिक्षित होते जा रहे हैं, जिनमें तकनीकी कौशल की जरूरत पड़ती है। स्पष्टतः जितनी नौकरियां जाएंगी, उसकी तुलना में बहुत कम नए रोजगार पैदा होंगे। और यह तो सिर्फ आईटी इंडस्ट्री की बात है। एआई का उपयोग ऐसे अनेक क्षेत्रों में बढ़ रहा है, जहां ह्वाइट कॉलर रोजगार के अवसर बनते रहे हैं। वहां भी तलवार गिरने वाली है।

## आज का विचार

“हर दिन एक नया मौका है,
अपनी गलती सुधारने का,
और खुद को फिर से बेहतर
बनाने का।”

# मानसून बिगड़ा तो देश की आर्थिक स्थिति और महंगाई पर असर संभव



अशोक भाटिया

भारतीय रिजर्व बैंक के जून बुलेटिन में प्रकाशित स्टेट ऑफ द इकोनॉमी लेख में कहा गया है कि यदि दक्षिण-पश्चिम मानसून उम्मीद के मुताबिक नहीं रहता, तो इसका असर देश की आर्थिक वृद्धि और महंगाई पर पड़ सकता है. भारत की अर्थव्यवस्था फिलहाल मजबूत स्थिति में है, लेकिन कृषि और ग्रामीण मांग काफी हद तक मानसून पर निर्भर करती है. ऐसे में कमजोर बारिश खाद्य उत्पादन को प्रभावित कर सकती है, जिससे महंगाई बढ़ने और उपभोक्ताओं की क्रय शक्ति पर असर पड़ने की आशंका पैदा हो सकती है।

लेख में कहा गया है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक माहौल अभी पूरी तरह स्थिर नहीं हुआ है. पश्चिम एशिया में हाल के अंतरिम शांति समझौते से कुछ राहत जरूर मिली है, लेकिन भू-राजनीतिक तनाव और व्यापार से जुड़ी अनिश्चितताएं अभी भी बनी हुई हैं. रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में आर्थिक जोखिम ऊंचे स्तर पर बने हुए हैं और यदि मौजूदा समझौते कमजोर पड़ते हैं या तनाव फिर बढ़ता है, तो इसका असर वैश्विक बाजारों और निवेश गतिविधियों पर दिखाई दे सकता है।

इस समय मानसून का इंतजार कर रहे किसानों के साथ-साथ मानसून की राह देख रहे उत्तर भारत के लोगों के लिए अच्छी खबर नहीं है क्योंकि मानसून अपने समय से लेट हो चुका है। मौसम विभाग के मुताबिक मानसून एक सप्ताह की देरी से आ सकता है। स्काईमेट का दावा है कि उत्तर भारत में मानसून आने में देर हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार इस बार वह कमजोर रहने वाला है, जबकि प्री-मानसून में भी बारिश बहुत कम हुई है। इसके साथ ही आधिकारिक तौर पर चार माह के लिए बारिश के मौसम की शुरूआत होती है। लेकिन इस बार आठ जून को मानसून के केरल तट पहुंचते की संभावना जताई गई थी।

गौरतलब है कि पिछले कुछ सालों से भारतीय मानसून को अल-नीनो ने कमजोर करते आ रहा था। कृषि, भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ होने के कारण मानसून यहां की कृषि और अर्थव्यवस्था, दोनों को समान रूप से प्रभावित करता है। वास्तव में, मानसून के आसपास भारतीय अर्थव्यवस्था घूमती है। मानसून असफल रहता है तो देश के विकास और अर्थव्यवस्था पर विपरित प्रभाव पडेगा। दरअसल, एक खराब मानसून न केवल तेजी से बढ़ती उपभोक्ता वस्तुओं की मांग को कमजोर करता है, बल्कि आवश्यक खाद्य वस्तुओं के आयात को भी बढ़ावा देता है, और सरकार को कृषि ऋण छूट जैसे उपाय करने को भी मजबूर करता है। जिससे सरकार पर वित्त का दबाव बढ़ जाता है। वातावरण में आ रहे बदलावों ने बीते कुछ दशकों के दौरान मानसून के मिजाज को बदल डाला है।

विशेषज्ञों को लग रहा है कि हमें अपनी खेती में बड़े बदलाव लाने की जरूरत है। उनका मानना है कि अगर जल्द ही हमारी खेती ने मानसून के बदले मिजाज के साथ तालमेल नहीं बिठाया तो एक अरब से ज्यादा आबादी वाले हमारे देश में अभूतपूर्व खाद्यान्न संकट पैदा हो सकता है। जाहिर है, जिस तरह से सिंचाई भगवान भरोसे है और ग्लोबल वार्मिंग से बारिश का चक्र बदल रहा है। उसका सीधा असर कृषि पर पड़ रहा है।

इससे राष्ट्रीय आय में गिरावट के चलते सरकार का राजस्व तेजी से गिरावट आ सकती है। इसलिए कह सकते हैं कि राज्य का राजस्व और आय हर साल मॉनसून पर निर्भर करती है। इन्हीं वजहों से कहा जाता है कि मॉनसून का भारतीय अर्थव्यवस्था से गहरा नाता है।

यदि मानसून कमजोर रहा तो देश के सामने कई मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं। कृषि उत्पाद पर असर पड़ सकता है। पैदावार पूरी तरह प्रभावित होने से महंगाई का बढ़ना निश्चित है। इतना ही नहीं, अर्थव्यवस्था में प्राण फूंकने की कोशिशों को करारा झटका लग सकता है। वहीं ग्रामीण आमदनी और उपभोक्ता के खर्च के लिए मौसमी बारिश अहम कारक है। देश की दो-तिहाई भाग ग्रामीण क्षेत्रों में है, जहां कृषि ही आय का मुख्य स्त्रोत है। मानसून को लेकर जो खबरें आ रही हैं, उनसे लग रहा है कि परिस्थितियां डराने वाली होंगी।

वास्तव में किसानों के लिए गर्मी के मौसम की बारिश बड़ी अहमियत रखते है क्योंकि देश के केवल 40 फीसद कृषि क्षेत्र के बारे में कहा जा सकता है कि वहां सिंचाई की सुविधाएं हैं और एकाध मानसून में वह गड़बड़ी बर्दाश्त कर सकता है। लेकिन शेष 60 फीसद इलाका मानसून पर ही निर्भर होता है। ऐसे में बारिश सामान्य से कम हुई तो मुश्किल होना स्वाभाविक है। यों कहें बारिश और खाद्यान्न उत्पादन का कीमतों से सीधा संबंध है। कम बारिश और उच्च मंहगाई का रिश्ता स्पष्ट दिखाई देता है। चूंकि देश के 14 करोड़ से अधिक परिवार खेती पर निर्भर है, इसलिए कम बारिश की स्थिति में खेती-किसानी से जुड़े अधिकांश छोटे किसानों का जीवन सर्वाधिक प्रभावित होता है। तो कहा जा सकता है कि अभी भी भारतीय कृषि बहुत हद तक मानसून पर निर्भर है।

भारतीय खाद्यान्नों की शत-प्रतिशत पूर्ति यहां होने वाली कृषि से ही होती है, जो पूर्णतया खेती की सफलता पर निर्भर है।

इसके अतिरिक्त, देश के 22 करोड़ पशुओं को चारा भी कृषि से ही प्राप्त होता है। कृषि के न होने या अत्याल्पावस्था में हो पाने की स्थिति में पशुओं से प्राप्त होने वाली आय तथा सुविधाओं में कमी आ जाती है। इस तरह मानसून के प्रतिकूल होने पर देश में खाद्यान्नों तथा कृषि से संबद्ध विभिन्न उद्योगों के लिए कच्चा माल विदेशों से मांगना पड़ता है, जिसके लिए काफी मात्रा में विदेशी मुद्रा का व्यय होता है। मौसम अनुकूल रहता है तो इन्हीं उत्पादों का विदेशों को निर्यात कर बड़ी मात्रा में विदेशी पूंजी प्राप्त हो जाती है।

वातावरण में आ रहे बदलावों ने बीते कुछ दशकों के दौरान मानसून के मिजाज को बदल डाला है। विशेषज्ञों को लग रहा है कि हमें अपनी खेती में बड़े बदलाव लाने की जरूरत है। उनका मानना है कि अगर जल्द ही हमारी खेती ने मानसून के बदले मिजाज के साथ तालमेल नहीं बिठाया तो एक अरब से ज्यादा आबादी वाले हमारे देश में अभूतपूर्व खाद्यान्न संकट पैदा हो सकता है।

जाहिर है, जिस तरह से सिंचाई भगवान भरोसे है और ग्लोबल वार्मिंग से बारिश का चक्र बदल रहा है। उसका सीधा असर कृषि पर पड़ रहा है। बेशक, दिन प्रतिदिन हमारी जरूरतें बढ़ रही हैं। 2050 में 1.6 से 1.7 अरब भारतीयों का पेट भरने के लिए हमें 45 करोड़ टन खाद्यान्न की जरूरत होगी यानी मौजूद से दुगना।

ऐसे में बिना सिंचित क्षेत्र में वृद्धि के सिर्फ मानसून भरोसे इसे हासिल करना असंभव है। यह विडंबना है कि आजादी के सात दशक बाद भी हम मानसून पर निर्भरता कम नहीं कर पाए।

## सफर

सफर लिखूँ मैं इसलिए, याद रहे हर मोड़।
कितनी दूर चला यहाँ, कितने टूटे जोड़।।

राहों ने सिखला दिया, जीवन का व्यवहार।
अपने कितने साथ थे, किसने किया किनार॥
वक्त-वक्त की धूप ने, बदले कितने तोड़–
कितनी दूर चला यहाँ, कितने टूटे जोड़॥

कुछ चेहरे मुस्कान थे, कुछ बन बैठे घाव।
कुछ ने थामा हाथ तो, कुछ कर गए दुराव॥
साथ चले जो दूर तक, गए अचानक छोड़–
कितनी दूर चला यहाँ, कितने टूटे जोड़॥

सपनों की गठरी लिए, निकला था नादान।
ठोकर ने हर मोड़ पर, रची नई पहचान॥
आँसू, हँसी, संघर्ष सब, जीवन की थी ओढ़–
कितनी दूर चला यहाँ, कितने टूटे जोड़॥

अपनेपन के नाम पर, मिलते रहे हिसाब।
रिश्तों के बाजार में, बिकते देखे ख्वाब॥
मन के कच्चे धागे भी, समय गया जब तोड़–
कितनी दूर चला यहाँ, कितने टूटे जोड़॥

फिर भी हिम्मत हारकर, बैठा नहीं मुँह फेर।
अंधियारों के बीच भी, खोजा नया सवेर॥
गिरकर फिर उठता रहा, लेकर जीवन दौड़ –
कितनी दूर चला यहाँ, कितने टूटे जोड़॥

'सौरभ' जीवन-पथ का, यही रहा निचोड़।
चलते रहना सीख ले, चाहे टूटें जोड़॥
यादों की इस पोटली, संचित हर इक मोड़–
कितनी दूर चला यहाँ, कितने टूटे जोड़॥

डॉ. सत्यवान सौरभ



**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**

**वैधानिक सूचना**

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

# उपहार की राख से लखनऊ की लपटों तक



मंगल सिंह
(शोधार्थी, बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ)

सन 1997 में यही जून का महिना था जब दिल्ली के मशहूर उपहार सिनेमा में बॉर्डर फिल्म लोगों के द्वारा देखी जा रही थी , तभी अचानक से बेसमेंट में लगे इलेक्ट्रिक ट्रांसफॉर्मर में आग लग गई और देखते ही देखते पूरे सिनेमा हाल के अन्दर धुआँ भर गया था` इस अफरा तफरी में 59 लोगों की जान गई थी और साथ ही 100 से अधिक लोग घायल हुए थे ऐसा इसलिए हुआ था क्यूंकी उस सिनेमा हाल में निकास द्वार ही बंद थे और एमरजेन्सी लाइट काम ही नहीं कर रही थी` अंसल बंधुओं ने सुरक्षा के सारे मानक को ताक पर रख दिया था विडम्बना यह थी कि जिनके सगे संबंधी इस दुर्घटना में अपनी जान गवाई उनके लिए भी न्याय मिलना आसान नहीं था` पीड़ित परिवारों ने एसोसिएशन ऑफ विक्टिम्स ऑफ उपहार ट्रैजडी बनाकर 23 वर्ष की एक लंबी कानूनी लड़ाई लड़ी तब जाकर उन्हे न्याय मिला` विभिन्न जांच से यह पता चला कि उस सिनेमा हाल में न तो पर्याप्त अग्नि सुरक्षा थी और आपातकालीन दरवाजे भी अवरुद्ध थे साथ ही ट्रांन्स्फॉर्मर के रखरखाव में भी लापरवाही थीं` इस घटना के बाद विभिन्न सरकारों की नींद खुली और उन्होंने इस दुर्घटना को नजीर मानते हुए बहुत से मानकों का निर्धारण किया गया जैसे पर्याप्त आपातकालीन निकास , भवन की उचाई के अनुसार अग्निशमन की व्यवस्था की जाएगी , अग्निशामक यंत्र लगाए जाएंगे और फायर अलार्म लगाए जाएंगे ,एनओसी लेना अनिवार्य किया जाएगा` लेकिन ये सारे दावे ढाक के तीन पात साबित हुए` ऐसे में जब आज फिर लखनऊ के अलीगंज में जब आग लगने की त्रासदी होती है तो शासन प्रशासन का असली रूप सामने आता है जब 15 मासूमों की जान गई तो इसके गुनहगारों को सजा मिलेगी भी या नहीं ये तो जांच के बाद ही पता चलेगा लेकिन पीड़ित परिवारों के दर्द महज मुआवजों से कम हो जाएगा` प्रथम दृष्ट्या मामला एनओसी न लेकर बनाये जाने की बात हो रही है लेकिन एक बात यह नहीं समझ मे आती है कि जब दुर्घटना घटित हो जाती है तब ये पता चलता है कि बिल्डिंग ने मानक का पालन नहीं किया` लेकिन इन नाकाम नगर निगम , फायर सर्विस विभाग और भवन के मालिक इतने लापरवाह हो जाते हैं कि इनको फर्क ही नहीं पड़ता कि कितनी आग लग रही , कितने लोग मर रहें` सोचने वाली बात तो यह है कि जब देश या राज्यों की राजधानी में सुरक्षा मानकों से खिलवाड़ किया जा रहा है तो बाकी अन्य बड़े शहरों में क्या स्थिति होगी` जिम्मेदार अधिकारी प्रतिदिन उन्ही रास्तों से गुजरतें हैं वे सब देखते हैं कि कैसे बिजली के खंभों पर तारों का जंजाल लगा रहता है साथ ही अस्त व्यस्त भवनों का निर्माण हुआ रहता है लेकिन वे आंखे मूँदे रहते हैं` इन सबका मुख्य कारण उच्च स्तर से लेकर निचले स्तर तक विद्यमान भ्रष्टाचार और कुख्यात गठजोड़ होता है ` सबका कमिशन तय होता है।

# नाईट क्रीम से सौन्दय

नाईट क्रीम के बारे में आपने जरूर सुना होगा । दरअसल पुरे दिन काम की व्यस्तता , तनाव, गलत जीवन शैली और प्रदूषण की वजह से हमारी त्वचा बेजान हो जाती है।

रात के समय त्वचा खुद की मरम्मत करती है। इस दौरान नाईट क्रीम लगाना बेहद फायदेमंद होता है। यह त्वचा को गहराई से पोषण, नमी और चमक प्रदान करती है । हालाँकि महिलाएं दिन में भी क्रीम का इस्तेमाल करती हैं लेकिन मेरा यह मानना है की डे क्रीम की बजाय नाईट क्रीम सौन्दर्य के लिए ज्यादा बेहतर साबित होती है ।

सौन्दर्य विशेषज्ञों की मानें तो रात को क्रीम हमारी स्किन पर ज्यादा अच्छे तरीके से काम करती है। क्योंकि कि एक तो रात को हम अपने चेहरे पर बार-बार हाथ नहीं लगाते हैं । दूसरा, हमारा चेहरा धूल और मिट्टी से भी बचा रहता है। इसके कारण क्रीम के सारे पोषक तत्व आपकी स्किन को मिलते हैं। साथ ही रात को क्रीम आपके चेहरे पर काफी तेजी से भी काम करती है क्योंकि हम इसे अपने चेहरे पर तकरीबन 8 से 10 घंटे तक लगा रहने देते हैं।

लेकिन रात्रि क्रीम का चुनाब भी काफी महत्वपूर्ण होता है । इस समय बाजार में हर तरह की नाईट क्रीम उपलब्ध है लेकिन अच्छी गुणबत्ता की नाईट क्रीम घर पर आसानी से बनाई जा सकती है जोकि आपके सौन्दर्य को चार चाँद लगाएंगे और आपकी जेब पर भी भारी नहीं पड़ेंगे । नाइट क्रीम एक तरह की पौषक क्रीम है, जिससे मसाज करने पर त्वचा में नमी बनाये रखने की क्षमता बढ़ती है। ये स्किन को ठंडा रखने वाला तत्व भी प्रदान करती है, जिससे त्वचा मुलायम और कोमल होती है। साथ ही, कई तरह की नाइट क्रीम को एंटी-एजिंग क्रीम की तरह भी इस्तेमाल किया जाता है क्योंकि इनमें बह पौषक तत्व मौजूद होते हैं, जो बढ़ती उम्र के लक्षणों को कम कर सकते हैं। आप नामचीन कंपनियों की नाईट क्रीम भी इस्तेमाल कर सकती हैं क्योंकि इसमें एंटी-एजिंग के साथ ही बिभिन्न प्रकार की त्वचा के अनुरूप बनाया गया होता है ।

नाइट क्रीम के इस्तेमाल का स्किन टाइप का अनुसार किया जाता है। हालांकि, यह उन लोगों के लिए बेहतर है जिनकी स्किन सामान्य है या रूखी है। क्योंकि अगर आपकी स्किन ऑयली है या आपके चेहरे पर मुंहासे, फुंसी या रैशेज होने का खतरा है, इन लोगों को इसका उपयोग नहीं करना चाहिए। क्योंकि ऑयली स्किन को क्रीम से मसाज करने की जरूरत नहीं है।

अगर आप इसका इस्तेमाल करती हैं, तो इससे स्किन के रोम छिद्र बंद हो जाते हैं और ब्लैकहेड्स और कील मुंहासे होने की संभावना भी हो जाती है। अगर आपकी त्वचा का रूखापन सामान्य है, तो आप 25 साल की उम्र के बाद नाइट क्रीम का इस्तेमाल कर सकती हैं। रात को सोने से पहले और रात में स्किन को साफ करने के बाद नाइट क्रीम का इस्तेमाल



शहनाज हुसैन

करना चाहिए। साथ ही, चेहरे पर नाइट क्रीम लगाकर अच्छी तरह से मालिश करनी चाहिए। आप अपनी गर्दन पर भी नाइट क्रीम का इस्तेमाल करना चाहिए। हालांकि, सोने से पहले क्रीम को नम रूई से पोंछना चाहिए।

आजकल बाजार में कई तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट मिलने लगे हैं लेकिन आप ऐसी नाइट क्रीम का चुनाव करें, जिसमें आमतौर पर एमोलिएंट्स शामिल हों। क्योंकि ये तत्व त्वचा को तेल प्रदान करने का काम करते हैं और रूखी त्वचा को तेल की जरूरत होती है। साथ ही, इसमें मॉइस्चराइजर भी हो सकते हैं।

सामान्य और तैलीय त्वचा के लिए एलोवेरा जेल में कुछ बूंदे नींबू मिलाकर बने मिश्रण को सोने से ठीक पहले चेहरे, गर्दन और खुली त्वचा पर लगा कर सो जाये और सुबह उठते ही ताजे पानी से धो डालें। इससे आप की त्वचा कोमल और मुलायम हो जाएगी ।

रूखी त्वचा के लिए एलोवेरा जेल में सुगंधित तेल मिलाकर चेहरे पर लगाने से चेहरे की आभा बढ़ती है ।

दो चम्मच एलोवेरा जेल , एक चम्मच ओलिव आयल और दो चम्मच दूध पाउडर को मिलाकर एक समान गाढ़ा पेस्ट बना लें । अपने चेहरे कर गर्दन को साफ करके इस पेस्ट को त्वचा पर लगा कर सुबह ताजे पानी से धो डालें ।आप चाहें तो इस मिश्रण को ज्यादा मात्रा में बना कर एयर टाइट जार में फ्रिज में रख कर रोजाना रात्रि में आबश्यकता अनुसार उपयोग कर सकती हैं ।

आधे पके एवोकैडो का पेस्ट बनाकर उसमें एक अण्डा फेंट लें ताकि यह एक क्रीम बन जाये ।इस क्रीम को चेहरे पर गोलाकार रूप में लगा कर इसे सूखने दें और फिर गहरी नींद ले लें ।

2 चम्मच एलोवेरा जेल लें। इसमें 1 विटामिन-ई कैप्सूल का तेल मिलाएं। कुछ बूंदें बादाम के तेल या गुलाब जल की डालें। इसे तब तक फेंटें जब तक यह मुलायम क्रीम न बन जाए। रात को सोने से पहले चेहरे को साफ करके इसे लगाएं और हल्के हाथों से मसाज करें।

सुबह अपना चेहरा ताजे पानी से धो डालें ।यह चेहरे की नमी को बनाये रखेगा जिससे चेहरे पर झुर्रियां और फाइन लाइन्स को कम करने में मदद मिलेगी। आधा कप नारियल तेल (100 ग्राम ) और तीन चमच शहद को एक कटोरे में मिलाएं । इस सामग्री को माइक्रो बेब में गर्म करके तरल पदार्थ में बदल लें । अब इसे हथेलियों पर रगड़ कर चेहरे और गर्दन पर लगा लें और गहरी नींद ले लें । इससे आपकी त्वचा में निखार प्रकृतिक निखार आएगा तैलीय त्वचा के लिए 2 चम्मच ताजा एलोवेरा जेल, आधा चम्मच खीरे का रस, और 2 बूंद टी-ट्री एसेंशियल ऑयल को मिलाकर गाढ़ा पेस्ट बना लें। इसे फ्रिज में स्टोर करें और रोजाना इस्तेमाल करें । एक पैन को गैस में रखें और जब यह गर्म हो जाए तो इसमें नारियल और बादाम का तेल एक साथ डालकर गर्म होने दें।जब दोनों चीजें गर्म हो जाएं, तो उसके फ्लेम को बंद कर दें और तेल को ठंडा होने दें। इसके बाद इसमें गुलाब जल और ग्लिसरीन डालकर अच्छी तरह से मिलाएं। सब चीजें. मिलाने के बाद आपकी क्रीम तैयार हो चुकी है। इसे अब आप एक जार में भर कर स्टोर कर सकती हैं। लेकिन हमेशा ध्यान रखें की नाईट क्रीम ज्यादा गाढ़ी नहीं होनी चाहिए क्योंकि इससे त्वचा के छिद्र बंद होने से कील मुहांसों की समस्या पैदा हो सकती है। अपनी त्वचा के हिसाब से क्रीम चुनें। जैसे ड्राई स्किन के लिए ऑइल-बेस्ड क्रीम चुनें जो त्वचा को हाइड्रेट करती रहे और रूखा होने से बचाए। वहीं

## गुरुवार का राशिफल

**मेष** – कोई भी कार्य ध्यान से करे, अग्नि, बिजली से बचें, अपने पैसे लेने में थोड़ी मुश्किलें आएँगी, धैर्य से काम ले। भाग्य प्रतिशत- 48

**वृषभ** – धन से जुड़े फैसले लेंगे, पैरों में परेशानी सम्भव है, व्यक्तिगत सुख में कमी आयेगी, वाहन की देखभाल करे। भाग्य प्रतिशत- 54

**मिथुन** – मन में चंचलता का भाव रहेगा, अधिक टेंशन ना ले, वाणी मधुर रखें, नौकरी के प्रस्ताव मिलेंगे, सोच समझकर स्वीकारे। भाग्य प्रतिशत- 67

**कर्क** – कुछ फैसले लेने से पहले दूसरों से राय ले, वैवाहिक जीवन में अस्थिरता रहेगी, नौकरी में शहर बदल सकता है। भाग्य प्रतिशत- 56

**सिंह** – राजनीति में है तो पद का दुरुपयोग ना करे, कोई जांच सम्भव है, शिक्षण क्षेत्र में उन्नति होगी, वन विभाग कर्मचारियों का शुभ समय है। भाग्य प्रतिशत- 62

**कन्या** – ब्याज, धातु, स्वर्ण व्यवसाय में लाभ होगा, इन्टरनेट मार्केटिंग क्षेत्र से जुड़ सकते है, शिक्षा में उन्नति होगी। भाग्य प्रतिशत- 76

**तुला** – रोग उभर सकते है, जो भी मतभेद हो शांति से काम ले, उच्च शिक्षा का लाभ करियर में मिलेगा। भाग्य प्रतिशत- 58

**वृश्चिक** – ससुराल पक्ष से संबंधो को सम्भाले, पुराना वाहन ले सकते है, विपक्षी लोगों की बोलती बंद करेंगे। भाग्य प्रतिशत- 78

**धनु** – विवाह का प्रस्ताव सोच समझकर स्वीकारे, प्रेम की तीव्र इच्छा होगी, कुछ खरीदारी करेंगे, गुप्त बाते किसी से शेयर करेंगे। भाग्य प्रतिशत- 72

**मकर** – अपनी छवि को नुकसान ना होने दे, मानसिक मजबूती लाए,लोग आपसे मदद मांगेगे, आध्यात्मिक चिंतन बढेगा। भाग्य प्रतिशत- 88

**कुंभ** – पत्नी के रोग को नजरअंदाज ना करे, सरकारी क्षेत्र का कोई कार्य लेंगे, भाइयों को नुकसान सम्भव है, हौसला बढ़ेगा। भाग्य प्रतिशत- 83

**मीन** – संतान की प्रगति से खुश होंगे, प्रॉपर्टी आदि देख सकते है, किसी के झांसे में ना आए। भाग्य प्रतिशत- 67



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# कुन्दरकी में पैगाम-ए-कर्बला कान्फ्रेंस में बयान हुआ वाक्या-ए-कर्बला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)।** की सिद्दिके अकबर मस्जिद में दस रोजा पैगाम-ए-कर्बला कान्फ्रेंस की आठवीं शब में वाक्या-ए-कर्बला बयान किया गया। मुफ्ती मुजफ्फर हुसैन मिस्बाही ने कहा- इमाम हुसैन ने बातिल के आगे सर न झुकाया, नेजे पे सर चढ़ा तो चढ़ा, परचम-ए-इस्लाम बुलंद कर दिया। नमाज की पाबंदी पर जोर दिया गया। सदारत अनीसुर्रहमान अजहरी ने की। मौलाना गय्यूर अहमद, मुफ्ती सुब्हान रजा समेत कई उलमा मौजूद रहे। आखिर में मुल्क और कौम की खुशहाली की दुआ हुई। कसीर तादाद में लोग मौजूद रहे।




# धूमधाम से मनाया महेश नवमी महोत्सवम, मेधावियों का हुआ सम्मान

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**मोदीनगर (अनवर खान)।** माहेश्वरी समाज बेगमाबाद मोदीनगर द्वारा महेश नवमी महोत्सवम श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक समरसता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर धार्मिक अनुष्ठानों के साथ समाज द्वारा प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक एवं रंगारंग प्रस्तुतियां भी दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ टीआरएम पब्लिक स्कूल में दीप प्रज्वलन, महेश स्तुति एवं रुद्राष्टक पाठ के साथ हुआ। इसके बाद आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों में समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। नगर में निकाली गई शोभायात्रा के पश्चात सेठ जी के शिव मंदिर में हवन का आयोजन किया गया। जिसमें परिवारों ने सामूहिक रूप से आहुति देकर भगवान महेश का आशीर्वाद प्राप्त किया। समारोह का मुख्य आकर्षण बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान रहा। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी एवं शिक्षाविद सेठ विनोद कुमार माहेश्वरी ने कहा कि शिक्षा और प्रतिभा का सम्मान समाज की प्रगति का आधार है। उन्होंने सामाजिक एकता, सांस्कृतिक मूल्यों और नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। समझ में महिला मंडल की ओर से प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने भी उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इस दौरान समाज के वरिष्ठजनों ने समाज की एकता को आवश्यक बताते हुए एकजुट रहने का आह्वान किया। समारोह का संचालन प्रियंका माहेश्वरी और निकुंज महेश्वरी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर सेठ विनोद माहेश्वरी, एंड अजय माहेश्वरी, महेश माहेश्वरी, रामबाबू माहेश्वरी, ललित माहेश्वरी, सुरेश माहेश्वरी, सुनील माहेश्वरी, अमित माहेश्वरी, मनोज माहेश्वरी, कुलदीप डागा सहित बड़ी संख्या में समाज के सदस्य एवं महिला मंडल की पदाधिकारी उपस्थित रहीं।

# डॉक्टर बनकर अजीम रिजवी ने बढ़ाया परिवार और क्षेत्र का मान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ/फलावदा।** कुछ सपने ऐसे होते हैं जो वर्षों तक आंखों में पलते हैं और एक दिन हकीकत बनकर पूरे परिवार को गौरवान्वित कर देते हैं। क्षेत्र के ग्राम गगसौना निवासी अजीम रिजवी ने 83

**एफएच मेडिकल कॉलेज, आगरा से पूरी की पढ़ाई, परिवार में खुशी का माहौल**

प्रतिशत अंकों के साथ एमबीबीएस की पढ़ाई सफलतापूर्वक पूर्ण कर अपने परिवार, गांव और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

अजीम रिजवी पुत्र इरशाद अहमद एवं समाजसेवी सईम रिजवी के छोटे भाई हैं। परिवार के अनुसार बचपन से ही उन्हें डॉक्टर बनाने का सपना देखा गया था। वर्षों की कड़ी मेहनत, संघर्ष, अनुशासन और लगन के बाद उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है।



परिजनों ने बताया कि बचपन से ही अजीम पढ़ाई के प्रति गंभीर थे। मेडिकल क्षेत्र में जाने का उनका सपना आसान नहीं था। कठिन प्रतियोगी परीक्षाओं, लंबे अध्ययन और अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए उन्होंने अपनी मंजिल प्राप्त की। आज वह आधिकारिक रूप से डॉक्टर बन चुके हैं, जिससे परिवार में गर्व और खुशी का माहौल है। अजीम रिजवी ने अपनी एमबीबीएस की पढ़ाई अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी से संबद्ध एफएच मेडिकल कॉलेज, आगरा से पूर्ण की है। हाल ही में घोषित परिणाम में उन्होंने 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की।

परिवार ने इस उपलब्धि को अल्लाह की रहमत और शुभचिंतकों की दुआओं का परिणाम बताते हुए सभी का आभार व्यक्त किया है। उनका कहना है कि एमबीबीएस की डिग्री मंजिल नहीं, बल्कि चिकित्सा क्षेत्र में एक नए सफर की शुरूआत है।अजीम रिजवी की सफलता पर क्षेत्रवासियों, रिश्तेदारों, मित्रों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# कुन्दरकी में सात मोहर्रम पर सुन्नी मातमदारों ने निकाला पंचायती छोटी मेंहदी का जुलूस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)।** सात मोहर्रम की देर रात से बुधवार सुबह तक नगर में अकीदत का सैलाब उमड़ा। सुन्नी मातमदारों ने

**गम-ए-कासिम में गूंजी 'या हुसैन' की सदाएं**

हजरत कासिम की याद में पंचायती छोटी मेंहदी का जुलूस पूरे अदब और एहतराम के साथ निकाला। मंगलवार रात साढ़े ग्यारह बजे मौहल्ला कायस्तान स्थित गौस अली के मकान से या हुसैन की पुरदर्द सदाओं के साथ जुलूस शुरू हुआ। पूरी रात जुलूस मौहल्ला कायस्तान, मौहल्ला नूरूल्ला, सैफियों वाली पुलिया, मेन बाजार और पीपल चौक में गश्त करता हुआ यह काफिला बुधवार सुबह सात बजे स्टेशन के पास सदर इमामबाड़े पहुंचकर खत्म हुआ। जुलूस के दौरान अकीदतमंदों ने जगह-जगह लंगर और तर्बरूख भी तक्सीम किया। गौस अली, अमजद, शकील, मौहम्मद अली, आरिफ, रईस खां, मिद्दन, रिजवान पेन्टर, कय्यूम खां, रिहान, शमशाद समेत दर्जनों मोहर्रमदार अपनी मेंहदी के साथ शामिल रहे। अहले सुन्नत इमामबाड़े के सदर इंतजार हुसैन, कमेटी सदर हाफिज शेर अली, शोएब साबरी, नईम खां समेत कसीर तादाद में अकीदतमंद मौजूद रहे। जुलूस में सुरक्षा के मद्देनजर सीओ अशोक कुमार, थाना प्रभारी हम्बीर सिंह जादौन, चौकी प्रभारी संजय त्यागी भारी फोर्स के साथ तैनात रहे। महिला पुलिस कर्मी मौजूद रहीं।





**गुरेर, चकफाजलपुर, रूपपुर व गदीपुर में अकीदत से निकले जुलूस, बांटा गया लंगर-तबरुक**

# मैनाठेर व कुंदरकी क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा के बीच निकले अलम के जुलूस, गूंजी 'या हुसैन' की सदाएं

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )।** मैनाठेर क्षेत्र के गांव गुरेर और कुंदरकी क्षेत्र के चकफाजलपुर, रूपपुर व गदीपुर गांवों में कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण तरीके से अलम मुबारक के जुलूस निकाले गए। गुरेर में अलमदारों ने "या हुसैन" की पुरदर्द सदाओं के साथ जुलूस निकाला। जुलूस के दौरान अकीदतमंदों ने शहादतनामे पढ़े और जगह-जगह लंगर बांटा व तबर्रुक तक्सीम किया गया। प्रभारी निरीक्षक किरनपाल भारी पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे।

वहीं कुंदरकी क्षेत्र के चकफाजलपुर, रूपपुर और गदीपुर गांवों में भी अलम के जुलूस पूरे अकीदत और एहतराम के साथ निकले।

अकीदतमंद इमाम हुसैन की शहादत को याद कर अमलदारों की आंखें नम हो गई। जुलूस के दौरान पुलिस बल मुस्तैद रहा। पुलिस की कड़ी निगरानी में जुलूस शांतिपूर्ण और अनुशासित तरीके से सम्पन्न हुए।





# हरियाना में निकला अलम मुबारक का जुलूस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)।** ग्राम हरियाना में आठवीं मोहर्रम पर बुधवार को अलम मुबारक का जुलूस अकीदत के साथ निकाला गया। जुलूस जरीफ अहमद के मकान से शुरू होकर अन्सारियों वाली मस्जिद पर समाप्त हुआ। अजादार अलम लिए, नौहे-शहादतनामे पढ़ते हुए चले। जुलूस के दौरान जगह-जगह तबर्रुक तक्सीम किया गया। ढोल बजाकर हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम और की अजीम कुबार्नी को और कर्बला के शहीदों का गम मनाया गया और हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की जीत का ऐलान किया गया ।

जुलूस में ग्राम प्रधान गुलशन मोहम्मद, शरीफ उस्ताद, अफसर अली खान, जावेद खान मुगल समेत काफी लोग शामिल रहे। सुरक्षा के लिए पुलिस तैनात रही।



## संक्षिप्त समाचार

### गर्मी से तबीयत बिगड़ी, मोहम्मद अली का इंतकाल, गमगीन माहौल में दफन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)।** मौहल्ला सादात पूर्वी निवासी मोहम्मद अली का सीतापुर में गर्मी से तबीयत बिगड़ने पर इंतकाल हो गया। मंगलवार दोपहर गश खाकर गिरे, अस्पताल में दम तोड़ा। देर रात शव घर पहुंचने पर कोहराम मच गया। बुधवार सुबह गमगीन माहौल में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। मृतक अली मोहम्मद पहलवान के बड़े बेटे थे। पत्नी, तीन बेटियां व एक बेटा छोड़ गए। फेरी लगाकर तकिये-गद्दे बेचते थे।



### कुन्दरकी की बेटी इल्मा अफरोज बनीं नूरपुर की एसपी, घर पर बंटी मिठाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )।** कुन्दरकी की बेटी आईपीएस इल्मा अफरोज को हिमाचल के नूरपुर जिले का पुलिस कप्तान नियुक्त किया गया है। 2018 बैच की इल्मा स्वर्गीय किसान काजी अफरोज अहमद की बेटी हैं। इससे पहले वह बद्दी और लाहौल-स्पीति में एसपी रह चुकी हैं। खबर मिलते ही कुन्दरकी में जश्न का माहौल है। चाचा काजी सुहेल अहमद व अरशद अहमद ने आवास पर मिठाई बांटी। बड़ी संख्या में नगरवासी बधाई देने पहुंचे।



### शत-प्रतिशत नामांकन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर दिया जोर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** भोजपुर स्थित खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में बुधवार को बेसिक शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में खंड शिक्षा अधिकारियों एवं प्रधानाध्यापकों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यालयों में शत-प्रतिशत नामांकन, शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार तथा निपुण भारत मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी महिमा दयाल द्वारा स्कूल चलो अभियान की समीक्षा के साथ हुआ। उन्होंने नामांकन वृद्धि के लिए विद्यालय स्तर पर प्रभावी रणनीति अपनाने



तथा अभिभावकों का भी सहयोग लेने पर बल दिया। बीएसए महिमा दयाल ने ने विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, प्रभावी शिक्षण व्यवस्था, विद्यार्थियों की अधिगम उपलब्धियों तथा निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों की प्राप्ति को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों से पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया। बैठक में एसआरजी देवांकुर शर्मा ने इस विषय से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इस दौरान एनबीएमसी पोर्टल के उपयोग को लेकर भी प्रशिक्षण दिया गया तथा प्रधानाध्यापकों को इसकी लॉगिन प्रक्रिया एवं संचालन संबंधी आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई गई। बैठक में देवांकुर शर्मा, कशिश, सिंपल चौधरी, विजय सिंह, रुचि त्यागी, राजकुमार सहित जिला एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारी, एआरपी और प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों ने सीखी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की उपयोगिता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** विबग्योर इंटरनेशनल स्कूल में छात्रों को उभरती तकनीकों से जोड़ने के उद्देश्य से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) विषय पर विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को तकनीकी नवाचारों और डिजिटल भविष्य की चुनौतियों एवं अवसरों की जानकारी दी गई।



कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञ नीतीश ने एआई की कार्यप्रणाली, इसके बढ़ते प्रभाव और विभिन्न क्षेत्रों में इसके उपयोग पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता शिक्षा, चिकित्सा, व्यापार, अनुसंधान और संचार जैसे क्षेत्रों में तेजी से अपनी जगह बना रही है। साथ ही छात्रों को आधुनिक एआई टूल्स, डेटा विश्लेषण और स्वचालित प्रणालियों के बारे में भी जानकारी दी गई।


विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी करते हुए तकनीक से जुड़े कई प्रश्न पूछे। विशेषज्ञ ने उनके सवालों के जवाब देते हुए एआई के सुरक्षित, रचनात्मक और जिम्मेदार उपयोग पर जोर दिया। प्रधानाचार्य डॉ. राहुल चावला ने कहा कि तकनीकी युग में छात्रों को नई खोजों और नवाचारों से अवगत कराना समय की आवश्यकता है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन ने विशेषज्ञ का स्वागत कर उनका आभार व्यक्त किया।

# हापुड़-पिलखुवा विकास प्राधिकरण ने 6 कोचिंग सेंटर किए सील

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़ (जनार्दन सैनी)।** लखनऊ के कोचिंग सेंटर में आग लगने की घटना के बाद हापुड़-पिलखुवा विकास प्राधिकरण (HPDA) अलर्ट मोड में आ गया है। प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने मंगलवार, 24 जून 2026 को जिले में संचालित कोचिंग संस्थानों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कई संस्थानों ने भवन का स्वीकृत मानचित्र और अग्निशमन विभाग की अनापत्ति (NOC) नहीं दिखाई। साथ ही भवनों में अग्निशमन उपकरण भी नहीं मिले। इस पर HPDA ने तत्काल कार्रवाई करते हुए 6 कोचिंग सेंटरों को सील कर दिया। प्राधिकरण के प्रभारी सचिव अमित कादियान ने बताया कि आरंभ कोचिंग सेंटर, फ्यूचर लाइब्रेरी, कामयाब एकेडमी/ कोचिंग सेंटर, विद्यार्थी एकेडमी, पिनाका कोचिंग सेंटर व अचीवर्स लाइब्रेरी को सील किया गया है। उन्होंने बताया कि विकास क्षेत्र में बिना स्वीकृति संचालित कोचिंग सेंटरों पर कार्रवाई की गई है। लखनऊ की घटना के बाद छात्रों की सुरक्षा को देखते हुए यह अभियान चलाया गया। आगे भी बिना नक्शा पास, फायर NOC और सुरक्षा इंतजाम वाले संस्थानों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।






**'हाय अब्बास'** हजरत अब्बास अलमदार की शहादत के गम में निकला शबीहे ताबूत व जुल्जिनाह का जुलूस, देर रात बड़ी मेंहदी में शामिल रहे ताज़िए

# कुन्दरकी में आठ मोहर्रम पर माहौल हुआ गमगीन,फिजा में गूंजी 'हाय अब्बास' की सदाएं

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी ) ।** आठ मोहर्रम को कुंदरकी का माहौल गमगीन हो गया। एक ओर शिया समुदाय ने हजरत अब्बास अलमदार की शहादत के गम में अलम मुबारक, शबीहे ताबूत व शबीहे जुल्जिनाह का मातमी जुलूस निकाला, तो वहीं अहले सुन्नत ने देर रात बड़ी मेंहदी का जुलूस हाय हुसैन की सदाओं के साथ निकाला।

**शिया समुदायः मजलिस और मातमी जुलूस**

महबूब रिजवी के आजाखाने पर मजलिस हुई। कमर अब्बास काजमी ने मरसिया पढ़ा। मजलिस को खिताब करते हुए काशिफ अब्बास काजमी ने कहा- कर्बला हमें इंसानियत और सब्र का पैगाम देती है। इमाम हुसैन ने जुल्म के खिलाफ आवाज बुलंद कर पैगाम दिया कि ज़िल्लत की जिंदगी से इज्जत की मौत बेहतर है। शहीदों को मुर्दा न समझो, वे ज़िंदा-ए-जावेद होते हैं। उन्होंने कहा कि इस्लाम अमन का पैगाम देता है, आतंकवाद इस्लाम का अनुयायी नहीं हो सकता। मजलिस के बाद नम आंखों के बीच कदीमी मातमी जुलूस निकला। छोटे-छोटे बच्चों ने हाथों में कुंजें लेकर अल्लाह ताश, हाय प्यास, हाय सकीना की सदाएं बुलंद कीं। फिजा हाय अब्बास, हाय अब्बास से गूंज उठी।





अंजुमन अकबरी, अंजुमन शाने हैदरी, अंजुमन अल मुर्तजा ने नौहा ख्वानी की। जुलूस नूर हसन मेंहदी के अजाखाने पर पहुंचकर समाप्त हुआ। देर रात तक मजलिसों का सिलसिला जारी रहा।

**अहले सुन्नतः शहादत नामा और बड़ी मेंहदी**

उधर मुहल्ला सादात पूर्वी स्थित पंचायती इमामबाड़े में शहादत नामे की महफिल हुई। हजरत इमाम हुसैन की जिंदगी और शहादत बयान की गई। महफिल के बाद बड़ी मेंहदी का जुलूस निकला। जुलूस में ताज़िए और ढोल शामिल रहे। अकीदतमंद शहादत नामे पढ़ते हुए चल रहे थे । युवा ढोल बजाकर हजरत इमाम हुसैन की जीत का एलान कर रहे थे। पूरी रात नगर में गश्त के बाद जुलूस गुरुवार सुबह समाप्त हुआ। जुलूसों के दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा। माहौल पूरी तरह पुरअमन रहा।

# बरेली में कोचिंग सेंटर और होटलों में सुरक्षा व्यवस्था की पड़ताल, सपा नेता का कोचिंग सेंटर सील किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली।** लखनऊ में हुए अग्निकांड के बाद बरेली में कोचिंग सेंटरों और होटलों की सुरक्षा व्यवस्था की पड़ताल तेज कर दी गई है। इसी कड़ी में बीडीए का अभियान दूसरे दिन भी पूरी सख्ती के साथ जारी रहा। कार्रवाई के दौरान टीम ने सपा नेता कलीमुद्दीन की ओमेगा क्लासेस पर बड़ी कार्रवाई करते हुए उसे सील कर दिया। बीडीए और फायर विभाग की संयुक्त जांच में राजेंद्र नगर स्थित ओमेगा क्लासेस में गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। जांच में पता चला कि संस्थान के पास न तो बीडीए की अनुमति थी और न ही फायर विभाग की अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी)। इसके बावजूद यहां बड़ी संख्या में छात्रों को पढ़ाया जा रहा था। अधिकारियों ने मौके पर ही संस्थान को सील कर दिया।

**एक कमरे में ठूंस दिए गए थे 150 छात्र**

निरीक्षण के दौरान टीम यह देखकर हैरान रह गई कि कोचिंग के एक ही कमरे में करीब 150 छात्रों को बैठाकर कक्षाएं संचालित की जा रही थीं। सुरक्षा मानकों की अनदेखी करते हुए छात्रों की जान जोखिम में डाली जा रही थी। किसी भी आपात स्थिति में इतनी बड़ी संख्या में छात्रों को सुरक्षित बाहर निकालना बेहद मुश्किल साबित हो सकता था। जांच के दौरान कई ऐसे भवन भी चिन्हित किए गए जो मूल रूप से आवासीय उपयोग के लिए स्वीकृत थे, लेकिन उनमें व्यावसायिक गतिविधियां संचालित की जा रही थीं। कई मकानों में बिना अनुमति के कोचिंग सेंटर चल रहे थे, जहां सुरक्षा मानकों का कोई पालन नहीं किया जा रहा था।

**एक फीट चौड़ी सीढ़ियां देख चौंके अधिकारी**

कई इमारतों में छात्रों के आने-जाने के लिए बनी सीढ़ियां बेहद संकरी मिलीं। कुछ स्थानों पर सीढ़ियों की चौड़ाई एक फीट से भी कम पाई गई। बीडीए उपाध्यक्ष का कहना है कि आग या किसी अन्य दुर्घटना की स्थिति में ऐसे रास्ते छात्रों के लिए जानलेवा साबित हो सकते हैं। बिना फायर सेफ्टी, आपातकालीन निकास और आवश्यक अनुमतियों के संचालित हो रहे कोचिंग सेंटर छात्रों की जिंदगी से सीधा खिलवाड़ कर रहे हैं। नियमों को ताक पर रखकर संचालक सिर्फ व्यवसायिक लाभ पर ध्यान दे रहे हैं, जबकि सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह नदारद है।




**कई बड़े नाम रडार पर, नोटिस की तैयारी**

प्राधिकरण ने ऐसे सभी भवनों और संस्थानों को चिन्हित करना शुरू कर दिया है जो नियमों के विपरीत संचालित हो रहे हैं। जल्द ही भवन स्वामियों और संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी किए जाएंगे। शहर के कई बड़े और चर्चित कोचिंग संस्थान भी जांच एजेंसियों के रडार पर हैं। बीडीए उपाध्यक्ष सौम्या पाण्डेय ने स्पष्ट कर दिया है कि छात्रों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वाले संस्थानों को सील करने के साथ-साथ उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। आने वाले दिनों में शहरभर में यह अभियान और तेज होने के संकेत मिल रहे हैं।

# नगर पालिका ने चलाया अतिक्रमण हटाने का अभियान, दुकानदारों ने किया विरोध, एक बेहोश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बदायूं।** नगर पालिका की टीम ने मंगलवार दोपहर एक्सपेंशन ज्वाइंट की मरम्मत के लिए बंद कराए ओवरब्रिज के पास अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाया। टीम ने बांस-बल्लियों के सहारे बनीं 10 अस्थायी दुकानें बुलडोजर से ढही दीं। इसका दुकानदारों ने विरोध किया। इस दौरान एक दुकानदार के बेहोश होने पर लोगों में आक्रोश भड़क गया। विरोध पर टीम अभियान स्थगित करते हुए लौट गई। टीम ने दुकानदारों को मंगलवार शाम तक अतिक्रमण स्वयं हटाने को कहा है।

गौरतलब है कि ओवरब्रिज पर काम होने के चलते लोगों की आवाजाही सोमवार से बंद कर दी गई है। रूट डायवर्जन लागू होने से सोमवार को दिनभर वहां जाम की स्थिति बनी थी। इसकी एक वजह अतिक्रमण भी था। कई प्रमुख मार्गों पर जाम की समस्या गहराने पर मंगलवार दोपहर नगर पालिका बदायूं के ईओ विनय कुमार मणि त्रिपाठी के निर्देश पर टीम बुलडोजर लेकर अतिक्रमण हटाने पहुंच गई। टीम ने अतिक्रमण हटाओ अभियान के प्रभारी लवी के नेतृत्व में बुलडोजर से ओवरब्रिज के पास बांस बल्लियों के सहारे तिरपाल डालकर बनाई गईं फल, सब्जी व जूस की दुकानों को ढहाना शुरू कर दिया। इससे दुकानदारों में खलबली मच गई। बड़ी संख्या में वहां मौजूद दुकानदार कार्रवाई के विरोध में खड़े हो गए।

दुकानदारों ने कहा कि पालिका ने बिना जानकारी दिए कार्रवाई शुरू कर दी। इससे उनके सामान को नुकसान हुआ है। कई दुकानदारों ने सामान हटाने के लिए मोहलत मांगी, लेकिन पालिका का बुलडोजर नहीं रुका। इससे परेशान दुकानदार खुद ही अपने सामान को हटाने लगे। कई ने अपने सामान को इधर-उधर हटाया। बुलडोजर दुकानदार रिंकू की दुकान को हटाने आगे बढ़ा। विरोध करते हुए रिंकू बेहोश होकर जमीन पर गिर गए। इससे मौके पर अफरातफरी मच गई। लोगों ने बुलडोजर को रुकवा दिया। दुकानदारों ने पानी छिड़ककर रिंकू को होश में लाने की कोशिश की। बाद में रिंकू को ई-रिक्शा से जिला अस्पताल ले जाया गया। वहीं कुछ दुकानों का सामान नगर पालिका की टीम जब्त कर अपने साथ लेकर चली गई।






**दुकानदार के बेहोश होते ही टीम के तेवर पड़े नरम**

कार्रवाई के दौरान एक दुकानदार के बेहोश होते ही टीम के तेवर नरम पड़ गए। टीम में शामिल अधिकारी-कर्मचारी घबरा गए। उन्होंने तुरंत अभियान रोक दिया। इसके बाद दुकानदार और नगर पालिका टीम के बीच काफी देर तक नोकझोंक होती रही।

**जिस गली में दिनभर में गुजरते थे 10 वाहन, अब नहीं टूट रही लाइन**

शहर में डायवर्जन लागू होने से मोहल्लों की संकरी गलियों में वाहनों का दबाव बढ़ गया है। बताते हैं कि जिन गलियों से दिनभर में 10 वाहन भी नहीं गुजरा करते थे, वहां अब 10 मिनट के लिए भी वाहनों की लाइन नहीं टूट रही। मंडी समिति से ढाक वाली ज्यारत, महिला थाने के सामने वाली गलियों और गन्ना दफ्तर सिविल लाइंस की गलियों से वाहन निकाले जा रहे हैं। मुख्य मार्गों पर चलने वाले ई-रिक्शा, ऑटो भी इन गलियों से निकल रहे है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सुबह से रात तक वाहनों की कतार लगी रहती है। लोगों ने बताया कि पहले इन गलियों में सन्नाटा रहता था। सोमवार से दिनभर हॉर्न की आवाज गूंज रही है।

# बिथरी चैनपुर में हाजी जुवेर खान का जनसम्पर्क, 'हाथ ही बदलेगा हालात' का नारा देते हुए कांग्रेस से जुड़ने की अपील

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली।** 123 बिथरी चैनपुर विधानसभा से कांग्रेस के संभावित प्रत्याशी हाजी जुवेर खान ने दर्जनभर से अधिक गांवों में जनसम्पर्क किया। इस दौरान उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि "हाथ ही बदलेगा हालात, जनता तेजी से जुड़ रही है कांग्रेस के साथ"।

हाजी जुवेर खान ने कहा कि आज हालात बद से बदतर हो रहे हैं। किसान को समय से यूरिया, डीएपी खाद नहीं मिल रही। रात को आवारा पशुओं से फसल की रखवाली करनी पड़ रही है। फसल का उचित दाम नहीं मिल रहा।

सरकारी कार्यालयों में बिना पैसे कोई काम नहीं होता।

उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि सभी समाज के लोगों को कांग्रेस के साथ जुड़कर देश को बचाना चाहिए।

इस जनसम्पर्क अभियान में उवैश खान, नौशाद अली खान, अफसर खान, अजय शुक्ला, रामवीर सिंह, गुड्डू खान, रिजवान अंसारी, ओमवीर सागर अख्तर खान महताब खान आदि लोग उपस्थित रहे।



# कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू खां ने BDO से की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली।** आलमपुर जाफराबाद ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गुड्डू खां ने खण्ड विकास अधिकारी आलमपुर जाफराबाद को पत्र लिखकर ग्राम सिरोही में व्याप्त समस्याओं की ओर ध्यान दिलाया है। गुड्डू खां ने कहा कि ग्राम सिरोही में साफ-सफाई की भारी अव्यवस्था है। स्वास्थ्य केंद्र के आसपास कूड़े का ढेर लगा हुआ है जिससे बीमारी फैलने का खतरा है। गांव में कई स्थानों पर सफाई की तत्काल आवश्यकता है।उन्होंने यह भी बताया कि जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछने के बाद भी बहुत से घरों में सुरक्षित पेयजल नहीं पहुंच रहा है। सरकारी टंकी का पानी भी बाधित है। उन्होंने BDO से अपने स्तर से जांच कराकर सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने और सरकारी टंकी का पानी चालू कराने की मांग की है। गुड्डू खां ने कहा कि कांग्रेस जनता की समस्याओं को लेकर हमेशा तत्पर है। गांव की मूलभूत सुविधाएं बहाल करना प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए। खण्ड विकास अधिकारी ने बताया की गांव में साफ सफाई व्यवस्था पहले से ही ठीक है पत्र मिला है और दो-तीन सफाई कर्मचारी लगाकर और साफ सफाई करा दी जाएगी।

**ग्राम सिरोही में सफाई और पेयजल संकट, सरकारी टंकी का पानी चालू कराने की मांग**

# संगठन में ही केमिस्टों का हित सुरक्षित : हेमन्त वार्ष्णेय

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल (लायबा नूर)।** केमिस्ट एसोसिएशन द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान के अंतर्गत आज एसोसिएशन के पदाधिकारियो ने असमोली, मदाला फत्तेपुर, रिठाली क्षेत्र का दौरा किया। वहां चल रहे मेडिकल स्वामियों से मिले। उनसे केमिस्ट एसोसिएशन में जुड़ने का आह्वान किया। माल्यार्पण के साथ केमिस्ट एसोसिएशन का विधिवत सदस्य भी बनाया।

मदाला फत्तेपुर में मेडिकल स्वामियों की बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के हेमंत वार्ष्णेय ने कहा कि केमिस्ट बंधुओं का सामाजिक, व्यापारिक लाभ एवं हित केमिस्ट एसोसिएशन से जुड़कर ही संभव है। जो व्यक्ति संगठन का महत्व नहीं समझता समाज में वह महत्वहीन हो जाता है। अर्थात व्यापारिक और सामाजिक दृष्टि से प्रत्येक केमिस्ट बंधु को केमिस्ट एसोसिएशन से जुड़ना नितांत आवश्यक है। इसके लिए उन्होंने सभी केमिस्टों से संगठित होकर संगठन का सदस्य बनने का आह्वान किया। मोहम्मद शाहनवाज आलम ने रिठाली वअसमोली में केमिस्टो से संगठित होकर समाज की सेवा करने का आह्वान किया। मोहम्मद नसीम, अंकुश त्यागी, राहिल भारतीय, सुबोध शर्मा, अतुल त्यागी आदि ने एच आई एच मेडिकल स्टोर, ईबादी मेडिकल स्टोर, गुप्ता मेडिकल स्टोर के स्वामियों को माला पहनाकर केमिस्ट एसोसिएशन का सदस्य मनोनीत किया। संगठन से जुड़कर मनोज कुमार गुप्ता, सुबहान, रिहान, वीर सिंह प्रेमपाल सिंह आदि ने तन मन धन से संगठन का सहयोग करने और केमिस्ट बंधुओं के हितार्थ सदैव समर्पित रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन मो. नसीम ने किया।



# जीवन अनमोल है, इसे व्यर्थ ही न गंवाएं: मुख्य आरक्षी सोनू अहलावत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** बुधवार यातायात पुलिस की इस पहल की लोगों ने बडी प्रशंसा की, लगातार पुलिस वाहन चालकों को दे रही है सुझाव। पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी यातायात एवं प्रभारी यातायात जगरोशन के नेतृत्व में कस्बा बहजोई के इस्लामनगर चौराहे पर व्यापक यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना तथा सुरक्षित यातायात संस्कृति को बढ़ावा देना रहा।

**यातायात जागरूकता अभियान के माध्यम से दिया गया सड़क सुरक्षा का संदेश**



अभियान के दौरान मुख्य आरक्षी सोनू अहलावत ने वाहन चालकों से संवाद स्थापित कर उन्हें यातायात नियमों की महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने हेलमेट को केवल कानूनी आवश्यकता नहीं, बल्कि जीवन रक्षा का सबसे प्रभावी सुरक्षा कवच बताते हुए प्रत्येक दोपहिया चालक से इसका नियमित उपयोग करने की अपील की। वाहन चालकों को मोबाइल फोन पर बात करते हुए वाहन न चलाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, लेन अनुशासन बनाए रखने तथा सड़क पर संयम और सतर्कता बरतने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही बताया गया कि यातायात नियमों का पालन न केवल स्वयं की सुरक्षा सुनिश्चित करता है, बल्कि अन्य सड़क उपयोगकताओं के जीवन की रक्षा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

पुलिस टीम ने "सड़क पर सावधानी ही सुरक्षा की सबसे बड़ी गारंटी है" का संदेश देते हुए नागरिकों से जिम्मेदार यातायात व्यवहार अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर टीएसआई अशोक कुमार एवं कांस्टेबल अभिषेक भी उपस्थित रहे।

# इमामबाड़ा चांद-सूरज से बरामद हुआ आठवीं मोहर्रम का कदीमी जुलूस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी )।** अमरोहा के रूहानी माहौल में आठवीं मुहर्रम का पारंपरिक और कदीमी (ऐतिहासिक) जुलूस पूरी अकीदत और गमगीन माहौल के साथ निकाला गया। शहर के सबसे प्राचीन प्रसिद्ध इमामबाड़ा चांद-सूरज से शुरू हुए इस जुलूस में अकीदतमंदों का हुजूम उमड़ पड़ा। जैसे-जैसे कर्बला के शहीदों की याद में 'या हुसैन' की सदाएं बुलंद हुईं, पूरा शहर गम के साए में डूब गया। नम आंखें, सीना पर मातम और जिस्म पर जंजीरों के जख्म इमाम हुसैन (अ.स.) और उनके बहत्तर साथियों की शहादत की दास्तान बयां कर रहे थे।यहां के विख्यात शायर जॉन एहलिया ने अपने समय में लिखा था,चांद सूरज के अलम और वापसी, वो हुआ छुरियों के मातम से अजादार लहूलुहान हो गए।चांद-सूरज से बरामद होकर यह कदीमी जुलूस शहर के विभिन्न ऐतिहासिक इमाम बारगाह और रास्तों से होता हुआ गुजरा। इस दौरान अजादारों ने इमामबारगाह वजीर-उन-निसा दानिशमंदान,इमामबारगाह मौहल्ला बगला,इमामबारगाह हुसैनिया शफात पोता,गुजरी और दरबार कलां,दरबार शाह विलायत व दरबार शाह अबुल हसन,हक्कानी और पचदरा इन सभी मुकद्दस मुकामात पर अजादारों ने भारी तादाद में छुरियों का मातम किया। आठवीं मुहर्रम के इस ऐतिहासिक जुलूस की खासियत यहां का बेमिसाल जंजीरी मातम रहा। जैसे ही मर्सिया ख़्वान कर्बला के जलते खैमे और प्यासे मासूमों का जिक्र किया, अजादारों का सब्र टूट गया। सैकड़ों युवाओं और बुजुर्गों ने अपने सीने और पीठ पर जंजीरों और छुरियों से मातम एक साथ करने लगते। लहूलुहान जिस्मों के बावजूद अजादारों के चेहरों पर इमाम का गम साफ झलक रहा था।पूरा माहौल 'या हुसैन-या हुसैन' और 'लब्बैक या हुसैन' के नारों से गूंज उठा।आज के इस खास जुलूस में दो दर्जन से जादा ऊँटों पर अमारिया थीं। जो कर्बला के काफिले की याद ताजा कर रही थी। आज के दिन आलमों की संख्या सबसे ज्यादा थी। इन बुलंद आलमों को बेहद खूबसूरत और ताजे फूलों से सजाया गया था। फूलों से लदे इन अलम-ए-पाक का दीदार करने और मन्नतें मांगने के लिए रास्तों के दोनों तरफ, छतों और खिड़कियों पर महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की भारी भीड़ जुटी रही। जैसे-जैसे जुलूस शहर के मुख्य रास्तों से गश्त करते हुए एक इमामबाड़े से दूसरे इमामबाड़े की तरफ बढ़ रहा था, जगह-जगह अकीदतमंदों ने नज़्र-ओ-नियाज का बेहतरीन इंतजाम किया था। रास्ते में सबीलें लगाई गईं, जहां जुलूस में शामिल लोगों और राहगीरों को ठंडा पानी, शरबत, दूध और तबर्रुक बांटा गया।



# मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरोहा (डा. महताब अमरोहवी)।** किसी वस्तु अथवा किसी स्थान पर आग लगने की आपातकालीन स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुधवार को पुलिस अधीक्षक अमरोहा लखन सिंह यादव के निर्देशन में पुलिस कार्यालय अमरोहा परिसर में एक महत्वपूर्ण मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

उक्त मॉक ड्रिल का संचालन फायर सेफ्टी ऑफिसर (एफ.एस.ओ.) अमरोहा एवं फायर सर्विस टीम द्वारा किया गया, जिसमें जनपद पुलिस के अधिकारी/कर्मचारियों को आपदा प्रबंधन एवं अग्निशमन संबंधी आवश्यक व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उक्त मॉक ड्रिल के दौरान फायर सर्विस टीम द्वारा आग लगने की स्थिति में अपनाई जाने वाली मानक कार्यवाही, आग के प्रकारों की पहचान, प्रारंभिक नियंत्रण उपाय, सुरक्षित निकासी व्यवस्था, एवं रेस्क्यू ऑपरेशन की विस्तृत प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया। साथ ही पुलिस कर्मियों को आगजनी की घटनाओं में मौके पर पहुंचकर आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने, भीड़ नियंत्रण, घायलों के सुरक्षित रेस्क्यू तथा फायर यूनिट के साथ समन्वय स्थापित करने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। मॉक ड्रिल के अंतर्गत आग पर नियंत्रण हेतु अग्निशमन यंत्रों (Fire Extinguishers) के प्रयोग,पानी के पाइप लाइन सिस्टम, तथा अन्य आधुनिक उपकरणों के उपयोग का भी व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया, जिससे पुलिस कर्मियों को वास्तविक परिस्थितियों में त्वरित निर्णय लेने एवं प्रभावी कार्यवाही करने का प्रशिक्षण प्राप्त हुआ। इस अवसर पर यह भी बताया गया कि किसी भी अग्निकांड की स्थिति में सबसे महत्वपूर्ण पहलू त्वरित सूचना, समन्वित कार्यवाही एवं सुरक्षित बचाव प्रक्रिया होती है, जिससे जनहानि एवं संपत्ति की क्षति को न्यूनतम किया जा सके।





अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित पुलिस कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा गया कि इस प्रकार के मॉक ड्रिल प्रशिक्षण कार्यक्रम पुलिस बल की दक्षता एवं आपदा प्रबंधन क्षमता को और अधिक सुदृढ़ करते हैं तथा भविष्य में किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने में सहायक सिद्ध होते हैं। अंत में मॉक ड्रिल के सफल आयोजन के उपरांत सभी प्रतिभागी पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए तथा आपदा प्रबंधन में सतर्कता एवं तत्परता बनाए रखने हेतु प्रेरित किया गया।

**मांग** श्री राम के मंदिर में चोरी करने वाले दोषियों के विरुद्ध अभी तक योगी सरकार ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है

# राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरोहा ( डा.महताब अमरोहवी )।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी अमरोहा के पदाधिकारियों द्वारा जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया के नेतृत्व में अयोध्या में स्थित प्रभु श्री राम जी के मंदिर में रामधन दान चढ़ावा घोटाला चोरी के विरोध में जिला कलेक्ट्रेट अमरोहा में विरोध प्रदर्शन कर महामहिम राज्यपाल जी के नाम संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी नितिन गौड को सोपा ज्ञापन के माध्यम से महामहिम राज्यपाल से मांग की प्रभु श्री राम के मंदिर में चोरी करने वाले दोषियों के विरुद्ध अभी तक योगी सरकार ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया ने कहा प्रभु श्री राम जी के मंदिर में चोरी करने वाले बड़े अधर्मी है नरक में जाएंगे और अभी तक उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने प्रभु के घर में चोरी करने वाले अधर्मियों के विरुद्ध मुकदमा तक दर्ज नहीं किया है इस प्रकरण में अभी तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं हुई है कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है मुकदमा दर्ज नहीं होना किसी भी अधर्मी की गिरफ्तारी न होना उत्तर प्रदेश की योगी सरकार की निष्पक्षता पर सवाल खड़े करता है प्रभु श्री राम के मंदिर में रामधन दान चढ़ावा घोटाला चोरी की घटना ने देश के करोड़ों सनातनियों एवं आम जनमानस की आस्था को झक जोर कर रख दिया है प्रभु श्री राम का मंदिर हमारी धार्मिक आस्था का प्रतीक है हमारी भावनाएं प्रभु श्री राम के मंदिर से जुड़ी है इस घटना में उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने सीट का गठन किया है परंतु इतने गंभीर प्रकरण में अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं होना किसी की गिरफ्तारी नहीं होना योगी सरकार की निष्पक्ष भूमि का पर गंभीर प्रश्न चिन्ह लगता है पहले प्रभु श्री राम के नाम पर वोट लेकर सरकार बनाई जब सरकार बन गई तो प्रभु श्री राम जी के घर की मंदिर की सुरक्षा नहीं कर पाए मंदिर में चोरी हो गई घोटाले हो रहे हैं और सरकार मौन बैठी है आपका मन यह दर्शा रहा है।की आखिर सरकार किसको बचाना चाहती है हमने राज्यपाल से ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि इस गंभीर प्रकरण में तत्काल एफआईआर दर्ज होनी चाहिए दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए .इस अवसर पर चौधरी सुखराज सिंह, राजकुमार अरुण, हाजी खुर्शीद अनवर, फैज आलम रायनी, मेराजुल जफर, महिपाल सिंह जाटव, मोहम्मद शाहिद सिद्दीकी (खेड़ी), इकबाल अंसारी, मनोज कटारिया, हरस्वरूप प्रधान , मोहम्मद माजिद, मोहम्मद आरिफ, ताबिश, कासिफ, हाजी रियासत हुसैन, मोहम्मद, इरफान, शाहबाज , कलीम, शमीम अब्बासी ,तालिब इदरीसी, शाहिद, आदिल खान सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# कछला घाट पर आस्था की उमड़ी भीड़, हजारों लोगों ने लगाई डुबकी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बदायूं ।** कछला गंगा घाट पर बुधवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर पूजा अर्चना कर मां गंगा का आशीर्वाद प्राप्त किया। गंगा स्नान का सिलसिला दोपहर बाद तक जारी रही। जिला प्रशासन की ओर से गंगा घाट पर सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किए गए। सुबह डीएम अवनीश राय और एसएसपी अंकिता शर्मा ने गंगा घाट पर पहुंचकर निरीक्षण किया।

डीएम अवनीश राय एवं एसएसपी अंकिता शर्मा ने गंगा दशहरा/ज्येष्ठ दशमी गंगा स्नान पर्व पर कछला बॉर्डर एवं कछला गंगा घाट क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन एवं कानून-व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। गंगा स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों की पार्किंग के लिए चिन्हित किये स्थानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्रद्धालुओं के सुरक्षित एवं सुगम आवागमन, पार्किंग व्यवस्था, यातायात संचालन और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तृत कार्ययोजना तैयार की।

अफसरों को निर्देशित किया कि गंगा घाट पर महिला श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा/कानून व्यवस्था के दृष्टिगत सतर्क दृष्टि रखें, श्रद्धालुओं को स्नान के दौरान किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े, इसका ख्याल रखें। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभिषेक कुमार सिंह, एसडीएम सदर मोहित कुमार, क्षेत्राधिकारी उझानी सुनील कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात सुनील अहलावत आदि मौजूद रहे।



# डीएपी-यूरिया की कालाबाजारी पर भड़के किसान, कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** क्षेत्र में डीएपी और यूरिया खाद की किल्लत तथा कालाबाजारी को लेकर किसानों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। बुधवार को भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी को

## भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, समय पर खाद उपलब्ध कराने की उठाई मांग



ज्ञापन सौंपकर खाद की कालाबाजारी पर रोक लगाने और किसानों को समय पर सरकारी दरों पर खाद उपलब्ध कराने की मांग की। युवा मंडल उपाध्यक्ष अंकित ठाकुर के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि क्षेत्र में डीएपी और यूरिया खाद की भारी कमी बनी हुई है। सहकारी समितियों पर किसानों को खाद नहीं मिल पा रही है, जबकि निजी दुकानदार सरकारी मूल्य 280 रुपये की खाद को मनमाने दामों पर बेच रहे हैं। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। ज्ञापन में कहा गया कि बुवाई का समय निकलता जा रहा है और समय पर खाद उपलब्ध नहीं होने से फसल प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। किसानों ने आरोप लगाया कि खाद की कालाबाजारी से किसान परेशान हैं और प्रशासन को तत्काल इस पर अंकुश लगाना चाहिए। भाकियू (टिकैत) पदाधिकारियों ने मांग की कि कालाबाजारी पर तत्काल रोक लगाकर किसानों को सरकारी दरों पर पर्याप्त मात्रा में डीएपी और यूरिया उपलब्ध कराई जाए। चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो भारतीय किसान यूनियन तहसील एवं जिला स्तर पर बड़ा आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

# अमरनाथ भंडारे की सामग्री लेकर चंदौसी से जम्मू-कश्मीर रवाना हुआ ट्रक

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**चंदौसी।** शिव बर्फानी मानव सेवा समिति के तत्वावधान में बाबा अमरनाथ यात्रा के लिए खाद्य सामग्री एवं आवश्यक सामान से भरा ट्रक मंगलवार देर रात जम्मू-कश्मीर के लिए रवाना किया गया। ट्रक को सीता आश्रम स्थित मूंछों वाले शिव मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद ढोल-नगाड़ों के साथ रवाना किया गया। समिति के मुख्य सेवादार कौशल किशोर वंदेमातरम ने बताया कि समिति को अमरनाथ श्राइन बोर्ड एवं जम्मू-कश्मीर प्रशासन से जम्मू के भगवती नगर स्थित यात्री निवास परिसर में एक जुलाई से 28 अगस्त तक भंडारा संचालित करने की आधिकारिक अनुमति प्राप्त हुई है। यह समिति का चौथा भंडारा है।

इससे पूर्व सीता रोड स्थित गुप्ता कोल्ड स्टोरेज पर नगर के दानदाताओं ने भंडारे के लिए खाद्य सामग्री और अन्य आवश्यक वस्तुएं एकत्रित कर ट्रक में लदवाईं। भंडारा संचालक रूपेश शर्मा की देखरेख में ट्रक को जम्मू-कश्मीर के लिए रवाना किया गया। इस दौरान राजीव गुप्ता, अंशुल टनाटन, मनोज कुमार डब्बू, राहुल सिंघल, विट्ठू अग्रवाल, कपिल गुप्ता, मौसम गुप्ता, संजय किराना समेत अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

# लखनऊ अग्निकांड के बाद चंदौसी में अलर्ट, कोचिंग सेंटरों और लाइब्रेरी में अग्निशमन विभाग की सख्त जांच

बुलन्द संदेश ब्यूरो









**चंदौसी।** लखनऊ में हाल ही में हुए अग्निकांड के बाद अग्निशमन विभाग ने नगर में संचालित कोचिंग सेंटरों और लाइब्रेरी की सुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच तेज कर दी है। बुधवार को दोपहर 12 बजे से चलाए गए विशेष अभियान के तहत गोशाला रोड, आवास विकास समेत विभिन्न क्षेत्रों में संचालित करीब सात कोचिंग सेंटरों और लाइब्रेरी का निरीक्षण कर अग्नि सुरक्षा मानकों का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने भवनों में लगाए गए अग्निशमन यंत्रों,

## आवास विकास समेत विभिन्न क्षेत्रों में चला विशेष अभियान, एक्सपायर अग्निशमन सिलेंडर और घरेलू मीटरों से चल रहे संस्थान आए जांच के दायरे में

आपातकालीन निकास मार्ग, विद्युत वायरिंग, सीढ़ियों और वेंटिलेशन व्यवस्था की गहन पड़ताल की। जांच के दौरान कई संस्थानों में सुरक्षा मानकों से संबंधित कमियां सामने आईं। कुछ लाइब्रेरी और कोचिंग सेंटरों में अग्निशमन यंत्रों की वैधता अवधि समाप्त मिली, जबकि कई संस्थान घरेलू बिजली कनेक्शन से संचालित पाए गए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि व्यावसायिक गतिविधियों के लिए संचालित होने वाले ऐसे संस्थानों में कमर्शियल बिजली मीटर होना अनिवार्य है। उप जिलाधिकारी नीतू रानी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान मिली कमियों का आकलन किया जा रहा है। संबंधित संचालकों को नोटिस जारी कर निर्धारित समय सीमा के भीतर आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोपरि है और अग्नि सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि निरीक्षण के दौरान कई कोचिंग सेंटरों और लाइब्रेरी में लगे अग्निशमन यंत्रों की वैधता अवधि समाप्त मिली। जांच में सामने आया कि कुछ सिलेंडरों की




निर्धारित समय पर रिफिलिंग और सर्विसिंग नहीं कराई गई थी, जिससे आपात स्थिति में उनकी प्रभावशीलता प्रभावित हो सकती है। अधिकारियों ने ऐसे संस्थानों के संचालकों को तत्काल अग्निशमन यंत्रों की रिफिलिंग कराने तथा अग्नि सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अभियान के दौरान उप जिलाधिकारी नीतू रानी, क्षेत्राधिकारी विवेक जावला, मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) के.के.ओझा, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संत कुमार चंदौसी समेत अग्निशमन विभाग और पुलिस कर्मी मौजूद रहे। अधिकारियों ने संचालकों को चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाएगा। मानकों का पालन नहीं करने वाले संस्थानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# मतदाता सूची में फर्जी नाम दर्ज होने का आरोप, सपा नेताओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर चंदौसी विधानसभा क्षेत्र की मतदाता

## चंदौसी विधानसभा में डुप्लीकेट वोटरों की जांच कर नाम हटाने की मांग



सूची में कथित रूप से दर्ज फर्जी और डुप्लीकेट नामों की जांच कर उन्हें हटाने की मांग की। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि एसआईआर-2026 के तहत तैयार की गई मतदाता सूची में कई स्थानों पर एक ही व्यक्ति का नाम अलग-अलग ईपीआईसी नंबरों के साथ दर्ज है। पार्टी नेताओं का कहना है कि इससे मतदाता सूची की शुद्धता प्रभावित हुई है और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो रहे हैं। सपा नेताओं ने दावा किया कि चंदौसी विधानसभा क्षेत्र में हजारों मतदाता फर्जी तरीके से दर्ज किए गए हैं। उन्होंने सभी बूथों की जांच कर फर्जी नामों को हटाने और मतदाता सूची को संशोधित कराने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि मामले में निष्पक्ष जांच नहीं कराई गई तो पार्टी आंदोलन करने को बाध्य होगी।

# ई पंजीकरण व्यवस्था के विरोध में आंदोलनरत अधिवक्ताओं से मिलीं विधायक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** दस्तावेजों के पंजीकरण की व्यवस्था निजी संस्थाओं के माध्यम से संचालित किए जाने के विरोध में तहसील




परिसर में चल रहे धरना-प्रदर्शन के बीच क्षेत्रीय विधायक डॉ मंजू शिवाच ने आंदोलनरत अधिवक्ताओं, बैनामा लेखकों, स्टांप विक्रेताओं, वेंडरों, कंप्यूटर ऑपरेटरों एवं मुंशियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। धरना स्थल पर पहुंची विधायक ने प्रदर्शनकारियों के प्रतिनिधियों से वार्ता कर उनकी मांगों और चिंताओं की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि संबंधित वर्ग की आजीविका और हितों से जुड़े मुद्दों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए तथा उनकी भावनाओं से शासन को अवगत कराया जाएगा। डॉ मंजू शिवाच ने आंदोलनकारियों को मुख्यमंत्री के नाम प्रेषित अपने पत्र की प्रति भी सौंपी। उन्होंने आश्वस्त किया कि इस विषय को प्रदेश सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा तथा मुख्यमंत्री से शीघ्र मुलाकात कर अधिवक्ताओं और अन्य संबंधित वर्गों की मांगों एवं समस्याओं से अवगत कराया जाएगा।

विधायक ने कहा कि वह इस मामले में सकारात्मक समाधान के लिए हर संभव प्रयास करेंगी। ताकि प्रभावित पक्षों की समस्याओं का उचित निराकरण हो सके। विधायक के आश्वासन के बाद प्रदर्शनकारियों ने अपनी मांगों के समाधान की उम्मीद जताई है।

# ई-रजिस्ट्री के विरोध में तीसरे दिन भी बहिष्कार जारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** प्रदेश में लागू की जा रही ई-रजिस्ट्री व्यवस्था के विरोध में तहसील परिसर स्थित उपनिबंधक कार्यालय में अधिवक्ताओं, बैनामा लेखकों, स्टाम्प वेंडरों व टाइपिस्टों का अनिश्चितकालीन बहिष्कार बुधवार को तीसरे दिन भी




जारी रहा। तहसील बार एसोसिएशन अध्यक्ष कल्याण सिंह तोमर की अध्यक्षता में हुए विरोध प्रदर्शन में वक्ताओं ने ई-रजिस्ट्री व्यवस्था को व्यावहारिक कठिनाइयों वाला बताते हुए इसे वापस लेने की मांग की। आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी होने तक बहिष्कार और विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।

# लखनऊ अग्निकांड में दिवंगत विद्यार्थियों को दी श्रद्धांजलि, दो मिनट का मौन रख जताई संवेदना

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**चंदौसी।** लखनऊ के अलीगंज स्थित कोचिंग संस्थान में हुए भीषण अग्निकांड में दिवंगत विद्यार्थियों को किरन वेलफेयर सोसाइटी (पंजीकृत) की ओर से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने मोमबत्तियां प्रज्वलित कर दो मिनट का मौन रखा तथा दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। सोसाइटी की अध्यक्ष डॉ. नीलम वार्ष्णेय ने कहा कि यह हृदयविदारक घटना पूरे समाज को झकझोर देने वाली है। मासूम विद्यार्थियों का असमय निधन अत्यंत दुखद है।

उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान देने तथा शोकाकुल परिवारों को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में सोसाइटी पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है और दुर्घटना में घायल विद्यार्थियों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करती है। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओ ने ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न होने की प्रार्थना करते हुए दिवंगत विद्यार्थियों को नमन किया।

# महिला आयोग की सदस्य डॉ.मीनाक्षी भराला ने सुनीं महिलाओं की समस्याएं, अधिकारियों को दिए निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**मेरठ (जावेद अब्बासी )।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या डॉ. मीनाक्षी भराला ने बुधवार को तहसील सभागार में महिला जनसुनवाई कर महिलाओं की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई के दौरान 13 मामले सामने आए, जिनके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।डॉ. भराला ने कहा कि महिलाओं से जुड़े मामलों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को महिला उत्पीड़न की शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। साथ ही महिलाओं से अपनी समस्याएं खुलकर रखने की अपील की।जनसुनवाई के बाद उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मवाना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की व्यवस्थाएं संतोषजनक मिलीं। उन्होंने मरीजों से बातचीत कर स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। मरीजों ने भी अस्पताल की सुविधाओं और चिकित्सकों के कार्य की सराहना की।इसके बाद डॉ. भराला ने मवाना गौशाला का निरीक्षण किया और वहां मौजूद कर्मचारियों को गायों के लिए पौष्टिक आहार, स्वच्छ पेयजल तथा साफ-सफाई की व्यवस्था बेहतर रखने के निर्देश दिए।इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी, तहसीलदार मवाना, क्षेत्राधिकारी मवाना सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# परिवार परामर्श केंद्र में सुलझे वैवाहिक विवाद, एक दंपती को कराया गया एकजुट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** पुलिस परिवार परामर्श एवं सुलह-समझौता केंद्र की बैठक बुधवार को गौशाला रोड स्थित पिंक चौकी में थाना प्रभारी डॉ. रुकम पाल सिंह की देखरेख में आयोजित की गई। बैठक में पति-पत्नी के आपसी विवाद से संबंधित 29 पत्रावलियों पर सुनवाई की गई। काउंसलरों के सहयोग से तीन मामलों का



निस्तारण किया गया, जिनमें एक परिवार को समझा-बुझाकर पुनः साथ रहने के लिए राजी कर दिया गया। वहीं दो मामलों को आवेदकों द्वारा बल न देने एवं अन्य कारणों से बंद कर दिया गया। इस दौरान काउंसलर श्वेता गुप्ता, उपनिरीक्षक महेश गंगवार, हेड कांस्टेबल मनोहर सिंह व रुचि सहित अन्य मौजूद रहे।

**लापरवाही** इस मार्ग के निर्माण के लिए मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को प्रस्ताव भेजा गया था तथा मेरठ मंडलायुक्त को भी ज्ञापन सौंपा गया था

# नगर निगम की लापरवाही से वर्षों से अधर में लटका नल वाला रास्ता, क्षेत्रवासियों में रोष

बुलन्द संदेश ब्यूरो


**मेरठ।** बहुजन मुक्ति पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं मेरठ दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी राजुद्दीन गादरे ने नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि नगर निगम की लापरवाही के कारण फातिमा रोड स्थित "नल वाला रास्ता" मुख्यमंत्री के निर्देशों के बावजूद वर्षों से नहीं बन पाया है। उन्होंने क्षेत्र की खराब सफाई व्यवस्था और जर्जर सड़क को लेकर नाराजगी व्यक्त की।























राजुद्दीन गादरे ने बताया कि इस मार्ग के निर्माण के लिए मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को प्रस्ताव भेजा गया था तथा मेरठ मंडलायुक्त को भी ज्ञापन सौंपा गया था, जिस पर वार्ड संख्या 86 और 87 के सैकड़ों निवासियों के हस्ताक्षर थे। नगर निगम से प्राप्त जानकारी के अनुसार अभी तक सड़क निर्माण का टेंडर जारी नहीं हो सका है, जिसके चलते यह महत्वपूर्ण मार्ग वर्षों से अधर में लटका हुआ है। सड़क गड्ढों में तब्दील हो चुकी है और क्षेत्र की सफाई व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि वार्ड 86 और 87 के पूर्व पार्षदों की उदासीनता के कारण क्षेत्रवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सड़क के दोनों ओर पहले नालियां बनी हुई थीं, लेकिन बाद में उन्हें चौड़ा और गहरा नाला बना दिया गया। इन नालों में गंदगी का अंबार लगा रहता है तथा इन्हें ढका भी नहीं गया है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। स्थानीय लोगों को भय है कि किसी दिन कोई बच्चा या राहगीर इनमें गिरकर हादसे का शिकार हो सकता है। गादरे ने बताया कि क्षेत्र में सड़क के बीचों-बीच सीवर लाइन भी मौजूद है, लेकिन उसका समुचित उपयोग नहीं किया जा रहा है। उन्होंने नगर निगम से पशु डेयरियों के लिए गोबर उठाने हेतु विशेष ट्रॉलियों की व्यवस्था करने की मांग की, जिससे गंदगी कम हो सके और जल संरक्षण को भी बढ़ावा मिले। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ते भूजल दोहन के कारण जलस्तर तेजी से नीचे जा रहा है। पहले जहां 150 से 200 फीट की गहराई पर पानी उपलब्ध हो जाता था, वहीं अब 300 से 500 फीट तक बोरिंग करनी पड़ रही है। यदि समय रहते जल संरक्षण के उपाय नहीं किए गए तो भविष्य में पानी की गंभीर समस्या उत्पन्न हो सकती है। राजुद्दीन गादरे ने शासन-प्रशासन और नगर निगम के अधिकारियों से मांग की कि फातिमा रोड स्थित नल वाले रास्ते के निर्माण, सफाई व्यवस्था में सुधार तथा क्षेत्र की अन्य समस्याओं के समाधान के लिए शीघ्र प्रभावी कार्रवाई की जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में मोहम्मद आरिफ सैफी, डॉ. यामीन खान, गुल मोहम्मद, मोहम्मद इमरान, मोहम्मद शकील अहमद, आसिफ, महबूब, अमजद, रईस, सिराज, नाज, गुलशन, अनबिया, तौसीफ, कारी मोहम्मद साबिर, मोहम्मद जीशान, डॉ. फुरकान, मेहताब अंजुम, निजाम, तौशी, आलिया, शहजाद अली सहित अनेक क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# मुरादाबाद को मिला 906 जोड़ों का लक्ष्य, छह-सात और 11 जुलाई को आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए मुरादाबाद जिले को कुल 906 जोड़ों के सामूहिक विवाह का लक्ष्य मिला है।जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैसिया ने लक्ष्य को विकास खंड और नगर निकायों में बांटते हुए सभी संबंधित अधिकारियों

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना

को व्यापक प्रचार-प्रसार कर पात्र आवेदकों के आवेदन समय से सत्यापित कराने के निर्देश दिए हैं। पहले त्रैमासिक में 272 विवाहों का लक्ष्य रखा गया है, जिसके लिए 6, 7 और 11 जुलाई 2026 को सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किए जाएंगे। जिले में ग्रामीण क्षेत्र के लिए 695 और नगर निकायों के लिए 211 का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। डिलारी, ठाकुरद्वारा, छजलैट, मुरादाबाद, मूंढापांडे, भगतपुर टांडा, डींगरपुर और बिलारी, बनियाखेड़ा ब्लाकों को 85-85 युगलों का लक्ष्य दिया गया है, जबकि नगर निगम मुरादाबाद को 151 तथा अन्य नगर पालिका और नगर पंचायतों को पांच से 10 तक के लक्ष्य आवंटित किए गए हैं। डीएम ने स्पष्ट किया है कि आवेदन मिलने के बाद तीन दिन के भीतर भौतिक सत्यापन किया जाएगा। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि आवेदिका का पहले विवाह न हुआ हो, उसकी आयु नियमानुसार हो और केवल योजना का लाभ लेने के लिए किसी फर्जी वर का नाम दर्ज न किया गया हो। सत्यापन के बाद दो दिन के भीतर संबंधित अधिकारी डिजिटल हस्ताक्षर के साथ आवेदन आनलाइन अग्रसारित करेंगे। योजना में निराश्रित महिला, विधवा महिला की पुत्री, दिव्यांग अभिभावक की पुत्री तथा स्वयं दिव्यांग कन्या को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, पात्र पाए गए




आवेदनों में से 10 प्रतिशत का पुनः सत्यापन संबंधित अधिकारी और 20 प्रतिशत का पुनः स्थलीय सत्यापन सहायक विकास अधिकारी करेंगे। इसके अलावा जिला स्तर पर भी रैंडम जांच कराई जाएगी। डीएम ने कहा है कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना मुख्यमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकताओं और सीएम डैशबोर्ड से जुड़ी योजना है। इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अपात्र आवेदनों को पात्र दर्शाकर अग्रसारित करने वाले अधिकारी और सत्यापनकर्ता स्वयं जिम्मेदार होंगे।

जिला समाज कल्याण अधिकारी प्रज्ञा वाजपेयी का कहना है कि सामूहिक विवाह कार्यक्रमों की संभावित तिथियां आ गई हैं। निविदा निकाल दी गई है। फर्म तय होने के बाद ही शादी समारोह होंगे। सत्यापन में सभी से पारदर्शिता अपनाने के लिए कह दिया गया है।

## सोई हुई महिलाओं के कानों से कुंडल एक जोड़ी कानों की वाली कानों से खींच कर ले गए चोरः दो अज्ञात चोरो पर एफआईआर दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई)।** चोरों के पकड़ में ना आने के कारण उनके हौसले बुलंद होते जा रहे हैं चोर अब तक दीवार फांदकर चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे अब तो उन्होंने सोई हुई महिलाओं के कानों से कुंडल खींचना शुरू कर दिया हैं ऐसा ही मामला थाना छजलैट के गांव बीबीपुर का सामने आया वहां के मतलूब पुत्र नूर हसन का आरोप था कि 22 जून की रात करीब 1:30 बजे उसके परिवार के सभी सदस्य सो रहे थे तभी दो अज्ञात व्यक्ति घर में घुस गए और उसकी पत्नी नजमा के एक जोड़ी कुंडल एक जोड़ी कानों की वाली कानों से खींच कर ले गए घटना के तुरंत बाद परिवार जाग गया लेकिन तब तक चोर घटना को अंजाम देकर फरार हो चुके थे। पीड़ित थाने पहुंचा और अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी पुलिस ने दो अज्ञात चोरो पर एफआईआर दर्ज की है।




## पावर कारपोरेशन "गलत फामूर्ले से वसूलता रहा" ईंधन अधिभार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** पावर कारपोरेशन प्रबंधन पिछले 14 माह से गलत फामूर्ले के आधार पर विद्युत उपभोक्ताओं से ईंधन अधिभार वसूलता रहा है। विद्युत नियामक आयोग ने इस पर नाराजगी जताते हुए प्रबंधन को किसी तरह की गलती न कर, कानून के दायरे में रहते हुए कार्य करने की हिदायत दी है। आयोग ने स्पष्ट तौर पर कहा कि किसी भी माह में बिजली खरीदने व ट्रांसमिशन (पारेषण) शुल्क के आधार पर ही ईंधन अधिभार तय कर उपभोक्ताओं से वसूला जा सकता है। किसी भी दूसरे माह की देनदारी या फिर समायोजन को अधिभार तय करने के फामूर्ले में शामिल नहीं किया जा सकता है।

आयोग के संबंधित आदेश से साफ है कि उपभोक्ताओं को भारी-भरकम ईंधन अधिभार से राहत मिलेगी। अधिभार के एवज में मई के बिल के साथ जून में 10 प्रतिशत अतिरिक्त वसूली जा रही धनराशि भी अगले माह के बिल में समायोजित की जा सकती है। इस संबंध में कारपोरेशन प्रबंधन पहले ही कह चुका है कि आयोग का निर्णय उसे स्वीकार होगा। हालांकि, प्रबंधन का कहना है कि दिल्ली सहित अन्य कई राज्यों में फ्यूल एवं पावर परचेज कास्ट एडजस्टमेंट (एफपीपीसीए) की गणना जिस तरह से की जा रही है, उसी तरह से जून व उससे पहले यहां भी किया जाता रहा है। जून में उपभोक्ताओं से भारी-भरकम 10 प्रतिशत ईंधन अधिभार वसूलने के आदेश पर विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने आपत्ति उठाते हुए आयोग में प्रस्ताव दाखिल किया था।आयोग द्वारा मंगलवार को दिए गए आदेश में कहा गया है कि पावर कारपोरेशन द्वारा एफपीपीसीए की गणना पूरी तरह गलत है। मासिक गणना केवल उसी माह की वास्तविक बिजली खरीद की लागत तथा ट्रांसमिशन शुल्क के आधार पर ही होगी। आयोग ने कारपोरेशन को भविष्य में इस तरह की गलती न करने की हिदायत दी।

## कांठ के अनेक लोगों ने थामा कांग्रेस का दामन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुरादाबाद स्थित एक होटल में प्रेसवार्ता के दौरान 21 लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी नेताओं ने

### केंद्र और प्रदेश सरकार की नीतियों से लोग परेशान : विनोद गुंबर

इसे जिले में कांग्रेस के बढ़ते जनाधार और संगठन विस्तार की दिशा में अहम कदम बताया। नेताओं ने कहा कि नए सदस्यों में कई दूसरी पार्टियों से आए हैं। केंद्र और प्रदेश सरकार की नीतियों, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, जीएसटी और व्यापारियों की समस्याओं से परेशान लोग अब कांग्रेस की ओर रुख कर रहे हैं।भाजपा सरकार की नीतियों से व्यापारी, युवा, किसान और मध्यम वर्ग सबसे अधिक प्रभावित हैं, इसलिए लोग कांग्रेस की



विचारधारा और जनहित के मुद्दों पर उसकी सक्रियता से प्रभावित होकर पार्टी से जुड़ रहे हैं। नए सदस्यों का स्वागत करते हुए पार्टी नेताओं ने कहा कि इन लोगों के जुड़ने से संगठन को शहर और ग्रामीण क्षेत्र दोनों में मजबूती मिलेगी। साथ ही पंचायत चुनाव और 2027 के विधानसभा चुनाव को देखते हुए बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करने, नए कार्यकर्ताओ को जोड़ने और जनसरोकार के मुद्दों पर संघर्ष तेज करने की रणनीति पर भी चर्चा की गई।

अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस मुरादाबाद जिला अध्यक्ष विनोद गुंबर ने कांठ नगर के विरेंद्र चौहान, कामेश चौहान, बृह्मपाल सिंह चौहान, महेंद्र सिंह चौहान उर्फ अरविंद,हुकम सिंह चौहान, आनन्द सिंह चौहान को कांग्रेस की सदस्यता दिलाई' इस अवसर पर डा सिराजुद्दीन अंसारी , शरीफ आजाद आदि मौजूद रहे।

## सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता ही दुर्घटनाओं से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल (लायबा नूर)।** नगर बहजोई के इस्लामनगर चौराहे पर यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर सुरक्षित एवं जिम्मेदार यातायात व्यवस्था को बढ़ावा देना रहा अभियान के दौरान मुख्य आरक्षी सोनू अहलावत द्वारा वाहन चालकों को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि सड़क पर सुरक्षा केवल स्वयं की नहीं, बल्कि अन्य लोगों के जीवन की सुरक्षा से भी जुड़ी हुई है। उन्होंने हेलमेट को जीवन रक्षक कवच बताते हुए दोपहिया वाहन चलाते समय इसका अनिवार्य रूप से प्रयोग करने की अपील की वाहन चालकों को मोबाइल फोन का प्रयोग करते हुए वाहन न चलाने, गति सीमा का पालन करने, लेन अनुशासन बनाए रखने तथा सड़क संकेतों का सम्मान करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही यह संदेश दिया गया कि सड़क पर जिम्मेदार व्यवहार और नियमों का पालन ही दुर्घटनाओं को रोकने का सबसे प्रभावी माध्यम है।




अभियान के दौरान "सुरक्षित चालक, सुरक्षित परिवार" का संदेश देते हुए लोगों को यातायात नियमों को अपनी दैनिक आदत का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर टीएसआई अशोक कुमार एवं कांस्टेबल अभिषेक उपस्थित रहे। पुलिस टीम ने नागरिकों से सुरक्षित एवं दुर्घटना-मुक्त यातायात व्यवस्था के निर्माण में सहयोग करने की अपील की।

## मुरादाबाद में 100 में से "दस मरीज ही करा रहे शुगर व बीपी की जांच" लोगों में "जागरूकता की कमी विभाग के प्रयास"भी अधूरे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटीज जैसी खामोश लेकिन खतरनाक बीमारियों की जांच में मुरादाबाद पिछड़ गया है। सरकारी रिपोर्ट के मुताबिक जिले में हर 100 मरीजों में सिर्फ 10 ही बीपी और शुगर की जांच करा रहे हैं 'लोगों में जागरूकता कम है तो दूसरी ओर विभाग के प्रयास अधूरे हैं। हालत यह हैं कि एनसीडी स्क्रीनिंग अभियान में मुरादाबाद न सिर्फ मंडल में सबसे पीछे है, बल्कि प्रदेश की रैंकिंग में भी 56वें स्थान पर पहुंच गया है।युवा वर्ग में जांच की जागरूकता कम है। ज्यादातर लोग तब जांच कराते हैं, जब चक्कर खाकर गिर जाते हैं। थोड़ा सा चलने में सांस फूल जाती है और चक्कर आने लगते हैं। किडनी और लिवर संबंधी बीमारियां हो जाती हैं। कम उम्र में आंखे कमजोर होने के बाद




लोग जांच कराते हैं। अप्रैल और मई 2026 की रिपोर्ट के अनुसार जिले में 12.20 लाख लक्षित आबादी के मुकाबले हाइपर टेंशन की जांच 1,30,565 लोगों की हुई, जो कुल आबादी का 10.70 फीसदी है।इसी तरह डायबिटीज की जांच 1,30,332 लोगों की हुई, यानी 10.68 फीसदी। रिपोर्ट में मुरादाबाद का प्रदर्शन लाल श्रेणी में रखा गया है, जो कमजोर स्क्रीनिंग व्यवस्था की ओर इशारा करता है।मंडल के बाकी जिले मुरादाबाद से आगे रहे। बिजनौर ने सबसे अच्छा प्रदर्शन किया है। वहां 16,85,564 आबादी के मुकाबले 2,31,775 लोगों की हाईपरटेंशन और 2,31,355 लोगों की डायबिटीज जांच हुई। दोनों में प्रदर्शन करीब 13.75 और 13.73 प्रतिशत रहा। बिजनौर में 25,654 संदिग्ध मरीज रेफर किए गए, जो 11.52 प्रतिशत है। यही कारण है कि बिजनौर को राज्य में 6 वीं रैंक मिली है। रामपुर ने भी बेहतर काम किया।

## योकाहामा क्लब नेटवर्क के माध्यम से चावला टायर्स ने मुरादाबाद में ग्राहक अनुभव को बनाया और बेहतर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादाबाद।** टायर रिटेल उद्योग में बदलती ग्राहक अपेक्षाओं के बीच अब उपभोक्ता केवल उत्पाद खरीदने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे विशेषज्ञ सलाह, पारदर्शी सेवाओं और दीर्घकालिक सहयोग की भी अपेक्षा रखते हैं। इसी दिशा में मुरादाबाद के प्रसिद्ध टायर डीलर चावला टायर्स ने योकाहामा क्लब नेटवर्क (YCN) से जुड़कर अपने ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण को और मजबूत किया है। यह प्रतिष्ठान फरवरी 2025 में उठ नेटवर्क का हिस्सा बना था।कांठ रोड स्थित मधुबनी पार्क के सामने संचालित चावला टायर्स ने यात्री वाहनों और एसयूवी मालिकों के बीच अपनी विश्वसनीय सेवाओं और तकनीकी विशेषज्ञता के कारण विशेष पहचान बनाई है। पिछले एक वर्ष में प्रतिष्ठान ने ग्राहकों के साथ अधिक व्यक्तिगत और परामर्श-आधारित जुड़ाव की रणनीति अपनाई है, जिसके तहत वाहन चालकों को उनकी ड्राइविंग शैली, सड़क की परिस्थितियों, वाहन उपयोग और प्रदर्शन संबंधी आवश्यकताओं के अनुसार सही




टायर चुनने में मार्गदर्शन दिया जाता है।

योकाहामा क्लब नेटवर्क (YCN), योकाहामा इंडिया की एक प्रीमियम रिटेल पहल है, जिसका उद्देश्य ग्राहकों को विश्वस्तरीय टायर खरीद एवं सेवा अनुभव प्रदान करना है। इस नेटवर्क के अंतर्गत प्रीमियम रिटेल मानक, विशेषज्ञ टायर फिटमेंट, सटीक व्हील अलाइनमेंट एवं बैलेंसिंग सेवाएं तथा योकाहामा की उन्नत जापानी टायर तकनीक का लाभ उपलब्ध कराया जाता है। नेटवर्क का लक्ष्य सभी साझेदार आउटलेट्स पर ग्राहकों को एक समान और उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं प्रदान करना है।

चावला टायर्स में अब केवल टायर बदलने तक ही सेवाएं सीमित नहीं हैं, बल्कि ग्राहकों को टायर हेल्थ चेक-अप, व्हील अलाइनमेंट मूल्यांकन, बैलेंसिंग सेवाएं और नियमित रखरखाव संबंधी सलाह भी दी जाती है। इसके अलावा ग्राहकों को योकाहामा इंडिया के लाइफटाइम प्रोटेक्शन प्रोग्राम (LPP) के बारे में भी जानकारी दी जाती है, जो पात्र टायरों पर उपलब्ध है और आकस्मिक टायर क्षति के विरुद्ध सुरक्षा प्रदान करते हुए ग्राहकों का भरोसा बढ़ाता है।

व्यक्तिगत परामर्श, पेशेवर सेवा मानकों और वाहन स्वामित्व से जुड़े अतिरिक्त लाभों के संयोजन के माध्यम से चावला टायर्स मुरादाबाद के ग्राहकों को अधिक जागरूक, सुविधाजनक और मूल्य-आधारित सेवा अनुभव प्रदान कर रहा है।

योकाहामा इंडिया के बारे में योकाहामा इंडिया, जापान की वैश्विक टायर निमार्ता कंपनी द योकाहामा रबर कंपनी लिमिटेड की सहायक इकाई है। कंपनी अपनी उन्नत टायर तकनीक, गुणवत्ता, प्रदर्शन और सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता के लिए विश्वभर में जानी जाती है।

योकाहामा इंडिया भारत में यात्री कारों, एसयूवी और प्रीमियम वाहन श्रेणियों के लिए विभिन्न प्रकार के उच्च गुणवत्ता वाले टायर उपलब्ध कराती है।

## बारिश न होने से बार-बार सूख रही धान की पौधः बारिश ना हुई तो "धान की रोपाई और उत्पादन" पर असर पड़ेगा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** मौसम विभाग की भविष्यवाणी के अनुसार लोगों को 3 दिन से बारिश की उम्मीद थी लेकिन बढ़ते तापमान का असर अब खरीफ सीजन की तैयारियों पर भी दिखाई देने लगा है। तेज धूप और उमस के कारण धान की पौध (नर्सरी) और गन्ने की पत्तियां सूखने लगी हैं। हालात यह हैं कि किसानों को पौध को बचाने के लिए हर तीसरे दिन सिंचाई करनी पड़ रही है, लेकिन इसके बावजूद खेतों में पड़ रही दरारें कम नहीं हो रही हैं। बुधवार को यहां का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर देखा गया किसानों का कहना है कि सामान्य परिस्थितियों में धान की पौध तेजी से बढ़ती है लेकिन इस बार मौसम अनुकूल नहीं होने के कारण पौधों की बढ़वार काफी धीमी है।



तेज धूप से मिट्टी की नमी तेजी से खत्म हो रही है, जिससे पौध मुरझाने लगी है। ऐसे में किसान सिंचाई के सहारे फसल को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। क्षेत्र के किसानों ने आज "बुलंद संदेश" को बताया तापमान अधिक होने से गन्ने की पत्ती ऊपर से सूख रही है। कुछ क्षेत्रों में पर्याप्त बिजली आपूर्ति नहीं हो पा रही है, इसकी वजह से धान की रोपाई प्रभावित हो रही है। पौध के सूखने और धीमी बढ़वार के कारण किसानों की चिंता लगातार बढ़ रही है। उन्होंने आशंका व्यक्त की कि यदि जल्द ही मौसम में बदलाव नहीं हुआ और अच्छी बारिश नहीं हुई तो इसका असर धान की रोपाई के साथ उत्पादन पर भी पड़ सकता है।

## कांठ में अनुरक्षण एवं टेस्टिंग का कार्य होने के कारण 6:30 घंटे विद्युत आपूर्ति बंद रहने से नागरिकों हुए परेशान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई)।** विद्युत उपकेंद्र कांठ पर बुधवार को अनुरक्षण एवं टेस्टिंग का कार्य होने के कारण सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक नगर की विद्युत आपूर्ति बंद रही जिसकी वजह से उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा' उपखंड अधिकारी सचिन रस्तोगी के अनुसार उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके इसी के कारण आज बिजली घर पर कार्य किया गया ' दोपहर 2:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रखने की विभाग ने घोषणा की थी लेकिन विद्युतआपूर्ति शाम 5:15 बजे सुचारू हुई ' करीब 6:30 घंटे विद्युत आपूर्ति बंद रहने से नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा ।



## 20 जुलाई तक भरवा लें हज 2027 के आवेदन फॉर्म : तकी अशरफ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल (दानिश अली )।** हज ट्रेनर जिला सम्भल तकी अशरफ एडवोकेट ने बताया कि हज कमेटी ऑफ इंडिया के सर्कुलर के अनुसार जो लोग अगले साल यानी 2027 में हज की पवित्र यात्रा पर जाना चाहते हैं वे लोग अपने फॉर्म ऑनलाइन 20 जुलाई तक भरवा लें। हज 2027 के फॉर्म ऑनलाइन आ गए हैं जिसकी लास्ट डेट 20 जुलाई 2026 है। जिन लोगों के पासपोर्ट पुराने बने हुए हैं उनके पासपोर्ट की वैलिडिटी 31 दिसम्बर 2027 तक होनी चाहिए।

जो लोग हज को जाने के लिए पासपोर्ट बनवाना चाहते हैं वो लोग अपना पासपोर्ट तत्काल में बनवाएं ताकि आपका फॉर्म इस साल भरा जा सके, 65 साल से ज्यादा उम्र वालों के साथ एक 60 साल से कम वाला व्यक्ति साथ जाने के लिए होना चाहिए।

अगर कोई कम दिनों का हज करना चाहता है तो उसके लिए हज कमेटी ने 20 दिन का हज किया है लेकिन यह लिमिटेड लोगों के लिए होगा अगर ज्यादा फॉर्म भरे जाएंगे तब ड्रॉ के जरिए लोगों का चयन किया जाएगा। आमतौर पर हज यात्रा 38 से 45 दिनों तक होती है। जो लोग चाहें तो नॉर्मल हज यानी 38-45 दिन वाला भी कर सकते हैं। साइबर कैफे, जनसेवा केन्द्र, या बाकी लोग जो फॉर्म भरते हैं वो लोग एक बार मरकजी मदरसा में बात कर लें क्यूंकि अक्सर फॉर्म भरने में गलती होती है जिससे आवेदक को बाद में बहुत परेशानी



आती है हज के लिए जरूरी दस्तावेज पासपोर्ट, आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक की पासबुक/कैंसिल चैक, फोटो, ब्लड ग्रुप, नॉमिनी का आधार कार्ड, मोबाइल नम्बर,ईमेल आईडी जिला सम्भल के हज के फॉर्म उत्तर प्रदेश हज कमेटी द्वारा गठित हज ई-सुविधा केन्द्र मरकजी मदरसा अहले सुन्नत अजमल उल उलूम, तेल मण्डी सम्भल में भरे जाएंगे आगे बताया कि सम्भल जिले से लगभग 506 के आसपास लोग हज करने के लिए इस साल 2026 में गए थे, सभी का हज पूरा हो चुका है और सभी लोग आने शुरू हो चुके हैं ।

### वृद्धावस्था पेंशन योजना का सत्यापन

### मृत्यु के बाद भी 50 खातों में गई रकम की होगी रिकवरी

# मुरादाबाद में 57,754 की जांच में "887 लाभार्थी मिले मृत"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** वृद्धावस्था पेंशन योजना के लाभार्थियों के सत्यापन अभियान में कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। जिले में 57,754 लाभार्थियों का भौतिक सत्यापन कराया गया, जिसमें 887 लाभार्थी मृत पाए गए। इसके बाद समाज कल्याण विभाग ने मृत लाभार्थियों के नाम पेंशन सूची से हटाने, रिकार्ड अपडेट करने और भुगतान पर रोक लगाने की कार्रवाई तेज कर दी है। इसके अलावा जांच के दौरान 50 से अधिक ऐसे मामले भी सामने आए हैं, जिनमें लाभार्थी की मृत्यु के बाद भी उनके खातों में पेंशन की राशि पहुंच गई। इन मामलों में अब विभाग वसूली की कार्रवाई कर रहा है।

**एटीएम से निकाली गई राशि की विभाग कर रहा जांचः**




सत्यापन अभियान शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में चलाया गया। नगर निकायों में स्थानीय कर्मचारियों ने घर-घर जाकर लाभार्थियों का सत्यापन किया, जबकि ग्राम पंचायतों में खंड विकास अधिकारियों के निर्देशन में सहायक विकास अधिकारी, ग्राम सचिव और पंचायत सहायकों ने यह जिम्मेदारी निभाई। अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि योजना का लाभ केवल जीवित और पात्र बुजुर्गों को ही मिले तथा सरकारी धन का दुरुपयोग न हो। सत्यापन के दौरान यह भी सामने आया कि कई परिवारों ने लाभार्थी की मृत्यु के बाद समाज कल्याण विभाग को समय पर सूचना नहीं दी। इसी कारण कुछ मामलों में पेंशन की किस्तें खातों में पहुंचती रहीं। विभागीय जांच में 50 से अधिक ऐसे प्रकरण मिले हैं, जहां मृत्यु के बाद खाते में आई पेंशन की धनराशि एटीएम या अन्य माध्यम से निकाल ली गई। ऐसे सभी खातों पर रोक लगा दी गई है और संबंधित स्वजनों से सरकारी धन की वसूली की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मृत लाभार्थियों के नाम हटने से भविष्य में फर्जी भुगतान पर रोक लगेगी और वास्तविक पात्र बुजुर्गों तक समय पर पेंशन पहुंच सकेगी। जिला समाज कल्याण अधिकारी प्रज्ञा वाजपेयी ने बताया कि सत्यापन रिकार्ड को दुरुस्त करने की प्रक्रिया है। 887 मृत लाभार्थियों का रिकार्ड अपडेट किया जा रहा है, जबकि केवल उन 50 से अधिक मामलों में वसूली की जाएगी, जिनमें मृत्यु के बाद भी पेंशन की राशि खाते से निकाली गई है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी नियमित सत्यापन कराया जाएगा, ताकि योजना का लाभपूरी पारदर्शिता के साथ मिल सके।

## मुरादाबाद में " बेसमेंट में अस्पताल कोचिंग संचालन पर प्रतिबंध" 35 संस्थानों की जांच पूरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** लखनऊ में हुए भीषण अग्निकांड के बाद डीएम डा. राजेन्द्र पैंसिया और एसएसपी सतपाल अंतिल की अगुवाई में जिले के करीब 40 बड़े कोचिंग सेंटरों और व्यावसायिक संस्थानों का सेफ्टी आडिट शुरू कर दिया गया है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी डा. राजीव कुमार पांडे के नेतृत्व में गठित पांच विशेष टीमों ने अब तक 35 संस्थानों की जांच पूरी कर ली है। बेसमेंट में अस्पताल, रेस्टोरेंट और कोचिंग सेंटर के संचालन को प्रतिबंधित कर दिया गया है। अगले एक सप्ताह तक यह सघन चेकिंग अभियान शहर भर में जारी रहेगा। लखनऊ की घटना के बाद कलक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। डीएम और एसएसपी ने जिले के लगभग 250 कोचिंग, होटल और लान संचालकों के साथ दो घंटे चली बैठक कर उन्हें सुरक्षा मानक पूरे करने की हिदायत दी। प्रशासन की पांच टीमें डीआइओएस की सूची वाले 40 बड़े संस्थानों के साथ-साथ तंग गलियों में चल रहे 10-15 छोटे सेंटरों को भी चिह्नित कर रही हैं। एक-दो कमरों वाले जिन छोटे संस्थानों में अग्निशमन यंत्र मिले हैं, वहां टीमों द्वारा स्टाफ को आपात स्थिति में उन्हें चलाने का उचित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। चेकिंग के दौरान ग्राउंड प्लस टू इमारत में संचालित एक कोचिंग संस्थान में 'नेशनल बिल्डिंग कोड 2016' के मानकों का पालन नहीं मिला। यहां - फायर सेफ्टी के उचित इंतजाम नदारद थे और हाइड्रेंट व होजरील मानक के अनुरूप नहीं पाए गए। इस लापरवाही पर संस्थान पर ताला जड़ दिया गया। डीएम ने कहा कि हर परिसर में एंट्री-एग्जिट प्लान के साथ आपातकालीन फोन नंबर चस्पा होने चाहिए। किसी भी आटोमेटिक गेट को इमरजेंसी निकास नहीं माना जाएगा।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

# मल्टीटैलेंटेड मुक्ति मोहनः अभिनय, नृत्य और होस्टिंग में बनाई अलग पहचान



देश की जानी-मानी प्लेबैक सिंगर नीति मोहन और डांसर व कोरियोग्राफर शक्ति मोहन की बहन मुक्ति मोहन एक प्रसिद्ध भारतीय अभिनेत्री और डांसर हैं। मुक्ति चार बहनों में से एक हैं। नीति मोहन और शक्ति मोहन के अलावा उनकी एक और बहन है, जिनका नाम कृति मोहन है। मुक्ति मोहन ने कई फिल्मों, सीरियलों, वेब सीरीज और रियलिटी शो में अपनी एक्टिंग और हुनर का जादू बिखेरा है।

उन्होंने अपनी एक्टिंग करियर की शुरूआत 2007 में विशाल भारद्वाज की शॉर्ट फिल्म ब्लड ब्रदर्स से की। इसके बाद वह स्टार प्लस के एक डांस रियलिटी शो जरा नचके दिखा 2 में नजर आईं, जहां उनकी टीम विजेता रही और इस उपलब्धि ने उन्हीं काफी प्रसिद्धि दिलाई।

इसके बाद उन्होंने कॉमेडी सर्कस का जादू और दिल है हिंदुस्तानी 2 जैसे टीवी शो में भी काम किया है। वह झलक दिखला जा और नच बलिए 7 जैसे डांस रियलिटी शोज और फियर फैक्टरः खतरों के खिलाड़ी 7 में भी एक प्रतियोगी के तौर पर नजर आ चुकी हैं। मुक्ति ने डांसर, कोरियोग्राफर और टेलीविजन होस्ट राघव जुयाल के साथ सिंगिंग रियलिटी शो दिल है हिंदुस्तानी 2 की मेजबानी की है। वेब सीरीज की बात करें तो उन्होंने लोकप्रिय वेब सीरीज इनमेट्स के अलावा लाइफ हिल गई, बटरफ्लाइज, ग्यारह ग्यारह, आदि में अभिनय किया है।

मुक्ति की फिल्मों की बात करें तो वह थार, अ वेडिंग स्टोरी, साहेब बीवी और गैंगस्टर, हेट स्टोरी, कांचीः द अनब्रेकेबल, मुरां, दारुवू, और टॉपिवाला जैसी फिल्मों में काम कर चुकी है। वह सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती है। मुक्ति अक्सर अपनी बहन शक्ति मोहन के साथ डांस वीडियो शेयर करती रहती है। इसके अलावा फैंस को उनकी कॉमेडी वीडियो भी काफी पसंद आती हैं।

मुक्ति थिएटर और परफॉर्मिंग आर्ट्स में भी काफी सक्रिय रहती हैं। उनका खुद का एक मुक्ति मंच नाम का स्टूडियो है। इसके अलावा, कई बार मंच पर उनकी गायकी का टैलेंट भी देखने को मिला है। उन्होंने 5 दिसंबर 2023 को अभिनेता कुणाल ठाकुर के साथ शादी की।

# रहूं मैं तेरे रूबरू' का नया पोस्टर हुआ रिलीज! प्यार, रहस्य और सस्पेंस से भरपूर कहानी का देता है रोमांचक संकेत

फिल्म 'रहूं मैं तेरे रूबरूइ के निमार्ताओं ने फिल्म का नया पोस्टर जारी कर दिया है, जो दर्शकों को एक ऐसी दिलचस्प दुनिया की झलक देता है जहां प्यार और रहस्य का अनोखा संगम देखने को मिलेगा। इस आकर्षक पोस्टर में दो रोमांटिक जोड़ियों के बीच एक रहस्यमयी नकाबपोश शख्स दिखाई देता है, जो कहानी में छिपे राज, धोखे और भावनात्मक संघर्ष की ओर इशारा करता है। एस. एस. एंटरटेनमेंट वर्ल्ड द्वारा प्रस्तुत इस फिल्म में नए कलाकार आर्या कुमार, नीथा शेट्टी और पीहू बिस्वास मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। इनके साथ एक मजबूत सहायक कलाकारों की टीम भी है, जो इस सस्पेंस से भरपूर कहानी में अहम भूमिका निभाएगी। फिल्म




का निर्देशन इंदर दास ने किया है, जबकि इसकी पटकथा आर्या कुमार द्वारा लिखी गई है। फिल्म के डीओपी सोनू कुमार तिवारी और कमल एस. चौपाल हैं। वहीं आर्या कुमार और हिमांशु तिवारी ने क्रिएटिव डायरेक्टर के रूप में अपनी रचनात्मक दृष्टि से फिल्म को आकार दिया है। फिल्म का निर्माण सुमन सौरभ ने किया है।

पोस्टर की रहस्यमयी झलक और प्रभावशाली प्रस्तुति को देखते हुए यह साफ है कि फिल्म प्यार, विश्वासघात, जुनून और छिपी हुई पहचान जैसे विषयों को बड़े सिनेमाई अंदाज में पेश करने वाली है।

तकनीकी पक्ष की बात करें तो फिल्म का संगीत सोनू राव ने तैयार किया है, जबकि गीत शब्बीर सुर्वे ने लिखे हैं। फिल्म का संपादन हिमांशु तिवारी ने किया है और बैकग्राउंड स्कोर शैलेश राव द्वारा तैयार किया गया है।

अपने दिलचस्प पोस्टर के साथ 'रहूं मैं तेरे रूबरू ने दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ा दी है। यह रोमांटिक सस्पेंस-थ्रिलर दर्शकों को अंत तक बांधे रखने और हर मोड़ पर नए रहस्यों से चौंकाने का वादा करती है। फिल्म से जुड़ी और अपडेट्स के लिए बने रहिए हमारे साथ।

# मेरे गाने आज भी लोगों को याद, संगीत बना सबसे खूबसूरत पहचान : करिश्मा कपूर

मनोरंजन की दुनिया में संगीत हमेशा से फिल्मों का अहम हिस्सा माना गया है। चाहे कहानी कितनी भी मजबूत क्यों न हो, अगर उसमें अच्छे गाने और संगीत जुड़ जाए, तो वह दर्शकों के बीच लंबे समय तक बना रहता है। इसको लेकर अभिनेत्री करिश्मा कपूर ने अपने अनुभव साझा किए हैं। उन्होंने बताया कि उनके करियर की सबसे खूबसूरत पहचान वही गाने हैं, जिन्हें आज भी लोग याद करते हैं। करिश्मा कपूर इन दिनों डांस रियलिटी शो इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 5 में जज के तौर पर नजर आ रही हैं। उन्होंने बताया, इस शो में मुझे ऐसे अलग-



अलग टैलेंट देखने को मिलते हैं, जो संगीत को अपने तरीके से पेश करते हैं। यह देखकर मुझे बेहद खुशी होती है कि आज के युवा सिर्फ गानों को सुनते ही नहीं बल्कि उन्हें अपनी भावनाओं और डांस के जरिए एक नई कहानी में बदल भी देते हैं। यह बदलाव मुझे काफी प्रेरणादायक लगता है। करिश्मा कपूर ने कहा, मेरे लिए संगीत हमेशा से यादों, भावनाओं और एक खास जादू से जुड़ा रहा है। जब भी मैं इंडियाज बेस्ट डांसर 5 के सेट पर जाती हूं, तो यहां की परफॉर्मेंस देखकर मुझे अपने पुराने दिनों की याद आ जाती है। मुझे लगता है कि संगीत एक ऐसी चीज है जो हर व्यक्ति को किसी न किसी पल, भावना या समय से जोड़ देती है। एक अच्छा गाना सिर्फ सुना नहीं जाता, बल्कि महसूस किया जाता है और वह सीधे दिल तक पहुंचता है।

उन्होंने आगे कहा, मेरी फिल्मों की यात्रा में कई ऐसे गाने रहे हैं, जो आज भी लोगों के बीच बेहद लोकप्रिय हैं। इन गानों ने न सिर्फ मुझे पहचान दी, बल्कि दर्शकों के दिलों में खास जगह भी दिलाई। एक कलाकार के लिए यह सबसे बड़ी उपलब्धि होती है कि उसके काम को लोग सालों बाद भी याद रखें और उससे जुड़ाव महसूस करें। संगीत की ताकत यही है कि वह किसी भी इंसान को तुरंत पुराने समय में ले जा सकता है और बीती हुई यादों को फिर से जीवंत कर देता है।

अपने अनुभव साझा करते हुए उन्होंने कहा, इंडियाज बेस्ट डांसर 5 में आने वाले प्रतिभागी जिस तरह से पुराने और नए गानों को मिलाकर परफॉर्म करते हैं, वह बेहद खास है। यह देखकर एहसास होता है कि संगीत की कोई सीमा नहीं होती और हर पीढ़ी इसे अपने तरीके से जीती है। करिश्मा कपूर ने दिल तो पागल है फिल्म के शूटिंग के दिनों को याद किया और बताया कि इस फिल्म के लिए उन्हें बहुत ज्यादा रिहर्सल करनी पड़ी थी। इस दौरान उन्होंने डांस और परफॉर्मेंस की बारीकियों को और बेहतर तरीके से समझा।

# बॉक्स ऑफिस पर 18वें दिन फिर बढ़ी 'पेद्दी की कमाई, 'मैं वापस आऊंगा ने उठाया वीकएंड का भरपूर फायदा

कॉकटेल 2 और मां इंटी बंगारम 19 जून को थिएटर्स में रिलीज हो चुकी है। इन फिल्मों से पहले भी कुछ फिल्में हैं, जैसे- 'पेद्दी, 'है जवानी तो इश्क होना है, 'मैं वापस आऊंगाइ, जो सिनेमाघरों में लगी हुई है।

राम चरण की पेद्दी तीसरे हफ्ते में एंट्री कर चुकी है और इसके कलेक्शन में तीसरे संडे को उछाल देखा जा रहा है। सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक पेद्दी ने रिलीज के 18वें दिन यानी तीसरे संडे को 2.82 करोड़ कमाए हैं. इसी के साथ पेद्दी की 18 दिनों की कुल कमाई अब 234.27 करोड़ रुपये हो गई है। वहीं 12 जून को कई फिल्में रिलीज हुई थीं इनमें इम्तियाज अली की 'मैं वापस आऊंगाइ ही दर्शकों का दिल जीत पाई. इस फिल्म ने पहले हफ्ते में 12.25 करोड़ कमाए थे. इसके बाद 8 वें दिन इसका कलेक्शन 1.90 करोड रहा. वहीं 9वें दिन इसने कमाई में तेजी दिखाई और 4.35 करोड़ कमाए। अब सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक मैं वापस आऊंगा ने रिलीज के 10वें दिन यानी दूसरे संडे को 5.75 करोड़ कमाए हैं. इसी के साथ इस फिल्म की 10 दिनों की कुल कमाई अब 24.25 करोड़ रुपये हो गई है.

विक्रम भट्ट की हॉन्टेड 3डी ने बॉक्स ऑफिस पर पहले हफ्ते में 15.90 करोड़ कमाकर अपना बजट वसूल लिया था. वहीं दूसरे हफ्ते में एंट्री करने के बाद इसकी कमाई घटी है. इस फिल्म ने रिलीज के 8वें दिन 50 लाख और 9वें दिन भी 50 लाख ही कमाई.अब सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक हॉन्टेड 3डी ने रिलीज के 10वें गिन 55 लाख रुपये कमाए हैं.इसी के साथ इस फिल्म की 10 दिनों की कुल कमाई अब 17.45 करोड़ हो गई है.



इधर वरुण धवन की है जवानी तो इश्क होना है बॉक्स ऑफिस पर दम तोड़ चुकी है. रिलीज के 16वें दिन इसने 35 लाख रुपये कमाए थे.वहीं अब सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक इस फिल्म ने रिलीज के 17वें दिन यानी तीसरे संडे को 39 लाख रुपये कमाए थे.इसी के साथ इसकी भारत में 17 दिनों की कुल नेट कमाई अब 50.54 करोड़ रुपये हो गई है।

# घर की सफाई को आसान बना सकते हैं ये एसेंशियल ऑयल, ऐसे करें इस्तेमाल

घर की सफाई के लिए अक्सर हम महंगे और केमिकल युक्त क्लीनर का सहारा लेते हैं, जो न केवल महंगे होते हैं बल्कि सेहत के लिए भी हानिकारक हो सकते हैं। ऐसे में कुछ आवश्यक तेलों का उपयोग करके घर की सफाई करना न केवल सस्ता हो सकता है, बल्कि सेहत के लिए भी बेहतर है। आइए जानते हैं कि किन-किन एसेंशियल ऑयल्स का उपयोग घर की सफाई के लिए किया



जा सकता है।

**नींबू का तेल**

नींबू का तेल एक बहुत अच्छा आवश्यक तेल है, जो आपके घर को ताजगी भरा बना सकता है। इसे आप फर्श पर पोछा लगाने के लिए या दीवारों और फर्नीचर की सफाई के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके अलावा यह कीटाणुओं को भी नष्ट करता है और एक सुखद खुशबू छोड़ता है। नींबू के तेल को पानी में मिलाकर इस्तेमाल करने से सफाई भी बेहतर होती है और घर की हवा भी ताजगी भरी लगती है।

**लैवेंडर का तेल**

लैवेंडर का तेल न केवल घर को साफ रखता है बल्कि एक आरामदायक खुशबू भी देता है। इसे आप बाथरूम या रसोई में छिड़क सकते हैं ताकि कीटाणु खत्म हों और बदबू दूर हो जाए। इसके अलावा यह तेल आपके मन को शांत करता है और तनाव को दूर करता है। लैवेंडर के तेल का उपयोग करने से आपके घर का माहौल भी ताजगी भरा और आरामदायक बन जाता है, जिससे आप और आपका परिवार खुश रहते हैं।

**टी ट्री का तेल**

टी ट्री का तेल एक असरदार आवश्यक तेल है, जो बैक्टीरिया और फंगस को खत्म करने में मदद करता है। इसे आप अपने कपड़ों के धोने वाले पानी में डाल सकते हैं या फिर पानी में मिलाकर छिड़क सकते हैं। यह न केवल कपड़ों को साफ करता है बल्कि गंदगी और कीटाणुओं को भी नष्ट करता है। इसके अलावा यह आपके कपड़ों को ताजगी भरी खुशबू भी देता है, जिससे आपका धुलाई का अनुभव और भी बेहतर हो जाता है।

पुदीना का तेल

पुदीना का तेल एक ताजगी भरा आवश्यक तेल है, जो आपके घर की हवा को ताजगी भरी बना सकता है। इसे आप कचरा पेटी या फ्रिज में छिड़क सकते हैं ताकि बदबू दूर हो जाए। इसके अलावा इसे आप फर्श पर पोछा लगाने के लिए भी इस्तेमाल कर सकते हैं। पुदीना का तेल का उपयोग करने से आपके घर का माहौल भी ताजगी भरा और आरामदायक बन जाता है, जिससे आप और आपका परिवार खुश रहता है।

**रोजमेरी का तेल**

रोजमेरी का तेल एक आवश्यक तेल है, जो कीटाणुओं को मारने और ताजगी देने में मदद करता है। इसे आप रसोई के कटिंग बोर्ड आदि की सफाई के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं ताकि बैक्टीरिया नष्ट हों और बदबू दूर हो जाए। इन आवश्यक तेलों का उपयोग कर-के आप अपने घर को न केवल साफ-सुथरा रख सकते हैं बल्कि प्राकृतिक रूप से ताजगी भी दे सकते हैं। इनसे आपका घर खुशबूदार रहेगा और सेहत के लिए भी फायदेमंद होगा।

# रोलर स्केटिंग सीखने की सोच रहे हैं ? इन 5 बातों का रखें खास ध्यान

रोलर स्केटिंग एक मजेदार और रोमांचक गतिविधि है। यह न केवल आपको फिट रखती है, बल्कि आपके संतुलन को भी सुधारती है। अगर आप रोलर स्केटिंग सीखने की सोच रहे हैं तो यह लेख आपके लिए है। यहां हम कुछ जरूरी सुझाव देंगे, जो आपको रोलर स्केटिंग में मदद करेंगे। सही जूते चुनें, सुरक्षा उपकरण पहनें, सही तरीके सीखें, नियमित अभ्यास करें और संतुलन बनाए रखें जैसे महत्वपूर्ण सुझावों पर ध्यान दें।



**सही जूते चुनें**

रोलर स्केटिंग के लिए सही जूते का चयन करना बहुत जरूरी है। जूते आरामदायक होने चाहिए ताकि आप लंबे समय तक स्केटिंग कर सकें। इसके अलावा जूतों का आकार और फिटिंग भी सही होनी चाहिए ताकि आपका पैर सही तरीके से जूते में फंसे और फिसले नहीं। अच्छी गुणवत्ता वाले जूते खरीदें जो आपके पैरों को सही सपोर्ट दें और आपको स्केटिंग में मदद करें। ध्यान रखें कि जूतों का तलवा चिकना होना चाहिए ताकि फिसलन बनी रहे।

**सुरक्षा उपकरण पहनें**

रोलर स्केटिंग करते समय सुरक्षा उपकरण पहनना बहुत जरूरी है। सिर पर टोपी, घुटनों पर पैड, कोहनियों पर पैड और कलाई पर गाड्र्स पहनें ताकि अगर गिरते हैं तो चोट कम लगेगी। इन उपकरणों से आप सुरक्षित रहेंगे और आत्मविश्वास के साथ स्केटिंग कर सकेंगे। बच्चों को खासतौर पर सुरक्षा उपकरण पहनाने पर जोर दें ताकि वे भी सुरक्षित रहें और बिना किसी डर के स्केटिंग का आनंद ले सकें। सुरक्षा उपकरण पहनकर आप अधिक आराम महसूस करेंगे।

**सही तरीके सीखें**

रोलर स्केटिंग सीखते समय सही तरीके बहुत अहम होते हैं। पहले संतुलन बनाए रखने की कोशिश करें, फिर धीरे-धीरे गति बढ़ाएं। हाथों को संतुलन बनाए रखने के लिए खुला रखें और घुटनों को थोड़ा मोड़कर रखें ताकि फिसलन बनी रहे। इसके अलावा मुड़ते समय शरीर को हल्का झुकाएं ताकि मोड़ आसानी से कट सके। नियमित अभ्यास से आप इन तरीकों में माहिर हो सकते हैं और रोलर स्केटिंग का पूरा मजा ले सकते हैं।

**नियमित अभ्यास करें**

रोलर स्केटिंग में माहिर बनने के लिए नियमित अभ्यास करना बहुत जरूरी है। रोजाना कुछ समय निकालकर स्केटिंग करें और अपनी गलतियों से सीखें। धीरे-धीरे आपकी स्केटिंग में सुधार होगा और आप अधिक आत्मविश्वास महसूस करेंगे। इसके अलावा अलग-अलग सतहों पर स्केटिंग करने की कोशिश करें ताकि आप हर तरह के माहौल में सहज हो सकें। इससे आपकी तकनीक और संतुलन दोनों बेहतर होंगे और आप रोलर स्केटिंग का पूरा मजा ले सकेंगे।

**संतुलन बनाए रखें**

संतुलन बनाए रखना रोलर स्केटिंग का सबसे अहम हिस्सा है। हमेशा अपने वजन को दोनों पैरों पर बराबर रखें और घुटनों को थोड़ा मोड़कर रखें ताकि फिसलन बनी रहे। इसके अलावा हाथों को खुला रखें ताकि संतुलन बनाए रखना आसान हो। इन सरल टिप्स को अपनाकर आप रोलर स्केटिंग सीख सकते हैं और इसका पूरा मजा ले सकते हैं। याद रखें कि किसी भी नई गतिविधि को सीखने में समय लगता है, इसलिए धैर्य रखें और नियमित अभ्यास करें।

# "जनहित और समाज सेवा के लिए मेरा समर्पण हमेशा जारी रहेगा" : परमजीत सिंह पम्मा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**दिल्ली।** नेशनल अकाली दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सदर बाजार बारी मार्केट ट्रेड एसोसिएशन के अध्यक्ष परमजीत सिंह पम्मा का जन्मदिवस सदर बाजार में व्यापारियों, समाजसेवियों तथा विभिन्न

**नेशनल अकाली दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष परमजीत सिंह पम्मा का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया**

सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा बड़े उत्साह, हर्षोल्लास और गर्मजोशी के साथ मनाया गया।इस अवसर पर आयोजित समारोह में बड़ी संख्या में व्यापारियों, सामाजिक कार्यकताओं, युवाओं एवं गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में सदर बाजार थाना के एसएचओ सहदेव सिंह तोमर, फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेडर्स एसोसिएशन के महासचिव कमल कुमार, कोषाध्यक्ष दीपक मित्तल, बारी मार्केट के वरिष्ठ उपाध्यक्ष वरिंदर आर्य, कुलदीप सिंह, उपाध्यक्ष सुनील पुरी, राजेश कुमार, कोषाध्यक्ष राजीव सोहर, सचिन गगन खन्ना, अभय सभरवाल, शेखर कटारिया सहित अनेक प्रमुख व्यापारी एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

उपस्थित अतिथियों ने परमजीत सिंह पम्मा को जन्मदिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु एवं निरंतर जनसेवा के लिए मंगलकामनाएं व्यक्त कीं। कार्यक्रम के दौरान केक काटकर जन्मदिवस मनाया गया तथा पुष्पगुच्छ, स्मृति-चिन्ह एवं सम्मान-पत्र भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया।



वहीं दूसरी ओर कीर्ति नगर में नेशनल अकाली दल दिल्ली प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनमीत सिंह आनंद एवं प्रदेश उपाध्यक्ष त्रिलोचन सिंह ने भी पम्मा जी का जन्मदिवस केक काटकर उत्साहपूर्वक मनाया तथा उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित कीं। अपने संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि परमजीत सिंह पम्मा पिछले कई वर्षों से व्यापारियों के हितों की रक्षा, सामाजिक सरोकारों तथा जनकल्याण से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाते रहे हैं। उन्होंने सदर बाजार के व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर संघर्ष किया है तथा समाज सेवा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय योगदान दिया है। उनके नेतृत्व में अनेक जनहितकारी अभियान एवं सामाजिक गतिविधियां सफलतापूर्वक संचालित हुई हैं, जिनसे समाज के विभिन्न वर्गों को लाभ मिला है।

इस अवसर पर परमजीत सिंह पम्मा ने सभी शुभचिंतकों, व्यापारियों एवं समाजसेवियों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें मिला यह स्नेह, सम्मान और विश्वास उनके लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि भविष्य में भी वे समाज, व्यापारिक वर्ग तथा जनहित से जुड़े मुद्दों के लिए पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करते रहेंगे।

# अग्नि सुरक्षा मानकों में खामियां मिलने पर छह शिक्षण केंद्रों पर कार्रवाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** नगर में संचालित कोचिंग संस्थानों और अध्ययन केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था परखी गई। प्रशासन और अग्निशमन विभाग की संयुक्त टीम ने बुधवार को विभिन्न स्थानों पर निरीक्षण अभियान चलाकर अग्नि सुरक्षा मानकों का जायजा लिया। जांच के दौरान आवश्यक सुरक्षा प्रबंध नहीं मिलने पर छह संस्थानों को सील कर दिया गया।



निरीक्षण अभियान नायब तहसीलदार अमरपाल सिंह और अग्निशमन केंद्र प्रभारी सचिन बालियान के नेतृत्व में चलाया गया। टीम ने भवनों में आपातकालीन निकास, अग्निशमन यंत्र, सुरक्षा संकेतक और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जांच की। कई संस्थानों में नियमों के अनुरूप व्यवस्थाएं न मिलने पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए कार्रवाई की।



अभियान की खबर फैलते ही अन्य कोचिंग संचालकों में हलचल मच गई। कई स्थानों पर संस्थान बंद मिले, जबकि कुछ संचालक आवश्यक दस्तावेज और सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने में जुटे दिखाई दिए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाले संस्थानों के विरुद्ध आगे भी नियमित जांच और कार्रवाई जारी रहेगी।

# सुभारती इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड इंजीनियरिंग में छह दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आगाज


बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के सुभारती इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड इंजीनियरिंग में एआईसीटीई आइडिया लैब के तत्वावधान में छह दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का भव्य शुभारंभ किया गया। आधुनिक तकनीकों, नवाचार, अनुसंधान एवं उद्योग 4.0 से जुड़े अत्याधुनिक उपकरणों और तकनीकी कौशल से शिक्षकों को

**ए.आई.सी.टी.ई. आइडिया लैब के तत्वावधान में शिक्षकों को मिलेगा अत्याधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण, प्राणिक हीलिंग सत्र ने किया सकारात्मक ऊर्जा का संचार**

सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित इस विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के संकाय सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों को एआईसीटीई आइडिया लैब की ओर से प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे। विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रो. (डॉ.) शल्या राज ने कार्यक्रम के शुभारंभ पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा और तकनीक का समन्वय ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षण की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम शिक्षकों को नई तकनीकों से जोड़ने, नवाचार की संस्कृति को प्रोत्साहित करने और विद्यार्थियों को तकनीक आधारित एवं रोजगारोन्मुख शिक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि अर्जित ज्ञान को विद्यार्थियों तक पहुंचाकर वे देश के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। सुभारती इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड इंजीनियरिंग के डीन प्रो. (डॉ.) मनोज कपिल ने सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि तेजी से बदलते तकनीकी परिवेश में निरंतर सीखना और स्वयं को अद्यतन रखना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण





कार्यक्रम शिक्षकों को नवीनतम तकनीकों से परिचित कराएगा, जिससे वे विद्यार्थियों को व्यावहारिक, कौशल आधारित और रोजगारपरक शिक्षा प्रदान करने में सक्षम होंगे। साथ ही यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को नवाचार, अनुसंधान और उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देगा। कार्यक्रम के प्रथम दिन के मुख्य वक्ता श्री विजय कुमार रहे, जो भारतीय सेना के पूर्व धार्मिक शिक्षक हैं और व्यक्तित्व विकास, मानसिक स्वास्थ्य तथा सकारात्मक जीवन शैली के क्षेत्र में विशेष अनुभव रखते हैं। प्रथम सत्र की शुरूआत उनके सानिध्य में ह्यप्राणिक हीलिंगह्व विषय पर हुई। उन्होंने प्रतिभागियों को ऊर्जा आधारित हीलिंग प्रणाली, मानसिक संतुलन, तनाव प्रबंधन और सकारात्मक ऊर्जा के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि प्राणिक हीलिंग की स्थापना ग्रैंड मास्टर चाओ कॉक स्वी द्वारा की गई थी और आज यह पद्धति विश्व के 120 से अधिक देशों में अपनाई जा रही है। इस सत्र के माध्यम से संकाय सदस्यों को मानसिक स्पष्टता, सकारात्मक सोच, आत्मिक ऊर्जा के विकास तथा व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में संतुलन बनाए रखने के प्रभावी उपाय बताए गए। इसके पश्चात निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार तकनीकी सत्रों का शुभारंभ किया गया। छह दिवसीय इस एफडीपी में प्रतिभागियों को केवल सैद्धांतिक जानकारी ही नहीं, बल्कि अत्याधुनिक मशीनों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण और लाइव डेमोंस्ट्रेशन भी प्रदान किए जाएंगे।

कार्यक्रम के अंतर्गत एडवांस मैन्युफैक्चरिंग एवं फैब्रिकेशन, पारंपरिक एवं ऑटोमेटेड टूल्स, फ्यूचरिस्टिक टेक्नोलॉजीज, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स , रोबोटिक्स, नवाचार एवं स्टार्टअप संस्कृति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञ प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह कार्यक्रम शिक्षकों को नई तकनीकों से लैस करने के साथ-साथ आत्मनिर्भर भारत, अनुसंधान, नवाचार और स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ावा देने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध होगा।

इस छह दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के मुख्य समन्वयक इंजीनियर अजय चौधरी एवं डॉ. हिमांशु हैं, जिनके कुशल मार्गदर्शन और समर्पित प्रयासों से कार्यक्रम का सफल आयोजन किया जा रहा है। दोनों समन्वयकों ने प्रतिभागियों से प्रत्येक सत्र में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने और प्रशिक्षण का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया। उत्साह, नवाचार और तकनीकी उत्कृष्टता के संकल्प के साथ प्रारंभ हुआ यह कार्यक्रम आने वाले दिनों में शिक्षकों को आधुनिक तकनीकों से सशक्त बनाने और उच्च शिक्षा में नवाचार आधारित शिक्षण संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।

# दिल्ली सरकार का ऐतिहासिक निर्णय, व्यापार और उद्योग को मिलेगा नया प्रोत्साहन: डॉ. कपिल चोपड़ा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**दिल्ली।** सरकार द्वारा व्यापार, उद्योग और सेवा क्षेत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लिया गया हालिया निर्णय राजधानी के कारोबारी जगत के लिए एक बड़ी राहत और सकारात्मक पहल साबित होगा। इसी क्रम में एपेक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, दिल्ली एनसीटी के अध्यक्ष डॉ. कपिल चोपड़ा ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता तथा दिल्ली सरकार का आभार व्यक्त करते हुए इस फैसले का स्वागत किया है।

डॉ. कपिल चोपड़ा ने कहा कि दिल्ली सरकार ने नागरिकों और उद्यमियों को निर्धारित समय सीमा में सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में सराहनीय कदम उठाया है। अब कोई भी व्यक्ति मात्र एक दिन में दुकान का पंजीकरण करा सकेगा, जबकि फैक्टरी स्थापना की मंजूरी 15 दिनों के भीतर प्राप्त हो सकेगी। इससे न केवल व्यापारिक गतिविधियों को गति मिलेगी, बल्कि निवेश और रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।उन्होंने बताया कि बिजली कनेक्शन, सीवरेज कनेक्शन, होटल पंजीकरण, फिल्म शूटिंग की अनुमति सहित कई महत्वपूर्ण सेवाओं के लिए अब



लोगों को सरकारी कार्यालयों के बार-बार चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। दिल्ली सरकार ने इन सेवाओं को तय समय सीमा में उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है, जिससे पारदर्शिता और प्रशासनिक दक्षता में वृद्धि होगी। डॉ. चोपड़ा ने कहा कि दिल्ली राइट ऑफ सिटिजन टू टाइम बाउंड डिलीवरी ऑफ सर्विसेज एक्ट, 2011 के अंतर्गत पहले से ही 500 से अधिक सेवाएं निर्धारित समय सीमा में प्रदान की जा रही हैं। अब 23 नई सेवाओं को भी समयबद्ध सेवा वितरण व्यवस्था में शामिल किया गया है, जिससे उद्योग, व्यापार, होटल, पर्यटन, निर्माण तथा सेवा क्षेत्र से जुड़े हजारों कारोबारियों और आम नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार द्वारा लिए जा रहे ऐसे जनहितकारी और व्यापार हितैषी निर्णय राजधानी को निवेश और उद्यमिता के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। साथ ही उन्होंने इस दूरदर्शी पहल के लिए दिल्ली सरकार के प्रति हार्दिक आभार और शुभकामनाएं व्यक्त कीं।

# नीरव मोदी को लंदन कोर्ट से झटका, बैंक ऑफ इंडिया को देने होंगे 100 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत में घोषित भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी को लंदन की कोर्ट में तगड़ा



झटका लगा है। यह मामला बैंक ऑफ इंडिया की ओर से दिए गए कर्ज से जुड़ा है। कोर्ट ने मोदी को दुबई स्थित फायरस्टार ग्रुप की कंपनी को दिए गए कर्ज से जुड़ी व्यक्तिगत गारंटी के तहत 1.07 करोड़ डॉलर (करीब 100 करोड़ रुपये) का भुगतान करने का निर्देश दिया है। लंदन सर्किट कमर्शियल कोर्ट ने कहा कि बैंक राशि का हकदार है।

दरअसल, बैंक ऑफ इंडिया ने जुलाई 2012 में दुबई स्थित फायरस्टार ग्रुप की इकाई फायरस्टार डायमंड एफजेडई को कर्ज दिया था। बैंक का कहना है कि मोदी ने व्यक्तिगत गारंटी दी थी, जिसमें डिफॉल्ट की स्थिति में बकाया राशि चुकाने की जिम्मेदारी ली थी। जब मीडिया में मोदी और उसके चाचा मेहुल चोकसी के धोखाधड़ी के मामले सामने आए, तब बैंक ने 2018 में कर्ज वापस लेने की प्रक्रिया शुरू की और पत्र भेजा। मोदी ने इसे चुनौती दी थी।

# Nitya Garg & Associates LLP के नए कार्यालय का शुभारंभ आज, गणेश पूजन एवं आशीर्वाद समारोह का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली।** विधिक सेवाओं के क्षेत्र में एक नई शुरूआत करते हुए Nitya Garg & Associates LLPके नए कार्यालय का शुभारंभ 25 जून 2026 (गुरुवार) को गणेश पूजन एवं आशीर्वाद समारोह के साथ किया जाएगा। इस अवसर पर अधिवक्ताओं, व्यवसायियों, गणमान्य नागरिकों तथा शुभचिंतकों को सादर आमंत्रित किया गया है। फर्म की ओर से जारी आमंत्रण के अनुसार, कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 9:30 बजे से ए-15, प्रथम तल, जवाहर पार्क, हीरा स्वीट्स के निकट, लक्ष्मी नगर, दिल्ली-110092 स्थित नए कार्यालय में होगा। फर्म की संस्थापक नित्या गर्ग ने बताया कि यह शुभारंभ केवल नए कार्यालय की शुरूआत नहीं, बल्कि विधिक परामर्श, वाद-विवाद, कॉर्पोरेट कानून, कराधान, अनुपालन तथा व्यवसायिक

**विश्वास, पारदर्शिता, नैतिकता और उत्कृष्टता को आधार बनाकर ग्राहकों को बेहतर कानूनी सेवाएं प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है**

समाधान के क्षेत्र में एक नए संकल्प और नई यात्रा का आरंभ है। उन्होंने कहा कि विश्वास, पारदर्शिता, नैतिकता और उत्कृष्टता को आधार बनाकर ग्राहकों को बेहतर कानूनी सेवाएं प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है।

# रूमी गेट पर ए-स्क्वायर फैशन वा साहिल फाउंडेशन के द्वारा सबील-ए-इमाम हुसैन का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** मुहर्रम का महीना शुरू होने के पवित्र अवसर पर परंपरा और सेवा का एक सुंदर दृश्य देखने को मिला। पुराने लखनऊ के ऐतिहासिक रूमी गेट पर 'ए-स्क्वायर फैशन वा साहिल फाउंडेशन ' की ओर से सबील-ए-इमाम हुसैन का भव्य आयोजन किया गया। इस सबील के माध्यम से कर्बला के शहीदों की याद में मुहर्रम के जुलूसों में शामिल अजादारों और दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं की सेवा की गई। भीषण गर्मी और उमस के बीच आयोजित की गई इस सबील में




टीम के सदस्यों द्वारा अजादारों और आम राहगीरों को ठंडा पानी, विशेष रूप से तैयार शरबत और अन्य शीतल पेय पदार्थ वितरित किए गए। सबील पर सेवा देने वाले युवाओं का उत्साह देखते ही बनता था, जो पूरी अकीदत के साथ लोगों की प्यास बुझाने में जुटे रहे।इस सेवा कार्य और आयोजन को सफल बनाने में ए-स्क्वायर फैशन वा साहिल फाउंडेशन की टीम के प्रमुख सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सबील के दौरान मुख्य रूप से एडवोकेट सैयद अली, वरिष्ठ पत्रकार एस. एम. शादाब, एडवोकेट जीशान गाजी और मीर आकिब बुलेट मौजूद रहे।

इनके साथ ही शहनवाज अंसारी, आशिर तारिक, फरहान किदवई, आमिर अंसारी, जक्कि हुसैन, अदनान खान, फरहद हुसैन और रेहान ने भी अपनी सक्रिय सेवाएं दीं और व्यवस्था संभाली।

# हर साल की भांति इस साल भी पुलिस चौकी छितवापुर में बनाया गया भंडारा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ ।** ज्येष्ठ माह के अंतिम मंगलवार के अवसर पर कोतवाली हुसैनगंज क्षेत्र स्थित पुलिस चौकी छितवापुर में हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी श्रद्धा और उत्साह के साथ भंडारे का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया` कार्यक्रम का शुभारम्भ सुन्दरकांड पाठ और भगवान हनुमान जी की विधिवत पूजा अर्चन करके किया गया ।

इस अवसर पर एसीपी रजनीश वर्मा, एसओ शिवमंगल सिंह, चौकी प्रभारी गौरव सिंह, शिवम वर्मा, सब इंस्पेक्टर(इंचार्ज) संजय दुबे, हेड कांस्टेबल मनीष तिवारी, नीलेश पाल, कांस्टेबल अनूप यादव आदि उपस्थित रहे इस भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया तथा इस धार्मिक आयोजन में सहभागिता भी निभाया। आयोजन के दौरान



श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया। हेड कांस्टेबल नीलेश पाल से बात करते समय उन्होंने बताया कि पुलिस चौकी छितवापुर में भंडारे का आयोजन हर साल अंतिम बड़े मंगल को धूमधाम से किया जाता हैं ।उन्होंने यह भी बताया कि यह आयोजन क्षेत्र में सामाजिक समरसता, धार्मिक आस्था और जनसहभागिता का प्रतीक बन चुका हैं, जिसमें हर साल बड़ी संख्या में श्रद्धालु आकर प्रसाद ग्रहण करते है। स्थानीय लोगों ने पुलिस चौकी के द्वारा आयोजित इस धार्मिक एवं सामाजिक पहल की सराहने करते हुए इस आयोजन की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की ।

संदेश

## राष्ट्रीय चरित्र निर्माण से ही सशक्त भारत का सपना साकार : ओम सिंह राणा

# ग्राम जावन में उन्मुक्त भारत की प्रेरणादायी गोष्ठी, युवाओं को राष्ट्रभक्ति और नैतिक मूल्यों का दिया संदेश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** अभिनव भारत चैरिटेबल ट्रस्ट की कार्यकारी इकाई उन्मुक्त भारत द्वारा जनपद मुजफ्फरनगर की खतौली तहसील अंतर्गत ग्राम जावन में ह्यराष्ट्रीय चरित्र निर्माण विषय पर एक प्रेरणादायी गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कार्यकारी इकाई के प्रतिनिधि श्री ओम सिंह राणा एवं श्री कमरपाल फौजी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में श्री कमरपाल फौजी ने व्यक्तिगत चरित्र निर्माण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किसी भी राष्ट्र की उन्नति उसके नागरिकों के नैतिक मूल्यों, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि समाज और राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव उत्तम चरित्र से ही रखी जा सकती है। इस अवसर पर उन्होंने केंद्र सरकार की ह्यराहवीर योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की तत्काल सहायता करने वाले नागरिकों को सरकार द्वारा 25,000 तक की पुरस्कार राशि प्रदान की जाती है। इसके साथ ही दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति के उपचार हेतु सात दिनों तक अथवा 1.5 लाख तक की चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने का भी प्रावधान है। उन्होंने लोगों से अपील की कि सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की सहायता कर मानवता का परिचय दें। मुख्य वक्ता




श्री ओम सिंह राणा ने देश के स्वतंत्रता सेनानियों, शहीदों और क्रांतिकारियों के अमूल्य योगदान को स्मरण करते हुए विशेष रूप से नेताजी सुभाष चन्द्र बोस एवं उनकी आजाद हिन्द फौज के गौरवशाली इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राष्ट्रभक्ति, अनुशासन, त्याग और सुदृढ़ चरित्र ही एक शक्तिशाली और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की आधारशिला हैं। उन्होंने उपस्थित युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि यदि भारत को विश्वगुरु बनाना है तो युवाओं को अपने व्यक्तित्व में राष्ट्रप्रेम, सामाजिक उत्तरदायित्व और नैतिक मूल्यों को आत्मसात करना होगा। इस दौरान उन्होंने सुभारती परिवार द्वारा 21 अक्टूबर को ह्यअखंड भारत स्वतंत्रता दिवस को भव्य एवं गरिमामय रूप से मनाने की प्रस्तावित योजना की भी विस्तृत जानकारी साझा की।गोष्ठी में ग्राम जावन, मुजाहिदपुर एवं गालिबपुर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

उपस्थित प्रमुख व्यक्तियों में श्री अजय सोम (मुजाहिदपुर), श्री श्यामसुंदर शर्मा, श्री स्वराज सिंह, श्री जितेंद्र सिंह, श्री राकेश सिंह, श्री अमित तोमर, श्री दीप फौजी, श्री कप्तान राणा, श्री रोहित सिंह, श्री अजय सिंह, श्री कपिल कुमार, श्री अनुज कुमार, श्री पंकज कुमार, श्री हिमांशु कुमार, श्री हरीराज, श्री सुधांशु कुमार, श्री नीरज कुमार, श्री हेमराज सिंह, श्री गगन कुमार, श्री बृजपाल सिंह, श्री दुष्यंत कुमार, श्री सोनू सिंह, श्री पवन कुमार, श्री मोहित सिंह एवं श्री विजेंद्र सिंह सहित अनेक क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारम्भ ह्यवंदे मातरम एवं ह्यजय हिन्द के उद्घोष के साथ हुआ तथा समापन अखंड भारत के राष्ट्रगान के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रभक्ति, सामाजिक चेतना और राष्ट्रीय चरित्र निर्माण के प्रति लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया।
अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267